आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 110 | उज्जैन, बुधवार 06 मई, 2026 | ज्येष्ठ कृष्ण 5 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

# पश्चिम बंगाल- 10 साल में भाजपा 3 से 207 सीटों पर पहुंची

## तमिलनाडु में विजय की 2 साल पुरानी पार्टी जीती, केरलम में कांग्रेस, असम में भाजपा सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के रिजल्ट सोमवार को आए। पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरलम में सरकारें बदल गईं। असम और पुडुचेरी में एनडीए ने वापसी की। बंगाल में टीएमसी को हराकर भाजपा पहली बार सत्ता में आई। पार्टी दस साल में 3 सीटों से 207 सीटों पर पहुंच गई है। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की पार्टी टीवीके ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें डीएमके या एआईएडीएमके नहीं होगी। दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन चुनाव हार गए।



### बंगाल में 15 साल बाद ममता का राज खत्म

- **भाजपा का 70% स्ट्राइक रेट:** बंगाल में भाजपा ने 293 में से 206 सीटें जीतकर करीब 70% का स्ट्राइक रेट हासिल किया। वहीं, टीएमसी 81 सीटों पर सिमट गई और उसका स्ट्राइक रेट करीब 27.6% रहा।
- **ममता समेत 22 मंत्री हारे:** सीएम ममता समेत 35 मंत्रियों में से 22 चुनाव हार गए। ममता के पास होम मिनिस्ट्री समेत 7 महत्वपूर्ण मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। महिला और बाल कल्याण मंत्री शशि पांजा, उदयन गुहा, ब्रत्य बसु, चंद्रिमा भट्टाचार्य, सुजीत बसु, सिद्दीकुल्लाह चौधरी, रथिन घोष, बेचाराम मन्ना, बिरबाहा हंसदा, मोलय घटक को हार का सामना करना पड़ा है।
- **पहली बार राज्य और केंद्र में एक ही पार्टी की सरकार:** 1972 के बाद पहली बार पश्चिम बंगाल में अब ऐसी पार्टी की सरकार होगी, जो केंद्र में भी सत्ता में है। 1972 में राज्य में कांग्रेस ने 216 सीटें जीतीं थीं और उस वक्त केंद्र में इंदिरा गांधी की सरकार थी। बांग्लादेश सीमा, घुसपैठ और प्रशासनिक नियंत्रण जैसे मुद्दों पर भी सख्ती हो सकती है। मोदी ने सोमवार को पार्टी मुख्यालय में इसका ऐलान भी किया।
- **राज्य में नॉर्थ से साउथ तक बीजेपी:** साउथ बंगाल पहले टीएमसी का मजबूत गढ़ था, यहां बीजेपी ने सबसे ज्यादा 33 सीटें जीतीं। नॉर्थ 24 परगना में बीजेपी ने 18 सीटें जीत लीं। टीएमसी को यहां 15 सीटें मिलीं। पूर्वी मेदिनीपुर में बीजेपी ने 16 और हुगली में 15 सीटें जीतीं। नॉर्थ बंगाल की 54 सीटों में बीजेपी ने 27 सीटें जीतीं। मालदा में बीजेपी को 8 और टीएमसी को 4 सीटें मिलीं।

### 9 मई को नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण

बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण की तारीख सामने आ गई है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य के अनुसार, नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण 9 मई को आयोजित किया जाएगा। राज्य विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 206 सीटों पर कब्जा जमाया है। जबकि सत्ताधारी दल रही टीएमसी को मात्र 80 सीटें मिली हैं। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के बाद अब सभी की निगाहें राज्य में भाजपा के मुख्यमंत्री चेहरे और शपथ ग्रहण की तारीख पर टिक गई हैं। इसी सवाल का जवाब देते हुए राज्य भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने बड़ा अपडेट दिया है, उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह 9 मई को आयोजित किया जाएगा।

**भाजपा का वोट शेयर 7.50% बढ़ा**

### मैं इस्तीफा नहीं दूंगी : ममता



**हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं, मैं आजाद पंछी, शेर की तरह लड़ूंगी**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि वह सीएम पद से इस्तीफा नहीं देंगी। ममता ने कहा- हम जनादेश नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी। ममता ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया- भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। ममता ने कहा- पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं। हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे।



**पश्चिम बंगाल**

| पार्टी | सीटें | |
|---|---|---|
| बीजेपी | 207 | सीटें मिली |
| टीएमसी | 80 | सीटें मिली |
| कांग्रेस | 02 | सीटें मिली |
| लेफ्ट | 02 | सीटें मिली |

**तमिलनाडु**

| पार्टी | सीटें | |
|---|---|---|
| टीवीके | 107 | सीटें जीते |
| अन्नाद्रमुक | 51 | सीटें जीते |
| डीएमके | 65 | सीटें जीते |
| अन्य | 11 | सीटें जीते |

**केरलम्**

| पार्टी | सीटें | |
|---|---|---|
| यूडीएफ | 102 | सीटें जीते |
| एलडीएफ | 35 | सीटें जीते |
| एनडीए | 03 | सीटें जीते |
| अन्य | 00 | सीटें |

**असम**

| पार्टी | सीटें | |
|---|---|---|
| भाजपा | 102 | सीटें जीते |
| कांग्रेस | 21 | सीटें जीते |
| अन्य | 03 | सीटें जीते |

**पुडुचेरी**

| पार्टी | सीटें | |
|---|---|---|
| एनडीए | 18 | सीटें जीते |
| कांग्रेस | 06 | सीटें जीते |
| अन्य | 06 | सीटें जीते |

## देश विदेश

### जहां राहुल-भूपेश के कदम पड़ेंगे, वहां कांग्रेस की हार तय

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजनीति में वार-पलटवार का दौर एक बार फिर गरमा गया है। हालिया चुनाव परिणामों के बाद प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस आलाकमान पर तीखा हमला बोला है। साव ने दो टूक शब्दों में कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता के बाद अब दूसरे राज्यों की जनता ने भी कांग्रेस की नीतियों को नकारना शुरू कर दिया है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भूपेश बघेल और राहुल गांधी की जोड़ी पर निशाना साधते हुए कहा भूपेश बघेल को छत्तीसगढ़ की जनता पहले ही खारिज कर चुकी है। अब दूसरे राज्यों के लोग उन्हें क्यों सुनेंगे? इतिहास गवाह है कि जहाँ-जहाँ राहुल गांधी और भूपेश बघेल के पैर पड़ेंगे, वहां कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ेगा। उन्होंने यह भी जोड़ा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस अब तक 99 चुनाव हार चुकी है, जो पार्टी की गिरती साख का प्रमाण है।

### ममता बनर्जी की हार पर विवेक अग्निहोत्री हुए खुश



**बंगाल में हमारे साथ मारपीट करवाई, हमले करवाए, अब लोग निडर सिर ऊंचा कर चलेंगे**

**मुंबई।** 4 मई को पश्चिम बंगाल के चुनाव के नतीजे घोषित हुए, जिसमें मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भारी मतों से हार गईं। चुनाव का नतीजा आने के बाद अब द कश्मीर फाइल्स और द बंगाल फाइल्स बना चुके विवेक रंजन अग्निहोत्री ने ममता बनर्जी पर तंज कसते हुए उनकी हार पर खुशी जाहिर की है। उनका दावा है कि ममता बनर्जी ने उन्हें बंगाल से बैन किया था, जिसके चलते उन्हें बंगाल जाने की अनुमति नहीं दी गई और वो अवॉर्ड लेने तक नहीं जा सके। विवेक का कहना है कि बंगाल की जनता इसके बाद निडर होकर जिएगी। विवेक रंजन अग्निहोत्री ने द बंगाल फाइल्स की रिलीज रोके जाने से जुड़ा एक पुराना वीडियो जारी कर लिखा, दोबारा कभी नहीं। जो लोग नहीं जानते, उनके लिए, ममता बनर्जी ने मुझे बंगाल में रोक दिया था, जब द कश्मीर फाइल्स रिलीज हुई थी। इस फिल्म को सिनेमाघरों से हटा दिया गया था और उन्होंने कहा था कि मुझे बंगाल में आने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा अभी बहुत काम करना बाकी : ट्रंप

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे। यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रम्प ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरूआत ही है और बहुत काम बाकी है। ट्रम्प अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपनी उम्र को लेकर भी मजाक किया। उन्होंने कहा, मैं बुजुर्ग नहीं हूं, मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था। इससे पहले भी ट्रम्प कई बार तीसरे टर्म का संकेत दे चुके हैं। इससे पहले एंडी ओगल्स ने 23 जनवरी 2025 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया था।

**दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर भीषण हादसा**

## ट्राले की टक्कर से सीएनजी कार में आग लगी, चालक की मौत, पिता-पुत्री घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ रतलाम

दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर मंगलवार दोपहर एक हदयविदारक हादसा सामने आया। शिवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बावड़ी के समीप एक अनियंत्रित ट्राले ने चलती सीएनजी आर्टिगा कार को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार ने तुरंत आग पकड़ ली। इस भीषण अग्निकांड में कार चालक की मौके पर ही जलकर मौत हो गई, जबकि कार में सवार पिता-पुत्री गंभीर रूप से झुलस गए हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, झाबुआ जिले के मेघनगर का एक परिवार कार से रतलाम की ओर आ रहा था। कार में नरेंद्र (पिता), उनकी पुत्री निशा और चालक रोहित सवार थे। नरेंद्र अपनी बेटी निशा को परीक्षा दिलाने के लिए रतलाम लेकर जा रहे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे जैसे ही उनकी कार बावड़ी के पास पहुंची, आगे चल रहे एक ट्राले से टकराने के बाद वाहन में अचानक आग लग गई।



**ग्रामीणों ने दिखाई तत्परता**

हादसे के बाद कार आग का गोला बन गई। आसपास मौजूद ग्रामीणों ने मानवता का परिचय देते हुए अपनी जान जोखिम में डालकर जलती कार से घायलों को बाहर निकाला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। हादसे में ड्राइवर रोहित पिता जानिया 28 वर्ष, निवासी मेघनगर की मौके पर ही झुलसने से मौत हो गई। जबकि नरेंद्र पिता शांतिलाल और उनकी पुत्री निशा दोनों को गंभीर अवस्था में एंबुलेंस द्वारा रतलाम मेडिकल कॉलेज भर्ती कराया गया है, जहाँ उनका उपचार जारी है।

## सड़क हादसे में 4 पुलिसवालों समेत 5 की मौत

एजेंसी ▶▶ जालौन

यूपी के जालौन के 4 पुलिसकर्मियों समेत 5 की हरियाणा के नूंह में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे एक्सप्रेस-वे पर हुआ। मरने वालों में 2 दरोगा, 2 सिपाही और ड्राइवर शामिल हैं। पुलिसकर्मी अपहरण के मामले में स्कॉर्पियो से दबिश देने गए थे। लौटते वक्त ड्राइवर ने एक्सप्रेस-वे पर ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद पांचों पुलिसकर्मियों के शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए। पुलिसकर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। चारों पुलिसकर्मी जालौन की उरई कोतवाली में तैनात थे।

## उज्जैन में गेहूं उपार्जन केंद्र पहुंचे सीएम डॉ. मोहन यादव

### वेयर हाउस की क्षमता बढ़ाने के दिए निर्देश



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार को अचानक नागझिरी स्थित अडानी एग्रो साइलो उपार्जन केंद्र पहुंच गए। सीएम सुविधाएं देख खुश भी हुए और उन्होंने किसानों से बातचीत कर उपार्जन केंद्र में मिल रही सुविधा पर अधिकारियों को अन्य उपार्जन केंद्रों पर इसी तरह की सुविधा देने के दिशा-निर्देश भी दिए हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि उपार्जन केंद्र की व्यवस्था देखने मैं स्वयं भी खरगोन के महेश्वर विधानसभा के पास के गांव में अंदर गया था। फिर शाजापुर जिले के अंतर्गत एक विधानसभा के अंदर वहां भी गेहूं उपार्जन देखा। आज उज्जैन के अंदर गेहूं उपार्जन देखा। अब स्लॉट बुकिंग भी करीब-करीब सबकी हो चुकी है। आज तक 40 लाख मीट्रिक टन से ज्यादा गेहूं का उपार्जन या खरीदी हो चुकी है। चना, मसूर की भी समानांतर रूप से सबका खरीदी लगातार चल रही है।

## प्रदेश में बनेगा व्यापारी कल्याण बोर्ड, मुख्यमंत्री होंगे अध्यक्ष

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक हुई। कैबिनेट में निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की तर्ज पर मप्र व्यापार कल्याण बोर्ड का गठन होगा। इसके अध्यक्ष सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे। इसमें 8 विभागों के अलावा अशासकीय सदस्य भी बोर्ड में शामिल होंगे। साथ ही जिला स्तर पर बोर्ड का गठन कर सदस्यों को शामिल किया जाएगा। इसमें राजनीतिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि भी रहेंगे।

**यूएई में 3 भारतीयों के घायल होने पर भारत नाराज**

## इसे स्वीकार नहीं करेंगे : मोदी

एजेंसी ▶▶ तेहरान

यूएई के फुजैराह में ऑयल पोर्ट पर ईरानी हमले को लेकर भारत ने विरोध जताया है। इस हमले में 3 तीन भारतीय नागरिक घायल हुए हैं, जिनका इलाज जारी है। भारत ने सभी पक्षों से तुरंत हिंसा बंद करने और आम लोगों को निशाना नहीं बनाने की अपील की है। भारत ने यह भी कहा कि अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही बिना रुकावट जारी रहनी चाहिए। पीएम मोदी ने भी इस घटना को लेकर पोस्ट किया और कहा कि आम लोगों और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाना स्वीकार नहीं किया जाएगा। ईरान ने यूएई के फुजैराह में एक पेट्रोलियम प्लांट पर ड्रोन हमला किया। इससे इंडस्ट्री एरिया में आग भड़क उठी। इसमें 3 भारतीय भी घायल हुए हैं।

## इंडिगो फ्लाइट में पावर बैंक ब्लास्ट

### 5 पैसेंजर घायल, बैग में रखा था, हैदराबाद से चंडीगढ़ आई फ्लाइट में 198 यात्री सवार थे

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

हैदराबाद से चंडीगढ़ आ रही इंडिगो फ्लाइट 6ए 108 में मंगलवार को पावर बैंक में ब्लास्ट हो गया। इससे 5 यात्री घायल हो गए। पावर बैंक एक यात्री के बैग में रखा था।

घटना उस समय हुई, जब फ्लाइट एयरपोर्ट पर खड़ी थी। हादसे के बाद फ्लाइट में धुआं भर गया, जिससे यात्री घबरा गए। यात्रियों को वहां से निकाला गया। कुछ फोटो भी लोगों ने शेयर किए हैं। जिसमें एक महिला को एंबुलेंस में रखा गया था। क्रू मेंबर्स ने तुरंत फायर सेफ्टी उपकरणों



का इस्तेमाल कर आग पर काबू पाया। अभी तक यह साफ नहीं हुआ के पावर बैंक ब्लास्ट कैसे हुआ। पुलिस और एयरपोर्ट अथारिटी की टीमें जांच कर रही है।

**विमान तुरंत खाली कराया**

इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तुरंत विमान खाली कराया गया और संबंधित अधिकारियों को तुरंत सूचना दी गई। सभी यात्रियों को सुरक्षित तरीके से टर्मिनल तक पहुंचाया गया, जहां एयरलाइन की टीम उनकी सहायता में जुटी रही। एयरलाइन के अनुसार विमान को दोबारा संचालन में लाने से पहले जरूरी तकनीकी जांच की जाएगी। इंडिगो ने कहा कि यात्रियों और क्रू की सुरक्षा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।



405, शगुन टॉवर, अपना स्वीट्स विजय नगर चौराहा, इंदौर
FOLLOW @Official_sosInfrabulls/@mahantagroup
गूंजन श्रीवास्तव 98263 96368

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## एक हजार से अधिक बैरिकेड्स बनाए जाएंगे 3.20 करोड़ लागत से

# सिंहस्थ 2028 के लिए श्री महाकाल मंदिर में लगेगी 80 नई दान पेटियां

## मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में दर्शन एवं आरती व्यवस्था में तकनीकी बदलाव

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति सिंहस्थ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए 3.20 करोड़ लागत से बैरिकेडस तैयार करवाने वाली है। इसमें एक हजार बेरिकेडस लोहे के रहेंगे। यही नहीं दान के लिए 80 पेटियां भी लगाने का निर्णय प्रबंध समिति ने लिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंदिर समिति का 29974.37 लाख का प्रस्तावित बजट पारित किया गया है।

श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की महत्वपूर्ण बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं अवसंरचना विकास के लिए बडे निर्णय लिए गए हैं। सोमवार देर शाम को कलेक्टर एवं अध्यक्ष मंदिर समिति रौशनकुमार सिंह की अध्यक्षता में श्री महाकाल महालोक कंट्रोल रूम स्थित मीटिंग हॉल में बैठक हुई थी। बैठक में मंदिर के प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं के विस्तार और आगामी सिंहस्थ-2028 की पूर्व तैयारियों को लेकर प्रमुख प्रस्तावों पर चर्चा कर उनका अनुमोदन किया गया।





### दर्शन, आरती व्यवस्था में तकनीकी बदलाव

संध्या एवं शयन आरती के महत्व के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष जोर दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक श्रद्धालु इन आरतियों के आध्यात्मिक महत्व से अवगत हो सकें।दर्शन व्यवस्था को और अधिक सुगम एवं व्यवस्थित बनाने हेतु दफआधारित फ्लैप बैरियर्स (QR-based flap barriers) स्थापित किए जाएंगे।

**बुनियादी ढांचा-** श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु महाकाल महालोक में 11 करोड़ की लागत से फैब्रिकेशन शेड स्थापित किए जाएंगे।

### डिजिटल नवाचार और बजट

वेबसाइट पर अन्नक्षेत्र मॉड्यूल प्रारंभ किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को अन्नदान/भोजन बुकिंग की ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध हो सकेगी तथा वे अग्रिम बुकिंग का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मंदिर समिति का 29974.37 लाख का प्रस्तावित बजट पारित किया गया।

### ये थे बैठक में

बैठक में पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा, महंत विनीत गिरी महाराज, मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### सिंहस्थ-28 की तैयारी और निर्णय

सिंहस्थ महापर्व को देखते हुए 80 नई स्टील दानपेटियों (50 बड़ी, 30 छोटी) के निर्माण का प्रस्ताव।सुरक्षा को मध्य नजर रखते हुए मंदिर ने दर्शनार्थियों की सुविधा दर्शन कतार प्रबंधन हेतु लगभग 1000 नग बैरिकेटस के लिए राशि रुपए 259.00 लाख एवं अधिक वजन एवं ऊंचाई के स्टेनलेस स्टील बैरिकेटस (हेवी) बनवाए जाने हेतु राशि रुपए 59.14 लाख स्वीकृत की गई। मंदिर कर्मचारियों को महंगाई भत्ते (डीए) के साथ वेतन भुगतान का अनुमोदन। मंदिर कंट्रोल रूम एवं महाकाल महालोक कंट्रोल रूम के एकीकरण, विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण का महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया, जिससे समस्त व्यवस्थाओं की निगरानी और संचालन और अधिक प्रभावी एवं समन्वित रूप से किया जा सके।

## एक बार फिर वृहद पौधारोपण

महाआयोजन को लेकर एक बार फिर से हमारा संदेश हराभरा महाआयोजन क्षेत्र की तैयारी हो रही है। यानिकी 1980 से लगायत 2016 में अब आने वाले महाआयोजन को भी शामिल किया जा रहा है। करीब पिछले 6 दशक में पंच द्वारपालों के दर्शन की यात्रा के मार्ग से लेकर महाआयोजन के क्षेत्र को हरा भरा करने के लिए हर बार एक बड़ा बजट खर्च किया गया, लेकिन उसके परिणाम खर्च के एवज में जो सामने आया है उससे सभी रूबरू हैं। एक बार नहीं हर बार महाआयोजन से पूर्व हरा भरा करने की दिशा में उठाए गए कदमों पर बाद में धूल डाल दी जाती है। पंच द्वारपालों के दर्शन की यात्रा मार्ग पर जाने वाले श्रद्धालु अब भी सूरज की तपन से बचने के लिए छांव ढूंढते फिरते हैं। मार्ग पर पिछले करीब 6 दशक में करोड़ों पौधों को लगाया गया लेकिन उनमें से कोडी के ही पनप सके। कुछ स्थानों पर रखरखाव एवं संरक्षण की स्थिति में सही में बेहतर हरियाली हुई है। उत्तर वाहिनी किनारे पर भी एक अफसर की योजना ने काम किया था और यहां पर जमकर पौधों ने हाईट पकड़ी थी। 29 किलोमीटर क्षेत्र में श्रद्धालुओं की स्नान के लिए किए जाने वाले निर्माण में कई स्थानों पर इस हरियाली को चोंट पहुंच रही है। क्षतिग्रस्त हो रही है। इस बार भी हरियाली को बढाने के लिए योजना तगड़ी है। अमल में लाने के लिए तैयारी की जा रही है। अब कितनी हरियाली मिलती है महाआयोजन में ये अलग बात है। खुसूर-फुसूर है कि करीब 6 दशक से इस व्यवस्था को देखते-देखते हो गए। महाआयोजन क्षेत्र में हरियाली के लिए बराबर हर बार प्रयास होते हैं लेकिन उसे सार्थकता नहीं मिल पा रही है। इसके उलट आसपास के क्षेत्र से भी हरे वृक्ष धीरे-धीरे गायब होते जा रहे हैं। इसके लिए क्षेत्रीय कृषकों को मेढ़ वृक्ष योजना में तैयार करते हुए फलदारों का रोपण करवाना चाहिए। यही नहीं जिम्मेदार बनाए जाने वालों को प्रत्येक रोपण के साथ संरक्षण एवं संवर्धन के लिए एक निश्चित रकम दी जाना चाहिए। इससे प्रोत्साहन भी मिलेगा और हरियाली भी। सरकारी जमीन पर जिम्मेदारों से इस पर काम पूरी जिम्मेदारी के साथ बांड भरते हुए करवाया जाना चाहिए।

## स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों में कमी सामने आई

# आयुक्त खफा, सृष्टि वेस्ट पर एक लाख जुर्माना

### वार्डों में शत प्रतिशत सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें : आयुक्त

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

स्वच्छता को लेकर मैदान में डटे हुए निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अब सख्ती का रूख अख्तियार कर लिया है। शहर में स्वच्छता जागरूकता गतिविधियों से खफा आयुक्त ने सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट पर एक लाख का जुमार्ना ठोक दिया है। मैदान में दिखाई दी जागरूकता के आधार पर उन्होंने यह कार्रवाई की है।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त द्वारा वार्ड 24 में कचरा संग्रहण वाहन का निरीक्षण कर मौजूद महिला हेल्पर एवं एनजीओ के सदस्यों को निर्देशित किया कि कचरा सेग्रीगेशन के लिए नागरिकों को प्रेरित करें। साथ ही वार्ड क्र. 24 अन्तर्गत निरीक्षण के दौरान विभिन्न स्थानों पर कचरे के ढेर पाए गए तथा नागरिकों में जागरूकता की कमी सामने आई। इससे यह स्पष्ट हुआ कि स्वच्छता के प्रति जागरूकता हेतु नियुक्त एजेंसी सृष्टि वेस्ट मेनेजमेंट के टीम लीडर एवं सदस्यों द्वारा पर्याप्त जागरूकता गतिविधियों का आयोजन नहीं किया गया। नागरिकों को गीला सुखा पृथक पृथक रखना, कचरा कचरा संग्रहण वाहन में ही डालने इत्यादि स्वच्छता सम्बंधित समझाइश नहीं दी गई है जिसके कारण वार्ड में यह स्थिति परिलक्षित हुई। इसे लेकर आयुक्त ने सृष्टि वेस्ट मेनेजमेंट पर एक लाख का जुर्माने किये जाने के निर्देश प्रदान किये हैं।



### पेयजल व्यवस्था जांची

निगम आयुक्त द्वारा घरों में पेयजल व्यवस्था लाइन में सप्लाय पानी को चेक किया गया। पीएचई अधिकारी को निर्देशित किया गया कि पानी सप्लाई के समय नागरिकों के घरों में शुद्ध पेयजल मिले इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए।

### वार्ड में ये स्थिति देखी

आयुक्त वार्ड क्रमांक 23 एवं 24 की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान अपने वार्ड में मौजूद दरोगा एवं सम्बन्धित एनजीओं को निर्देशित किया गया कि घरों से निकलने वाला गीला एवं सूखा कचरा कलेक्शन वाहन में ही डाले, यदि वार्ड में कचरे का ढेर कहीं पाया जाता है तो कचरे डालने वाले पर जुर्माना कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, वार्ड की छोटी छोटी गलियों में सफाई व्यवस्था बेहतर की जाए। निगम आयुक्त द्वारा वार्ड दरोगा को सख्त हिदायत देते निर्देशित किया कि वार्ड में सफाई व्यवस्था शत प्रतिशत सुनिश्चित करें, सफाई मित्रों द्वारा टुलकिट का उपयोग कर सफाई करें, खाली पड़े प्लाटों पर सफाई का विशेष ध्यान रखें, वार्ड में नालियों के ऊपर भवन स्वामियों द्वारा पक्का निर्माण किया गया जिसके कारण सफाई व्यवस्था प्रभावित होती है ऐसे स्थाई निर्माण को हटाकर नालियों की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें।

## महात्मा ज्योतिबा फुले द्विशताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग एकता मंच एवं अखिल भारतीय महासंघ द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले के द्विशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में कालिदास अकादमी में राष्ट्रीय शिखर सम्मेलन का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय माली समाज उज्जैन द्वारा संपन्न इस सेमिनार में समाज की एकजुटता और राजनीतिक हिस्सेदारी पर विशेष जोर दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी थे तथा अध्यक्षता कैलाश बाघेला ने की। मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश के पूर्व मंत्री सचिन यादव उपस्थित रहे। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा माली समाज की पुस्तिका 'वनमाली' का विमोचन भी किया गया। अतिथियों को महात्मा ज्योतिबा फुले दंपति और भगवान पशुपतिनाथ की प्रतिमा स्मृति चिह्न के रूप में भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों का शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया।

## न्यूज कॉलम

### अशासकीय शाला प्रतिनिधि संगठन का भव्य महासम्मेलन सम्पन्न

**उज्जैन।** अशासकीय शाला प्रतिनिधि संगठन, जिला उज्जैन द्वारा इस्कॉन मंदिर के बैंक्वेट हॉल में एक भव्य महासम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ, जिसमें संगठन के संरक्षक सुरेंद्र मोहन अग्रवाल सहित जिलेभर के पदाधिकारियों एवं शाला संचालकों ने सहभागिता की। महासम्मेलन में तराना के तहसील अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव, महिदपुर के प्रेम परिहार, बड़नगर के रामकृष्ण सीरिया, घटिया से कैलाश शर्मा एवं गणेश कवलेचा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान शाला संचालन से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। विशेष रूप से आरटीई से संबंधित मुद्दे, नोडल प्रक्रिया, शाला परिवहन व्यवस्था तथा नेशनल एजुकेशन पॉलिसी से जुड़े विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। उपस्थित सदस्यों ने समस्याओं के व्यावहारिक एवं प्रभावी समाधान निकालने पर जोर दिया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ स्कूल संचालक अमित शर्मा एवं संचालिका अनामिका शर्मा द्वारा किया गया। वरिष्ठ साथी मनीष भारद्वाज द्वारा सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

### मातृ दिवस पर सिंधी फिल्म 'शल याद रखऊं' का नि:शुल्क प्रदर्शन 10 को

**उज्जैन।** मातृ दिवस के अवसर पर 10 मई को सकल सिंधी समाज उज्जैन द्वारा सिंधी भाषा, संस्कृति के विकास और संयुक्त परिवार में रहने की प्रेरणा देने वाली सामाजिक फिल्म 'शल याद रखऊं' का निःशुल्क प्रदर्शन किया जाएगा। संयोजक महेश परियानी के नेतृत्व में आयोजित बैठक में दीपक बेलानी एवं रमेश गजरानी ने बताया कि निमार्ता-निर्देशक प्रेम सावलानी की यह फिल्म संयुक्त परिवार की एकजुटता एवं आत्मरक्षा के फायदों की प्रेरणा देती है। फिल्म के तीन शो पीवीआर में दोपहर 3 बजे, शाम 6 बजे और रात 8:30 बजे से निःशुल्क दिखाए जाएंगे। समाजजन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर 6 मई से शहर के 10 निर्धारित केंद्रों से टिकट प्राप्त कर अपना स्थान सुरक्षित कर सकते हैं। टिकट वितरण के लिए शहर में 10 केंद्र बनाए गए हैं। इनमें डॉ. जितेंद्र जेठवानी इंदिरा नगर झूलेलाल मंदिर, दौलत खेमचंदानी संत लीला शाह स्कूल, मोहन वासवानी झूलेलाल मंदिर गीता कॉलोनी, जवाहर सनमुखानी विनायक ट्रेडर्स दौलतगंज, भानुशाली पंचायत सचिव होतचंद हसेठिया, राजकुमार परसवानी पूजा क्लॉथ सेंटर, गोपाल बलवानी गोपाल डेयरी, किशोर मुलानी कृष गिफ्ट्स, दीपक बेलानी ओंकार प्रॉपर्टी दो तालाब के पास और विनोद मुलानी पीवीआर टॉकीज वेद नगर शामिल हैं। कार्यक्रम की व्यवस्थाओं के लिए महेश गंगवानी, रमेश गजरानी, दीपक बेलानी, गोपाल बलवानी, राजकुमार परसवानी, लोकेश आडवाणी, पुष्पा कोटवानी, स्वाति गजरानी, रिंकू बेलानी, नेहा मोटवानी और विनोद लुल्ला को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बैठक में डॉ. सुनील खत्री ने आगामी समय में होने वाली जातीय मतगणना के संदर्भ में विस्तार से जानकारी दी।

## 150 वाहनों के काफिले के साथ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

# किसानों की समस्याओं को लेकर कल होगा चक्काजाम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में किसानों की समस्याओं को लेकर राजनीति तेज हो गई है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी ने उपार्जन केंद्रों की अव्यवस्थाओं पर सरकार को घेरते हुए कहा कि किसान आज गंभीर संकट से गुजर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि टोकन सिस्टम की तानाशाही, तुलाई में भ्रष्टाचार और भुगतान में देरी के कारण किसान शोषण का शिकार हो रहे हैं।मुकेश भाटी ने कहा कि किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए हफ्तों इंतजार करना पड़ रहा है।

**कांग्रेस ने किसानों के हित में कई मांगें रखी हैं:** भावांतर और बकाया राशि का पूरा भुगतान, हर किसान की फसल की एमएसपी पर गारंटीड खरीद, 7 दिन में भुगतान की कानूनी गारंटी, उपार्जन केंद्रों की संख्या और क्षमता दोगुनी करना, तुलाई क्षमता 2250 से बढ़ाकर 5000 क्विंटल करना, खाद, बीज और जूट बैग की तुरंत उपलब्धता, नरवाई नियमों में व्यावहारिक सुधार, कर्ज माफी और ब्याज राहत का स्पष्ट रोडमैप, बीमा और मुआवजा भुगतान की समय सीमा तय करना।

शहर कांग्रेस कमेटी की वर्किंग कमेटी बैठक में निर्णय लिया गया कि 7 मई को किसानों के समर्थन में चक्का जाम किया जाएगा। उज्जैन से 150 वाहनों का काफिला निकलेगा।

**प्रदर्शन का नेतृत्व मुकेश भाटी करेंगे-** बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में डॉ. रवि राय, अजय राठौर, राजेश राणा, अशोक सारवान, अनवर बाबा, रमेश सांखला, अभिषेक लाला, संचित शर्मा, बब्लू खींची, चन्द्रभान सिंह चंदेल, कमल चौहान, वरुण शर्मा, बंटी वसीम, प्रकाश सोलंकी सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उज्जैन में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

# 22 खेलों के खिलाड़ियों को मिलेगा प्रशिक्षण



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

खेल और युवा कल्याण विभाग के सौजन्य से आज स्थानीय स्वर्गीय राजमाता सिंधिया बहुउद्देशीय खेल परिसर में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का औपचारिक शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर जिला खेल अधिकारी ओपी हारोड़, पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा, टेबल टेनिस एसोसिएशन के अध्यक्ष एसपी झा और सचिव सतीश मेहता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

शिविर में 22 खेलों के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिला खेल अधिकारी ओ पी हारोड़ ने खिलाड़ियों से अपील की कि वे खेल में अपनी मेहनत और लगन से उत्कृष्टता प्राप्त करें और खेल की बारीकियों को सीखें। आपने सभी खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे अपना ऑनलाइन पंजीयन ( रजिस्ट्रेशन) अवश्य कराए

पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बैडमिंटन, टेबल टेनिस, मलखंभ, एथलेटिक्स और फुटबॉल के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी को आज से ही अपना लक्ष्य निर्धारित करना होगा, कड़ी मेहनत करनी होगी और वर्षभर खेलों से जुड़े रहना होगा। कार्यक्रम में विभिन्न खेलों के कोच, जैसे बैडमिंटन कोच मोनिका खलौटिया, मलखंभ कोच अंजली यादव, एथलेटिक्स कोच सुदर्शन शर्मा, शूटिंग कोच विराज परिहार, फुटबॉल कोच नितिन अगस्टिन और फिजियोथैरेपिस्ट सुनील सेन भी उपस्थित थे। इस ग्रीष्मकालीन शिविर में 22 खेल संगठन अपने अपने खेल मैदानों पर खिलाड़ियों को प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। इस अवसर पर 60+ आयु वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाले टेबल टेनिस खिलाड़ी आशीष श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुदर्शन शर्मा ने किया, जबकि आभार व्यक्त अंजली यादव ने किया।

# राजीव नगर कॉलोनी में नलों से आ रहा गंदा और बदबूदार पानी, रहवासी परेशान

## वार्ड क्रमांक 4 के राजीव नगर सहित कई क्षेत्रों में मटमैले पानी की सप्लाई, शिकायतों के बावजूद समाधान नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित आगर रोड के राजीव नगर कॉलोनी में पिछले कई दिनों से गंदे और बदबूदार पानी की समस्या बनी हुई है। क्षेत्र के कई घरों में नलों से मटमैला और दूषित पानी आ रहा है, जो पीने तो दूर, उपयोग के लायक भी नहीं है।

रहवासियों का कहना है कि जैसे ही सुबह पानी की सप्लाई शुरू होती है, गंदा पानी आने लगता है और काफी देर तक यही स्थिति बनी रहती है। मजबूरी में लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इस समस्या की शिकायत कई बार पीएचई विभाग से की जा चुकी है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हो पाया है।



बताया जा रहा है कि सिंहस्थ से जुड़े निर्माण कार्यों और सीवरेज लाइन बिछाने के दौरान कई जगह पानी की पाइप लाइनें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। मशीनों से जमीन में किए जा रहे कार्य के कारण यह पता लगाना भी मुश्किल हो रहा है कि पाइप लाइन कहां से फूटी है। समय पर मरम्मत नहीं होने से समस्या लगातार बनी हुई है।

- स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में कहीं पाइप लाइन फूटी हुई है, जिससे ड्रेनेज का गंदा पानी पीने की लाइन में मिल रहा है। सप्लाई के दौरान यही दूषित पानी घरों तक पहुंच रहा है। शिकायत करने पर अधिकारी कुछ समय के लिए समस्या का समाधान कर देते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद स्थिति फिर वैसी ही हो जाती है।
- केवल राजीव नगर ही नहीं, बल्कि निजातपुरा, ढांचा भवन, हीरा मिल की चाल और फाजलपुरा जैसे क्षेत्रों में भी गंदे पानी की शिकायतें सामने आ रही हैं। इससे स्पष्ट है कि यह समस्या पूरे शहर में फैलती जा रही है।

नं. 1 क्षेत्रीय अखबार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



## न्यूज ब्रीफ

### एयरपोर्ट इंदौर के पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक सम्पन्न

**इंदौर।** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े की अध्यक्षता में देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के पर्यावरण प्रबंधन समिति की बैठक आज संभागायुक्त कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने विमानतल पर्यावरण प्रबंधन समिति द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पर्यावरण प्रबंधन समिति की रेस्क्यू टीम द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर एयरपोर्ट इंदौर के एयर साईड क्षेत्र का समय-समय पर नगर निगम की टीम के साथ संयुक्त निरीक्षण करें तथा वन्य जीव प्रबंधन एवं न्यूनीकरण प्रयासों को और बेहतर बनाने हेतु कार्य करें। साथ ही प्रतिमाह प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित कर किए गए कार्यों की समीक्षा करें।

### हीट स्ट्रोक क्लीनिक शुरू, अस्पतालों में विशेष इंतजाम

**इंदौर।** बढ़ती गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े द्वारा विगत दिवस आयोजित कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में संभाग के सभी जिला कलेक्टर्स को जिला एवं सिविल अस्पतालों में हीट स्ट्रोक क्लीनिक प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देशों के परिपालन में इंदौर संभाग के विभिन्न जिलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। इंदौर संभाग के जिला अस्पतालों, सिविल अस्पतालों एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक एवं लू से प्रभावित मरीजों के उपचार हेतु विशेष बेड आरक्षित किए गए हैं। साथ ही आवश्यक दवाइयों, ओआरएस, कूलर, पंखे तथा अन्य चिकित्सा सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है, ताकि आमजन को गर्मी के मौसम में त्वरित एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। जिला अस्पताल सहित शाहपुर, खकनार, नेपानगर एवं लालबाग स्थित स्वास्थ्य केन्द्रों में हीट स्ट्रोक क्लीनिक प्रारंभ किए गए हैं।

### 600 करोड़ की प्राइस सपोर्ट स्कीम से किसानों को सीधा लाभ

**इंदौर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि कृषक कल्याण वर्ष 2026 में प्रदेश सरकार ने खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए निर्णायक कदम उठाए हैं। रिकॉर्ड उपार्जन, भंडारण क्रांति और डिजिटल नवाचार से खेती की तस्वीर बदल रही है। सरकार का संकल्प है कि किसान अब सिर्फ अन्नदाता नहीं, बल्कि ऊजार्दाता और तकनीकदाता भी बनेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिए समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए स्लॉट बुकिंग की अंतिम तिथि 9 मई से बढ़ाकर 23 मई 2026 कर दी गई है, इससे वंचित किसान भी पंजीयन कर अपनी उपज बेच सकेंगे। गत शनिवार तक 34.73 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया जा चुका है। प्राइस सपोर्ट स्कीम वर्ष-2026 के तहत लगभग 600 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। चने और मसूर की उपज के लिए उपार्जन अवधि 30 मार्च से शुरू होकर 28 मई 2026 तक निर्धारित की गई है। चने के लिए 6.49 लाख मीट्रिक टन एवं मसूर के लिए 6.01 लाख मीट्रिक टन उपार्जन का लक्ष्य है। तुअर के लिए 1.31 लाख मीट्रिक टन का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपार्जित उपज का भुगतान समय पर किसानों के खातों में सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की उपज सुरक्षित रहे, इसके लिए खाद्यान्न भंडारण योजना के तहत 3.55 लाख मीट्रिक टन नई भंडारण क्षमता निर्मित की जा चुकी है। भंडार योजना सामग्री के अंतर्गत 15 लाख मीट्रिक टन क्षमता के आधुनिक गोदाम बनाए जा रहे हैं।

### सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन का बड़ा मेकओवर

**इंदौर।** धार्मिक नगरी उज्जैन को विकसित करने के लिए बड़ा प्लान तैयार किया गया है। अब इंदौर की तर्ज पर उज्जैन में भी ह्यटेंपल बॉन्डह्न के माध्यम से 9 प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प किया जाएगा। यह पहल सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए की जा रही है, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उज्जैन को धार्मिक पर्यटन का विश्वस्तरीय केंद्र बनाने के उद्देश्य से यह योजना सरकार के पास भेजी गई है। प्रस्ताव के अनुसार टेंपल बॉन्ड के जरिए करीब 1050 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। इस राशि से उज्जैन के प्रमुख मंदिरों और तीर्थ क्षेत्रों का सौंदर्यीकरण, आधारभूत ढांचा विकास और सुविधाओं का विस्तार किया जाएगा। यह मॉडल इंदौर में सफल प्रयोग के बाद अब उज्जैन में लागू किया जा रहा है।

### भक्तों को राहत देने मंदिर में लगाया गया फॉगिंग सिस्टम

**उज्जैन।** ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में दस साल बाद फॉगिंग सिस्टम लगाया गया है। 40 डिग्री तापमान में श्रद्धालुओं को कृत्रिम फुहारों के रूप में ठंडक प्रदान की जा रही है। बता दें इससे पहले वर्ष 2016 में सिंहस्थ महापर्व के समय संपूर्ण मंदिर परिसर में फॉगिंग सिस्टम लगाया गया था। उसके बाद करीब दो साल तक यह व्यवस्था चली। महाकाल मंदिर में भक्तों की सुविधा के लिए मौसम अनुकूल इंतजाम काफी समय से किए जा रहे हैं। वर्ष 2016 में सिंहस्थ महापर्व के दौरान देश विदेश से आने वाले लाखों भक्तों की सुविधा के लिए तात्कालिक अधिकारियों ने मंदिर परिसर में फॉगिंग सिस्टम लगाया था। उस समय नवाचार की काफी प्रशंसा हुई थी। इस बार फिर से भीषण गर्मी को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने इसके इंतजाम किए थे। इस बार फॉगिंग सिस्टम श्री महाकाल महालोक में लगाया गया है। भक्त विशेष सुविधा से खुश नजर आ रहे हैं। फॉगिंग सिस्टम में पानी को पतले पाइप में उच्चदाब से प्रवाहित किया जाता है। पाइप के बारिक छिद्रों से पानी 5 से 50 माइक्रोन की छोटी बूंदों से बाहर निकलता है और गर्म हवा में नमी की मात्रा बढ़ा देता है।

# सॉल्वर काण्ड में एनएसयूआई ने किया कुलगुरु का विरोध

## कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों का हंगामा, एचओडी पर भी एक्शन की मांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में बीकॉम छटे सेमेस्टर की परीक्षा में डमी कैंडिडेट (सॉल्वर) बैठाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोपी पर केस दर्ज होने के बावजूद यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं होने पर एनएसयूआई ने मंगलवार दोपहर प्रदर्शन करते हुए कुलगुरु का विरोध किया।

इस दौरान छात्रों ने कुलगुरु का पुतला दहन की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने उसे सफल नहीं होने दिया और पुतला छिन लिया। मामला सोमवार 4 मई का है, जब वाग्देवी भवन में आयोजित बीकॉम परीक्षा में छात्रा सपना भदौरिया की जगह इंदौर निवासी विशाखा माहेश्वरी परीक्षा देने बैठ गई थी। इसकी सूचना छात्र संगठन के पदाधिकारी तरुण परिहार ने विभागाध्यक्ष को दी, जिसके बाद युवती को परीक्षा देने से रोक दिया गया। घटना सामने आने के बाद पुलिस ने विशाखा माहेश्वरी समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में इसे सॉल्वर के जरिए परीक्षा देने का मामला माना गया है।



### कार्रवाई की मांग

एनएसयूआई का आरोप है कि पुलिस ने तो कार्रवाई कर दी, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कदम नहीं उठाया। इसी के विरोध में सोमवार को छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कुलगुरु और कुलसचिव का पुतला जलाया। छात्रों ने मांग की कि इस पूरे मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

### बीकॉम की परीक्षा दे रही थी बीटेक की छात्रा

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सोमवार को बीकॉम परीक्षा के दौरान फर्जी तरीके से परीक्षा दिलाने का मामला सामने आया। एक छात्रा की जगह दूसरी छात्रा परीक्षा देती पकड़ी गई। इससे विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन कॉमर्स में सोमवार को बीकॉम 6वें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ। सपना भदौरिया की जगह इंदौर से आई युवती परीक्षा देते पकड़ी गई। अधिकारियों ने पूछताछ के लिए वास्तविक छात्रा के मोबाइल पर कॉल किया, लेकिन फोन बंद मिला।

एनएसयूआई के विश्वविद्यालय अध्यक्ष तरुण परिहार के अनुसार, परीक्षा शुरू होने के बाद उन्हें सूचना मिली थी कि एक छात्रा की जगह कोई और परीक्षा देने पहुंचेगा। सूचना मिलते ही वागदेवी भवन स्थित परीक्षा केंद्र पर अधिकारियों को अवगत कराया गया। जांच में कक्ष क्रमांक 10 की अ-1 सीट पर बैठी छात्रा के दस्तावेज और फोटो का मिलान किया गया, जिसमें गड़बड़ी मिली। पूछताछ में युवती ने अपना नाम प्रिशा साहू, निवासी यादव नगर इंदौर बताया और खुद को बीटेक की छात्रा बताया। हालांकि दस्तावेज देखने के बाद उसका सही नाम विशाखा माहेश्वरी निकला। सॉल्वर के तौर पर पकड़ी गई विशाखा ने पूछताछ में खुलासा किया। उसने बताया कि उसकी पहचान ऋषभ नाम के युवक से है, जिसकी बहन सपना भदौरिया की जगह उसे परीक्षा देने बुलाया गया था।

प्रिशा के मुताबिक, सपना ने उस पर दबाव बनाया और कहा कि फिलहाल परीक्षा दे दो, बाकी डील बाद में समझ लेंगे। इसी कारण वह इंदौर से उज्जैन परीक्षा देने पहुंची थी।

# इंदौर में एअर इंडिया की फ्लाइट से सामान चोरी

## फ्लाइट से उतरा, बैग खुला मिला: व्यापारी के सूटकेस से घड़ी-परफ्यूम गायब

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर एयरपोर्ट पर बैगेज से छेड़छाड़ और सामान चोरी का मामला सामने आया है। मुंबई से फ्लाइट से पहुंचे एक व्यापारी के बैग का ताला टूटा मिला और अंदर रखा कीमती सामान गायब था। मामले में एरोड्रम थाना पुलिस ने त्र्क्ष्क्र दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

शिकायतकर्ता फर्नीचर व्यापारी हिमांशु गुप्ता (निवासी श्रीनाथ रेजीडेंसी) के अनुसार वे 2 मई को मुंबई से एअर इंडिया की फ्लाइट अक्2591 से इंदौर पहुंचे थे। उन्होंने अलसुबह 4 बजे अपने दो बैग चैकिंग काउंटर पर दिए थे। फ्लाइट 7 बजकर 25 मिनट की थी। इससे वे सुबह 9 बजे इंदौर पहुंच गए।

इसके बाद इंदौर आकर जब उन्होंने एयरपोर्ट पर बैगेज बेल्ट नंबर-2 से अपना सामान लिया, तो बड़े सूटकेस का ताला टूटा था और चेन खुली हुई मिली। मामले में एरोड्रम थाना पुलिस ने चोरी की त्र्क्ष्क्र दर्ज कर ली है। पुलिस ने एयरलाइन स्टाफ से भी घटना को लेकर जानकारी मांगी है और पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। हिमांशु ने एअर इंडिया को मेल करने के साथ ट्वीट भी किया है।



### जवाबदेही पर उठाए सवाल

हिमांशु ने लिखा कि 2 मई 2026 को मैंने एअर इंडिया की फ्लाइट अक्2591 से मुंबई से इंदौर की यात्रा की। एयरपोर्ट पर बैगेज बेल्ट से जब मैंने अपना चेक-इन सामान लिया, तो बैग के अंदर रखे मेरे कीमती सामान एक घड़ी, परफ्यूम और लेदर बेल्ट गायब थे। मैंने तुरंत इस घटना की जानकारी एयर इंडिया के ग्राउंड स्टाफ और एयरपोर्ट पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों को दी। लेकिन मुझे किसी भी प्रकार की ठोस सहायता नहीं मिली। मुझे बताया गया कि एयरपोर्ट पर शिकायत दर्ज करने की कोई प्रक्रिया नहीं है। यह स्थिति कई गंभीर सवाल खड़े करती है।

**एयरपोर्ट स्तर पर जवाबदेही क्यों नहीं है-** जब स्टाफ ही जरूरी दस्तावेज देने से इनकार कर दे, तो कोई यात्री अपना दावा कैसे पेश करे

यह मामला सिर्फ सामान चोरी या गुम होने का नहीं है, बल्कि यह यात्रियों की सुरक्षा, पारदर्शिता और बुनियादी सेवा मानकों की विफलता को दशार्ता है।

### घड़ी, परफ्यूम और बेल्ट गायब, एयरपोर्ट पर नहीं मिला संतोषजनक जवाब

सूटकेस चेक करने पर एक राडो कंपनी की घड़ी, परफ्यूम और दो लेदर बेल्ट गायब मिले। पीड़ित के मुताबिक बैग चेक-इन के समय पूरी तरह सुरक्षित था। हिमांशु ने तुरंत एयरलाइन स्टाफ और सुरक्षा कर्मियों से शिकायत की, लेकिन उन्हें कोई स्पष्ट जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि न तो मौके पर शिकायत दर्ज की गई और न ही कोई लिखित दस्तावेज दिया गया।

**बाद में मांगी पिल्फरेज रिपोर्ट, उठे सवाल-** पीड़ित ने एयरलाइन को मेल और सोशल मीडिया पर शिकायत की। इसके बाद एयरलाइन की ओर से पिल्फरेज रिपोर्ट मांगी गई, जबकि एयरपोर्ट पर यही रिपोर्ट बनाने से मना कर दिया गया था। इससे प्रक्रिया और जवाबदेही पर सवाल खड़े हो गए हैं। हिमांशु का कहना है कि यह सिर्फ सामान चोरी का मामला नहीं, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा और सेवा मानकों की विफलता है।

### इंदौर में छात्रा के साथ नेपाली युवक ने किया रेप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के गांधी नगर पुलिस ने एक महिला की शिकायत के बाद उसकी बेटी के साथ रेप करने के मामले मे आरोपी के खिलाफ एफआइआर की है। महिला और आरोपी युवक एक कंपनी में काम करते है। नाबालिग छात्रा वहीं अपनी मां से मिलने पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी उसे अपने साथ लेकर चले गया।

गांधी नगर पुलिस ने पाइप फैक्ट्री में काम करने वाली एक महिला की शिकायत पर विजय पुत्र मालती ढारू निवासी कोलपुर काठमांडू नेपाल के खिलाफ रेप और पास्को एक्ट के मामले मे एफआईआर की है। महिला ने बताया कि उसकी बेटी की स्कूल की छुट्टी हुई तो वह फैक्ट्री आ गई। दोपहर में दोनों ने साथ में खाना खाया। बेटी को पानी की टंकी पर पानी लेने भेजा। वह काफी देर तक नही पहुंची। बाद मे पति के साथ उसे ढूंढा तो वहां बने एक क्वार्टर मे बेटी की चिल्लाने की आवाज आ रही थी। साथ में विजय गलत काम कर रहा था। बेटी को वहां से उठाया। बेटी ने पूछताछ में बताया कि वह पानी लेने आई थी। तब विजय ने उसे इशारे से बुलाया ओर अंदर एक काम होने की बात की।

प्रबंध समिति की बैठक में लिए गए ये निर्णय

## महाकाल मंदिर में बेहतर प्रबंधन के लिए बनाए जाएंगे पांच न्यास





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मध्य प्रदेश के उज्जैन में स्थित ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में व्यवस्थाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए पांच नए न्यास बनाए जाएंगे। इनके माध्यम से अन्न क्षेत्र, भक्त निवास, पारमार्थिक गतिविधियों का संचालन, शैक्षणिक तथा चिकित्सा सेवा जैसे प्रकल्प पृथक-पृथक संचालित होंगे। यह निर्णय शनिवार को कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की बैठक में लिया गया है।

मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक ने बताया कि बैठक में प्रशासनिक सुदृढ़ीकरण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं व सिंहस्थ की तैयारियों से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें महाकाल महालोक में 11 करोड़ की लागत से फैब्रिकेशन शेड, संध्या एवं शयन आरती के महत्व का प्रचार-प्रसार, क्यूआर कोड आधारित फैल्प बैरियर लगाने, महाकालेश्वर अन्नक्षेत्र में अन्नदान/भोजन की आनलाइन बुकिंग, 80 नई दानपेटियां लगाने, मंदिर समिति के कर्मचारियों को वेतन के साथ महंगाई भत्ता देने और सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था के विस्तारित का निर्णय शामिल है।

# पोलोग्राउंड में बनेगा 6 मंजिला कॉम्प्लेक्स

## फेज-1 की तैयारी तेज; 200 स्टार्टअप्स को मिलेगा नया ठिकाना

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र में अब स्टार्टअप्स और लघु उद्योगों के लिए राह आसान होने वाली है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र यहां एक औद्योगिक कॉम्प्लेक्स का निर्माण करने जा रहा है, जिसके फेज-वन की तैयारी तेज होने के साथ ही फेज-टू की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

छह मंजिला इस इमारत में छोटी-बड़ी करीब 100 यूनिट्स तैयार की जाएंगी। खास बात यह है कि फेज-वन के लिए शासन ने 40 करोड़ रुपए की मंजूरी दे दी है और इसे डेढ़ साल में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। दोनों फेज के निर्माण के बाद पोलोग्राउंड में करीब 200 नई औद्योगिक इकाइयों को जगह मिल सकेगी।





### नियमों के उल्लंघन के चलते उद्योग केंद्र को मिली जमीन

यह बहुमंजिला परिसर विशेष रूप से पैकेजिंग, प्रिंटिंग और नए जमाने के स्टार्टअप्स के लिए वरदान साबित होगा। पोलोग्राउंड औद्योगिक क्षेत्र के 64 साल के इतिहास में यह एक बड़ा बदलाव है। 250 से अधिक चालू इकाइयों और 3,000 करोड़ के सालाना टर्नओवर वाले इस क्षेत्र में लंबे समय से नई जमीन की कमी बनी हुई थी। नियमों के उल्लंघन के चलते वर्षों बाद विभाग को एक बड़ी जमीन वापस मिली है, जिसका उपयोग अब नए उद्यमियों को मौका देने के लिए किया जा रहा है।

### 15500 वर्ग मीटर पर होगा निर्माण

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के पास उपलब्ध करीब 15 हजार 500 वर्ग मीटर जमीन पर इन दोनों फेज का निर्माण प्रस्तावित है। वर्तमान में फेज-वन के लिए डीपीआर और डिजाइन के टेंडर मप्र लघु उद्योग निगम द्वारा खोले जा चुके हैं, जिसमें मध्य प्रदेश सहित अन्य राज्यों की पांच एजेंसियों ने रुचि दिखाई है।

इन टेंडर्स को अंतिम मंजूरी के लिए भोपाल मुख्यालय भेजा गया है, जहां से एक-दो सप्ताह में फैसला होने की उम्मीद है। इस प्रोजेक्ट की लागत का वहन मध्य प्रदेश और केंद्र सरकार संयुक्त रूप से कर रही हैं। विभाग ने योजना बनाई है कि ड्रेनेज, पानी, पार्किंग और कैंटीन जैसी मूलभूत सुविधाएं फेज-वन के दौरान ही इस तरह विकसित की जाएं कि फेज-टू के समय केवल भवन निर्माण की ही आवश्यकता रहे।

नगर निगम कमिश्नर ने ग्राउंड पर उतरकर देखी स्थिति

# स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग की टीम रहे सतर्क



दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल मंगलवार को फिर मैदान में उतरे। उन्होंने जोन क्रमांक 2, 12 और 21 में आने वाले नदी-नालों की सफाई व्यवस्था और आउटफॉल टेपिंग कामों को देखा।

बरामथा रोड, दयानंद नगर, जोशी मोहल्ला, लालबाग के पीछे, गणगौर घाट, माणिक बाग, अशोक कॉलोनी सहित कई इलाकों में घूमे और वहां चल रहे नदी-नाला सफाई काम और आउटफॉल टेपिंग कामों की मौजूदा स्थिति देखी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन जगहों पर आउटफॉल टेपिंग के काम बचे है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर जल्दी पूरा करें। निगम कमिश्नर ने कामों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए भी कहा है। सभी काम निर्धारित मानकों के अनुरूप और समय-सीमा में पूरा करने के लिए भी कहा।

### टीमों को सर्तक रहने को कहा

इसके अलावा निगम कमिश्नर ने गर्मी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग और मलेरिया विभाग की टीम को सतर्क रहने को कहा है। उन्होंने कहा कि टीम मौसमी और संक्रामक बीमारियों की रोकधाम के लिए नियमित रूप से दवाई का छिड़काव करें और फॉगिंग मशीन के माध्यम से प्रभावित इलाकों में निरंतर कार्रवाई करें। बीमारियों की रोकधाम के लिए अभियान भी चलाएं।

**व्यवस्था सुधारना है-** निगम कमिश्नर ने कहा कि इंदौर हम अलग-अलग इलाकों में जाते है, वहां सफाई व्यवस्थाओं को देखते हैं। आज भी कई इलाकों में जाकर स्थिति देखी। लालबाग इलाके में व्यवस्था सुधारना है। सफाई व्यवस्था की दोहरी जिम्मेदारी है। सफाई व्यवस्था में जनता और निगम को साथ में मिलकर काम करना होगा। हमारे यहां जहां गुंजाइश है वहां सुधार कर रहे हैं। जनता से भी अपील है कि व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त रखने में मदद करें।

### 40 डिग्री तापमान की भीषण गर्मी के बीच धूनी ताप रहे अघोरी बाबा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

वर्तमान में भीषण गर्मी का दौर जारी है। इन दिनों अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। तीखी तपन से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ऐसी गर्मी के बीच उज्जैन में दो अलग- अलग रंग देखने को मिले। जहां एक ओर इस भीषण गर्मी में भी यहां एक अघोरी धूनी साधना करते दिखे तो वहीं दूसरी ओर एक वानर अपनी प्यास बुझाने प्याऊ पर पहुंचा और वहां लगे नल से पानी पीया।

तंत्र की ऊर्वरा भूमि और धार्मिक नगरी उज्जैन में इन दिनों अघोरी बाबा अष्टधूनी साधना कर रहे हैं, इसे अग्नि स्नान भी कहा जाता है। 40 डिग्री तापमान की प्रचंड गर्मी में जलते हुए कंडों के बीच बैठकर साधना अत्यंत कठिन है। बताया जाता है इस प्रकार की साधना तांत्रिक सिद्धियों की प्राप्ति के लिए की जाती है। योगी विष्णुनाथ महाराज, योगी सोमवार नाथ महाराज द्वारा की जा रही साधना 19 मई तक चलेगी। 20 मई को भंडारा महाप्रसादी का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि सिंहस्थ के दौरान यहां आने वाले कई साधू भी इस तरह धूनी रमाते हैं और अग्नि के बीच कठोर तप करते हैं।

## न्यूज कालम



### देपालपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया जीत का जश्न

**देपालपुर**। पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी राज्यों में भाजपा की सरकार बनने की खुशी में देपालपुर नगर में भाजपा कार्यकताओं ने जोरदार उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया। देपालपुर विधायक मनोज पटेल के नेतृत्व में नगर के चमन चौराहे पर कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशियां जाहिर कीं और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। चमन चौराहे पर बड़ी संख्या में जुटे कार्यकताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और जीत की खुशी साझा की। कार्यक्रम में भाजपा नगराध्यक्ष गोपाल कटेसरिया, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष पप्पू यादव, सांसद प्रतिनिधि अजय आहूजा, पार्षदगण रवि चौरसिया, मोहरसिंह नागर, सोमिल माली सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद भाजपा के कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंडलेश्वर



पश्चिम बंगाल, असम और पांडुचेरी में हुए विधानसभा चुनावों में शानदार प्रदर्शन के बाद भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। इसी क्रम में मंडलेश्वर नगर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बुधवार शाम लगभग सात बजे बस स्टैंड पर एकत्रित होकर जीत का जश्न बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर अपनी खुशी जाहिर की तथा एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाइयां दीं।

इस दौरान पूरा क्षेत्र देशभक्ति और उत्साह से सराबोर नजर आया। कार्यकर्ताओं ने च्भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद और च्नरेंद्र मोदी जिंदाबाद जैसे नारों के साथ माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। मंडल अध्यक्ष देवेंद्र पाटीदार ने अपने संबोधन में कहा कि यह जीत विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में कार्यकताओं के संघर्ष और समर्पण की जीत है।

उन्होंने कहा कि लंबे समय से वहां बदलाव की जो अपेक्षा थी, वह अब साकार होती नजर आ रही है।वहीं वरिष्ठ भाजपा नेता सतीशचंद्र मोयदे ने कहा कि यह विजय केवल किसी एक राज्य की नहीं, बल्कि पूरे देश के भाजपा कार्यकताओं की मेहनत का परिणाम है।

उन्होंने इस सफलता का श्रेय नरेंद्र मोदी के सशक्त नेतृत्व और संगठन की नीतियों को दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में भाजपा लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है।

कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकताओं ने एकजुट होकर भविष्य में भी इसी तरह संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मनोज शर्मा, डॉ. अखिलेश बर्वे, नितिन पाटीदार, अनिरुद्ध हलवे, विक्की पाटीदार, हरि गाडगे, गोलू पाटीदार, रोहित केवट, सीताराम ठाकुर, अभिलाष ठाकुर, दीपक तोमर, गणेश पाटीदार, दीपक ठाकुर, पवन अग्रवाल, लोकेश केवट, दिलीप पाटीदार, लीला वर्मा, रेखा सोलंकी, गणेश पटेल, बाबूलाल सिटोले सहित भारतीय जनता पार्टी के अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

## गरुड़ पोर्टल से सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की होगी केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग

**बड़वानी ।** गरुड़ पोर्टल से प्रदेश के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की केंद्रीकृत रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जायेगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता के संचार के साथ संचालन की दक्षता में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। इससे सीवेज प्रबंधन की गुणवत्ता को और अधिक बेहतर बनाया जा सकेगा और समय पर निर्णय लेने में सुविधा होगी। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग तथा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी (एमपीयूडीसी) द्वारा राज्य में सीवेज प्रबंधन व्यवस्था को सुदृढ़, आधुनिक एवं पारदर्शी बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण पहल की गई है।मध्यप्रदेश में अपनी तरह की यह प्रथम केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली है, जो वास्तविक समय में डेटा ट्रैकिंग के साथ-साथ उत्कृष्ट परिचालन निरीक्षण एवं त्वरित निर्णय लेने की प्रक्रिया को अत्यंत सशक्त बनाती है। जल गुणवत्ता के संवर्धन एवं नगरीय स्वच्छता के संकल्प को अभूतपूर्व मजबूती मिलने की पूर्ण अपेक्षा है। आयुक्त श्री संकेत भोंडवे ने बताया कि विभाग के अंतर्गत संचालित कुल 42 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में अत्याधुनिक एससीएडीए सह ओसीईएमएस प्रणाली को सफलतापूर्वक स्थापित व लागू कर दिया गया है। विदित हो कि पूर्व में इन संयंत्रों से प्राप्त होने वाला डेटा केवल संबंधित एसटीपी परिसर तक ही सीमित रहता था, जिसके कारण संपूर्ण व्यवस्था की समग्र निगरानी में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। किंतु, इस नूतन प्रणाली के क्रियान्वयन से अब बॉयोकेमिकलऑक्सीजन डिमांड बीओडी, केमिकल ऑक्सीजन डिमांड सीओडी, पीएच एवं टोटल सस्पेंडेड सॉलिड्स जैसे सभी प्रमुख जल गुणवत्ता मापदंडों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जा रही है।

### गणपति मंदिर के पट अधिक मास की पहली चतुर्थी पर मंगलवार को खुले

**सनावद**। नगर की सीमा पर स्थापित माह में एक बार खुलने वाले उच्छिष्ट गणपति मंदिर के पट अधिक मास की पहली चतुर्थी पर मंगलवार को खुले। जहां रात १० बजे तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहा। श्रद्धालुओं ने गुड पान एवं लड्डू खाकर दर्शन किए। मंदिर के आचार्य पंडित संदीप बर्वे ने बताया कि कृष्ण पक्ष की चतुर्थी के दिन भगवान गणेश के मंदिर के पट खुलते है। जहां सुबह 9 बजे 108 औषधीय से अभिषेक दोपहर में दुर्वा एवं लड्डू से हवन शाम 7.30 बजे आरती संपन्न हुई। आरती के बाद श्रद्धालुओं को भगवान गणेश के विग्रह का आशीर्वाद दिया गया। पंडित बर्वे ने बताया कि क्षेत्र में एक मात्र ऐसा मंदिर है। जो माह में एक बार खुलने के साथ ही यहां पर गुड पान या लड्डू से मुंह झूठा करने के बाद दर्शन करने की परंपरा है। जिसका श्रद्धालु पालन करते हैं। इस चतुर्थी पर पूजन के अजमान राकेश पाटीदार लिंगवा ने परिवार सहित पूजन विधि संपन्न करवाई। रात 10 बजे तक श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला चलता रहा। मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई थी। इस दौरान मंदिर समिति के सेवादार व्यवस्था बनाते हुए नजर आए। पंडित आनंद कानूनगो ने बताया कि अधिक मास की चतुर्थी होने से नगर एवं आसपास के श्रद्धालुओं सहित अन्य जिले से भी दर्शन के लिए श्रद्धालु आए थे।



# भाजपा की 3 राज्यों में ऐतिहासिक जीत पर बुरहानपुर में आतिशबाजी कर मनाया जश्न

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर



पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में से 3 राज्यों में भाजपा की विजय से उत्साहित भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कमल तिराहे पर जमा होकर जमकर आतिशबाजी करते हुए जश्न मनाया। इस दौरान भाजपा ध्वज लहराते हुए सिंदूरी गुलाल जमकर उड़ाया गया। खुशी का यह माहौल कमल तिराहे पर देख आमजन भी इस विजय उत्सव में शामिल हुआ जश्न के दौरान बैंडबाजे के साथ जुलूस निकाला गया। कार्यकर्ता ढोल-नगाड़ों पर जमकर थिरके। उपस्थित लोगों को झालमुड़ी खिलाकर जीत की खुशी बांटी गई।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता, पूर्व मंत्री, विधायक बुरहानपुर अर्चना चिटनिस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, गृहमंत्री अमित शाह के नेतृत्व में असंख्य कार्यकताओं के साथ, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सहित भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा सतत प्रचार और बंगाल की बदहाली को मिटाने का जो वादा बंगाल की जनता से किया उसका परिणाम है कि आज बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत संभव हुई। उन्होंने कहा कि बंगाल में अराजकता, गुंडाराज, भ्रष्टाचार चरम सीमा पर पहुंच गया था। यह विजय अब बंगाल में सुशासन और कानून का राज स्थापित करेगी। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने 3 राज्यों में भाजपा की जीत को वहां के मतदाताओं का भाजपा के प्रति विश्वास की जीत करार दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकताओं को बंगाल में जान से मारा गया। अत्याचार किए गए। यह अत्याचार वहां की जनता ने भी सहा है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अर्चना चिटनिस, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, महापौर माधुरी अतुल पटेल, महामंत्री चितामन महाजन, ईश्वर चौहान, उपस्थित थे।

# नेहरू स्टेडियम में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नेपानगर

- नेपानगर के नेहरू स्टेडियम पर खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में संस्था निर्भय नेपा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

खेल अधिकारी सीएसपी गौरव पाटिल के निर्देशन में प्रशिक्षकों द्वारा खिलाड़ियों को समस्त खेलों की बारीकियां बताई जा रही हैं। जिससे खिलाड़ी बारीकियां सीखकर खेल प्रतियोगिता के लिए तैयार होकर अपने शारीरिक विकास की ओर अग्रसर हो सकें।

संस्था अध्यक्ष शहजाद अली ने बताया कि 1 मई से प्रारंभ हुए खेल शिविर में योगा, एथलेटिक्स, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और क्रिकेट का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

शिविर सुबह 5.30० बजे से शुरू होता है जिसमें योगा सभी वर्ग के लिए रखा गया है। उसके पश्चात नन्हे खिलाड़ी अपने-अपने खेलों में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

**खेल भावना और अनुशासन पर जोर**

प्रशिक्षकों द्वारा खेल के साथ-साथ खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना, टीम के प्रति सजग रहना एवं आत्मविश्वास और अनुशासन के गुण भी बताए जा रहे हैं।

इस दौरान प्रशिक्षक दुष्यंत सिंह पंवार, राजेंद्र मसाने, चिराग चौधरी, अविनाश तायड़े, पुनीत पाटिल, अमर कैथवास सहित डेनिस क्रिकेट क्लब के डेनिश स्वामी द्वारा लेदर बॉल का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

### पिकअप व मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत बाइक सवार की मौत

**नीमच ।** जिले के मनासा मार्ग स्थित कुकड़ेश्वर-घोटा पिपलिया मार्ग पर मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। लोडिंग पिकअप और मोटरसाइकिल की आमने-सामने भिड़ंत में बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान कुकड़ेश्वर निवासी रतन पिता रामचंद्र कुशवाह (45 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भीषण था कि टक्कर के बाद बाइक सवार पिकअप के नीचे आ गया। घटना के बाद पिकअप चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही कुकड़ेश्वर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मनासा अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# मुख्यमंत्री का बुरहानपुर दौरा: अर्चना चिटनिस ने तैयारियों का किया निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ बुरहानपुर।

बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित बुरहानपुर आगमन को लेकर जिले में तैयारियां तेज हो गई हैं। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने कलेक्टर हर्षसिंह एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल एवं व्यवस्थाओं का सघन निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंच, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, पेयजल, विद्युत एवं साफ-सफाई सहित सभी व्यवस्थाओं की बारीकी से समीक्षा की गई। अर्चना चिटनिस ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम में आने वाले उद्योगपतियों, व्यापारियों, प्रबुद्धजनों को किसी प्रकार की असुविधा न हो तथा सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध और सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें।

मुख्यमंत्री के इस दौरे के दौरान उद्योग संवाद, इंडस्ट्रियल मीट एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित होंगे। इनके माध्यम से क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को नई दिशा तथा स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय बाजारों में पहचान दिलाने की दिशा में ठोस पहल की जाएगी।ज्ञात हो कि बुरहानपुर एवं निमाड़ क्षेत्र के समग्र विकास और औद्योगिक संभावनाओं को नई दिशा देने हेतु विधायक अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री से भेंट कर बुरहानपुर में निमाड़ रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने का आग्रह किया था, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार करते हुए इसकी घोषणा की थी। अब इस प्रवास के दौरान कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर अनेक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह कॉन्क्लेव क्षेत्र में निवेश को आकर्षित करने, विशेष रूप से कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने तथा युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।वहीं, विभिन्न राज्यों में भारतीय जनता पार्टी एवं एनडीए को मिली प्रचंड विजय तथा पश्चिम बंगाल में पहली बार बहुमत प्राप्त होने के उपलक्ष्य में च्झालमुड़ी विजयोत्सवज् का आयोजन भी किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद करेंगे। कार्यक्रम के माध्यम से कार्यकताओं के योगदान का सम्मान, संगठन की मजबूती तथा भविष्य की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। अर्चना चिटनिस ने कहा कि मुख्यमंत्री के इस दौरे को बुरहानपुर और निमाड़ क्षेत्र के लिए विकास, निवेश के नए अवसर के रूप में देखा जा रहा है।

### एमएसएमई मंत्री चेतन्य काश्यप से मिले

**रतलाम।** मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम के नव नियुक्त अध्यक्ष सत्येंद्र भूषण सिंह ने एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप से मुलाकात की। उन्होंने पुष्पगुच्छ भेंट कर श्री काश्यप का अभिनंदन किया। इस अवसर पर श्री काश्यप ने अपेक्षा व्यक्त की कि नव नियुक्त अध्यक्ष प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विकसित मध्यप्रदेश निर्माण के संकल्प को साकार करने की दिशा में कार्य करेंगे।

## खरगोन पुलिस ने अवैध गौवंश तस्करी के विरुद्ध की कार्यवाही

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ सनावद



पुलिस महानिरीक्षक इंदौर जोन इंदौर (ग्रामीण) श्री अनुराग तथा उप पुलिस महानिरीक्षक निमाड रेंज खरगोन श्री सिद्धार्थ बहुगुणा के आदेशानुसार अवैध गौवंश तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु निर्देशित किया गया था । उक्त निदेशों के परिपालन में पुलिस अधीक्षक खरगोन रविन्द्र वर्मा के निर्देशन एवं अति. पुलिस अधीक्षक खरगोन (ग्रामीण) श्री शकुन्तला रुहल के मार्गदर्शन में जिला खरगोन के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस व समस्त थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्यवाही करने हेतु आदेशित किया गया है । इसी तारतम्य में थाना सनावद पर अवैध गौवंश तस्करी के विरूद्व कार्यवाही की गई है ।दिनांक 4 मई को थाना प्रभारी धर्मेन्द्र यादव को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि, निमार्णाधीन ब्रिज के नीचे खरगोन रोड तरफ से एक पिकअप वाहन गुजरने वाला है जिसमें क्रूरतापूर्वक अवैध गौवंश का परिवहन किया जा रहा है ।मुखबिर की सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया एवं प्राप्त सूचना से टीम को अवगत करवा कर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने हेतु रवाना किया गया ।

पुलिस टीम के द्वारा निमार्णाधीन ब्रिज के नीचे खरगोन रोड पर नाकाबंदी की गई व रास्ते से गुजरने वाले वाहनों पर नजर रखी गई, थोड़ी देर बाद टीम को मुखबिर के बताए अनुसार पिकअप वाहन आता दिखाई दिया जिसे पुलिस टीम ने घेराबंदी कर रोका । रोके गए पिकअप वाहन में बैठे व्यक्तियों से उनका नाम पता पूछने पर उन्होंने अपने नाम दशरिया नासरिया का होना बताया ।

# सॉल्वर काण्ड में एनएसयूआई ने किया कुलगुरु का विरोध:कार्रवाई नहीं होने पर छात्रों का हंगामा, एचओडी पर भी एक्शन की मांग

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ उज्जैन।

सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में बीकॉम छटे सेमेस्टर की परीक्षा में डमी कैंडिडेट (सॉल्वर) बैठाने के मामले ने तूल पकड़ लिया है। आरोपी पर केस दर्ज होने के बावजूद यूनिवर्सिटी प्रशासन की ओर से कार्रवाई नहीं होने पर एनएसयूआई ने मंगलवार दोपहर प्रदर्शन करते हुए कुलगुरु का विरोध किया।

इस दौरान छात्रों ने कुलगुरु का पुतला दहन की कोशिश भी की, लेकिन पुलिस ने उसे सफल नहीं होने दिया और पुतला छिन लिया।

मामला सोमवार 4 मई का है, जब वाग्देवी भवन में आयोजित बीकॉम परीक्षा में छात्रा सपना भदौरिया की जगह इंदौर निवासी विशाखा माहेश्वरी परीक्षा देने बैठ गई थी। इसकी सूचना छात्र संगठन के पदाधिकारी तरुण परिहार ने विभागाध्यक्ष को दी, जिसके बाद युवती को परीक्षा देने से रोक दिया गया।

घटना सामने आने के बाद पुलिस ने विशाखा माहेश्वरी समेत तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। प्रारंभिक जांच में इसे सॉल्वर के जरिए परीक्षा देने का मामला माना गया है।

कार्रवाई नहीं, भड़के छात्र, कार्रवाई की मांग

एनएसयूआई का आरोप है कि पुलिस ने तो कार्रवाई कर दी, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन ने अब तक किसी जिम्मेदार अधिकारी पर कोई कदम नहीं उठाया। इसी के विरोध में सोमवार को छात्रों ने यूनिवर्सिटी परिसर में प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने नारेबाजी करते हुए कुलगुरु और कुलसचिव का पुतला जलाया। छात्रों ने मांग की कि इस पूरे मामले में विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए।

हस्ढ्ढ के परिक्षेत्र अध्यक्ष तरुण परिहार ने कहा कि पुलिस ने अपना काम कर दिया, लेकिन यूनिवर्सिटी प्रशासन अब तक चुप है। हमारी मांग है कि दोषी अधिकारियों पर तुरंत कार्रवाई की जाए।

बीकॉम की परीक्षा दे रही थी बीटेक की छात्रा:उज्जैन में पकड़ी गई

उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय में सोमवार को बीकॉम परीक्षा के दौरान फर्जी तरीके से परीक्षा दिलाने का मामला सामने आया। एक छात्रा की जगह दूसरी छात्रा परीक्षा देती पकड़ी गई। इससे विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए। सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन कॉमर्स में सोमवार को बीकॉम ६वें सेमेस्टर की परीक्षा के दौरान सॉल्वर गैंग का खुलासा हुआ।

# किसान ने सीमांकन न होने और अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने के विरोध में सपरिवार भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

जिले में प्रशासनिक सुस्ती और पटवारी व आरआई की कथित मनमानी से परेशान होकर अब आम जनता का धैर्य जवाब देने लगा है। ताजा मामला रतलाम जिले का है, जहां एक किसान ने सीमांकन न होने और अधिकारियों द्वारा परेशान किए जाने के विरोध में सपरिवार भूख हड़ताल पर बैठने की चेतावनी दी है।

मंगलवार को जनसुनवाई में पहुंचे प्रार्थी दशरथ सिंह पिता गोपाल सिंह राजपूत ने जिला कलेक्टर को सौंपे अपने शिकायती पत्र में बताया कि उन्होंने अपनी कृषि भूमि नामली के ग्राम बड़ोदा (अंगेठी) स्थित सर्वे नंबर 398/1 व 387/3/3 के सीमांकन के लिए काफी समय पहले आवेदन किया था। आवेदन के पश्चात 24 अप्रैल 2024 को सीमांकन की तारीख भी तय की गई थी।

दशरथ सिंह का आरोप है कि सीमांकन के दौरान उनकी कुल ८ लाइन की जमीन में से कुछ हिस्से का सीमांकन तो किया गया, लेकिन बाकी हिस्से को अधूरा छोड़ दिया गया। किसान का कहना है कि उन्होंने कई बार पटवारी और आरआई मैडम से इस संबंध में गुहार लगाई, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई।

भ्रष्टाचार और मानसिक प्रताड ?ा का आरोप

शिकायती पत्र में किसान ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि पटवारी द्वारा सीमांकन के नाम पर बार-बार रुपयों की मांग की जा रही है। किसान ने स्पष्ट किया कि पटवारी का कहना है कि यदि रुपए दोगे तो ही नापती करेंगे, वरना नहीं। अधिकारियों के इस अडि ?ल रवैये से परेशान होकर किसान अब आर्थिक और मानसिक रूप से टूट चुका है।

**10 दिन का दिया अल्टीमेटम**

पीड़ित किसान ने कलेक्टर से विनम्र निवेदन किया है कि उनकी भूमि का सीमांकन जल्द से जल्द सही तरीके से करवाया जाए। पत्र के माध्यम से चेतावनी दी गई है कि यदि आज 5 मई 2026 से अगले 10 दिनों के भीतर सीमांकन कार्य पूर्ण नहीं हुआ और समस्या का निराकरण नहीं किया गया, तो वे अपने पूरे परिवार के साथ जिला कलेक्टर कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल पर बैठने को मजबूर होंगे।

किसान ने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति या जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। अब देखना यह है कि इस गंभीर शिकायत के बाद जिला प्रशासन मामले में क्या संज्ञान लेता है।

## सेवा और दान पात्र लोगों के लिए और समय अनुकूल हो : उपाध्याय

### संस्था परस्पर की सेवाएं अनुकरणीय : पोखरना

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम

दान और सेवाएं भी समय अनुकूल और पात्र व्यक्तियों के लिए ही होना चाहिए तभी इसका महत्व है उपयुक्त और आवश्यकता के अनुसार लोगों की सेवा करना अत्यंत पुनीत कार्य है। ग्रीष्म काल में लोगों के लिए प्याऊ की स्थापना और पक्षियों के लिए सकोरे उपलब्ध कराना श्रेष्ठतम गतिविधि है। संस्था परस्पर यह पुनीत कार्य कर अन्य संस्थाओं के लिए प्रेरणा का कार्य कर रही है।

उपरोक्त विचार परस्पर संस्था द्वारा कॉलेज रोड पर आयोजित प्याऊ के लोकार्पण और पक्षियों के लिए स्कोर वितरण कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री प्रदीप उपाध्याय ने व्यक्त किये। आपने कहा कि मुझे खुशी है रतलाम वासी मानवी सेवाओं के प्रति संवेदनशील है और पशु पक्षियों के जीवन के प्रति भी सचेत है।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रसिद्ध चार्टर्ड अकाउंटेंट समाजसेवी नवीन पोखरणा जी ने कहा कि भीषण गर्मी में लोगों के लिए पेयजल उपलब्ध कराना अत्यंत प्रेरणादाई पुनीत कार्य है लोगों की प्यास बुझाने उत्कृष्ट मानव सेवा है जो संस्था द्वारा विगत कई वर्षों से की जा रही है।

आरंभ में संस्था अध्यक्ष महेश अग्रवाल ने स्वागत भाषण देते हुए सेवा गतिविधियों की जानकारी प्रदान की एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर अतिथियों ने जल पीकर सकोरे वितरित किए।

स्वागत संस्था संरक्षक अभय सुराणा महेश व्यास, सचिन गेलड़ा, मिलन राखेचा, रमेश पोरवाल, मनीष बोरा, अभय लोढ़ा, सुभाष नागौरी, नितेश खेमसरा, कमलेश पालीवाल, शैलेंद्र व्यास, चंदन राठौर, एमके जैन, पंकज राठी, तुषार संघवी, सोनू व्यास, मितेश अग्रवाल, अमित डांगी, पवन परिहार, मनीष शर्मा, ओ पी पोरवाल, जगदीश सोनी, राजेंद्र कसेरा, ललित सेठ, दशरथ पोरवाल, हेमंत राठौड़, पंकज चौहान, तरुण परमार, सुनील मालपानी आदि ने किया। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता दिनेश शर्मा ने एवं आभार मिलन राखेचा ने व्यक्त किया।

## न्यूज -कॉलम

### तालोद-खेमासा के बीच बेसुध हालत में मिला ड्रायवर

**उज्जैन।** चिंतामण थाना क्षेत्र के ग्राम तालोद और खेमासा के बीच बस ड्रायवर राकेश पिता राजाराम 36 साल निवासी ग्राम खेमासा मंगलवार शाम बेसुध हालत में पड़ा मिला। परिजनों को खबर मिली तो मौके पर पहुंचे। भाई अजय उपचार के लिये चरक अस्पताल लेकर आया। डॉक्टरों ने जहरीला पदार्थ खाने की आशंका जताई। हालत गंभीर होने पर मामले की सूचना ड्युटी कम्पाउंडर द्वारा चिंतामण थाना पुलिस को दी गई है।

### टोल प्लाजा पर तोड़फोड़ का 10 दिन बाद केस दर्ज

**उज्जैन।** राघवी थाना पुलिस ने 10 दिन पहले उज्जैन-गरोठ मार्ग खेडा खजूरिया टोल प्लाजा पर हुई तोडफोड के मामले में टोल मैनेजर अभिषेक पिता विनोद कुमार बैरागी निवासी जबलपुर की शिकायत पर पंकज शर्मा और उसके साथी के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पंकज टोल का कर्मचारी था। जिसे नौकरी से निकाल दिया गया था। पंकज ने 23 अप्रैल को तुलाहेडा टोल पर भी उत्पात मचाया था और कर्मचारियों के साथ मारपीट कर तोडफोड की थी। उक्त मामले में भी प्रकरण दर्ज किया था।

### कार में छुपाकर लाया था शराब, जेल भेजा



**उज्जैन।** स्वीफ्ट कार में देशी शराब की 7 पेटी लेकर तराना आ रहे शराब तस्कर को पुलिस ने घेराबंदी कर पकडा था। 30 हजार की शराब बरामद होने पर आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। एसआई रविन्द्र कटारे ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर स्वीफ्ट कार को बगोदा रोड हनुमान टेकरी के पास नाकाबंदी कर पकडा गया था। चालक ने भागने का प्रयास किया था। जिसे पीछा कर दबोच लिया गया था। पूछताछ में उसका नाम शेरसिंह पिता भगवानसिंह 29 साल ग्राम राचीखेडी तहसील तराना सामने आया था। जिसे मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। एसआई कटारे के अनुसार आरोपी पूर्व में भी अवैध शराब के मामले में माकडोन पुलिस की गिरफ्त में आ चुका था। वह काफी समय से अवैध शराब का कारोबार कर रहा है। उससे बरामद शराब 30 हजार और स्वीफ्ट ढाई लाख कीमत की पाई गई है।

### फिलिंग स्टेशन पर कार सवारों ने कर्मचारी मारे थप्पड

**उज्जैन।** नैनावद घाटी पर ज्योति फिलिंग स्टेशन पर सोमवार-मंगलवार रात कार में सवार 3 से 4 युवक पहुंचे। उन्होने कर्मचारी को सीएनजी भरने के लिये कहा। कर्मचारी कतार में लगे दूसरे वाहनों में गैस भर रहा था। तभी कार सवारों ने पहले डालने की बात पर विवाद शुरू कर दिया और कर्मचारी के साथ थप्पड-मुक्कों से मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। तराना थाना पुलिस के अनुसार मारपीट में कर्मचारी देवेन्द्र पिता बालूसिंह राजपूत 26 साल निवासी नैनावद चोंट लगी है। जिसकी शिकायत पर मामले में कार सवारों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। कार शाजापुर की होना बताई जा रही है। जिसका नम्बर ट्रेस कर मारपीट करने का पता लगाया जा रहा है।

### बाइक सवार को चार पहिया वाहन ने मारी टक्कर

**उज्जैन।** हरिफाटक ब्रिज से गदापुलिया की ओर आ रहे बाइक सवार पवन पिता गोविंद कुमावत निवासी खेडा खजूरिया को चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। घायल होने पर कुछ लोगों ने पुलिस कंट्रोलरूम को सूचना दी। पाइंट मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस की डायल 112 घटनास्थल पहुंची और घायल को चरक अस्पताल पहुंचाया गया। बाइक सवार घायल शराब के नशे में था। उसे हाथ और पैर में गंभीर चोंट लगी थी। डॉक्टरों ने उपचार के लिये ऑपरेशन थियेटर भेजा। घायल के पास मिले मोबइल के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। घायल नागझिरी स्थित सिलाई फैक्ट्री में काम करता है और अपने घर लौट रहा था। अस्पताल स्टॉफ की ओर से महाकाल थाना पुलिस को सूचना दी गई है।

### उज्जैन के एमआर की सुसनेर सड़क दुर्घटना में मौत

**उज्जैन।** आगररोड स्थित इंदिरानगर में रहने वाला अखिलेश पिता चिंतामण तिवारी 40 साल एमआर था। सोमवार को एमआर दोस्त अशीष पिता सुरेन्द्र जोशी निवासी इंदौर के साथ कार से आगर-मालवा गया था। वापस लौटते समय सुसनेर में ट्राले से भिड़ंत हो गई। कार चला रहे अखिलेश की मौके पर मौत हो गई। दोस्त गंभीर घायल हुआ है। दुर्घटना की खबर मिलने पर दोनों के परिजन सुसनेर पहुंच गये थे। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और ट्राला चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज किया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 137-1 | 148-3 |
| मेन बाजार | 890-7 | 47-7 |
| कल्याण नाइट | 334-0 | 260-8 |
| मिलन डे | 788-3 | 570-2 |
| मिलन नाइट | 678-1 | 380-1 |
| मधुर डे | 368-7 | 590-4 |
| मधुर नाइट | 235-0 | 237-2 |
| शुभांक | 1 7 | 3 |

### रिमांड पर पूछताछ जारी, फरार पुत्र की तलाश....

# धार से गिरफ्त में आया व्यापारी की हत्या का आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



अनाज व्यापारी की 10 दिन पहले हुई हत्या के फरार आरोपी को सोमवार-मंगलवार रात धार से गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में आरोपी का पुत्र भी शामिल था, जिसकी तलाश जारी है।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि 24 अप्रैल को तुलसी वेयर हाऊस के पास अनाज व्यापारी राजेन्द्र कुमार उर्फ राजू पिता सौभागमल जैन 65 साल की ग्राहक से अनाज खरीदने की बात पर हुए विवाद में 100 मीटर दूरी पर अनाज की दुकान संचालित करने वाले निलेश शाह और उसके पुत्र आदर्श शाह ने ताल-घूंसों से पीटकर हत्या कर दी थी। मामले में मृतक व्यापारी के पुत्र अंशुल जैन की शिकायत पर पिता-पुत्र के खिलाफ धारा 103 (1) 351(3),296 (बी), 3(5) का प्रकरण दर्ज किया था। दोनों पिता-पुत्र फरार थे, जिनकी तलाश में लगातार उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही थी। 10 दिन बाद पता चला कि हत्या में शामिल निलेश पिता धन्नालाल शाह 45 साल निवासी ग्राम पलदुना धार में फरारी काट रहा है। रात में एसआई हेमंत कटारे, प्रधान आरक्षक राहुलसिंह राठौर, हेमराज खरे, आरक्षक महेश मोर्य की टीम रवाना की गई। जहां से निलेश शाह को गिरफ्तार कर ब?नगर लाया गया। मंगलवार दोपहर न्यायालय में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी निलेश का पुत्र आदर्श फरार है। जिसके संबंध में पूछताछ कर गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

#### काम बंदकर व्यापारी ने सौंपा था ज्ञापन

अनाज व्यापारी राजेन्द्र कुमार जैन की हत्या में शामिल आरोपियों की 7 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं होने पर 3 दिन पहले अनाज व्यापारियों ने मंडी में फसल खरीदी बंदकर गिरफ्तार करने की मांग करते हुये ज्ञापन सौंपा था। थाना प्रभारी पाटीदार ने व्यापारियों को 2 दिन में गिरफ्तारी का आश्वासन देकर मंडी में खरीदी का काम शुरू कराया था। थाना प्रभारी की टीम ने 2 दिन में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। दूसरे फरार आरोपी को भी जल्द गिरफ्तार करने की बात कहीं गई है।

## दिनदहाड़े दरवाजा तोड़कर बदमाशों ने चुराये 12 लाख रूपये

### किसान के घर चोरी का 7 दिन बाद दर्ज किया मामला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



किसान के मकान का दिनदहाडे दरवाजा तोडकर हुई 12 लाख रूपये की चोरी के मामले में 7 दिन बाद पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया। अब बदमाशों की तलाश शुरू की गई है।

राघवी थाना क्षेत्र के महुडीपुरा में रहने वाला दिलीप पिता मदनलाल शर्मा खेती किसानी का काम करता है। 26 अप्रैल को उसके पुत्र महेश और पुत्री मनीषा का सामूहिक सम्मेलन में विवाह था। परिवार सुबह ग्राम पलदूना सम्मेलन में गया था। शाम 6 बजे वापस लौटा तो मकान का दरवाजा टूटा हुआ था। घर में रखी पेटी खुली हुई थी। जिसमें रखे 12 लाख रूपये नगद गायब थे। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने जांच के बाद 4 मई की देर शाम अज्ञात बदमाशों के खिलाफ चोरी का प्रकरण दर्ज किया गया। बताया जा रहा है कि किसान दिलीप शर्मा ने बच्चों की शादी के लिये अपनी 2 बीघा जमीन का सौदा 6.67 लाख में किया था। शेष रूपये 5.33 लाख परिचित से उधार लिये थे। कुल 12 लाख उसने घर में रखे थे। जिसे बदमाश चुराकर ले गये है। आशंका जताई जा रही है कि वारदात करने वालों को घर में रूपये रखने होने की जानकारी थी। दरवाजा तोडने के बाद पेटी में रखे रूपये ही चोरी किये गये है।

#### इधर बाइक सवारों का नहीं मिला सुराग

नीलगंगा थाना क्षेत्र के सार्थक नगर में विजय जैन के मकान में 2 मई को लाखों की चोरी होना सामने आया था। मामले में पुलिस ने जांच शुरू की थी। इस दौरान रात में बाइक पर सवार 2 बदमाश दिखाई दिये थे। बाइक चल रहे बदमाश ने चेहरे पर रूमाल का नकाब बांध रखा था। पीछे बैठे बदमाश ने हेलमेट लगाया था। पुलिस फुटेज के आधार पर दोनों की तलाश कर रही है। मंगलवार शाम तक दोनों का सुराग नहीं मिल पाया था।

#### चोरी की वारदातों का बडा ग्राफ

शादी समारोह के सीजन में चोरी की वारदातों का ग्राफ बड गया है। बदमाश सूने मकानों का निशाना बना रहे है। पिछले कुछ दिनों में नीलगंगा थाना क्षेत्र के सार्थकनगर, सुभाषनगर, तिरूपति डायमंड कालोनी में चोरी की बडी वारदात हो चुकी है। बदमाशों ने मक्सीरोड स्थित भाजपा महिला पार्षद के मकान का भी ताला तोडकर आभूषण चोरी किये थे। सभी वारदातों में फुटेज सामने आने पर पुलिस अब तक बदमाशों का पता नहीं लगा पाई है।

## पानी की तलाश में 50 फीट गहरे कुएं में गिरी गाय



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

**ढाई घंटे की मशक्कत के बाद निकाला बाहर**

पानी की तलाश में मंगलवार को पांच माह की गर्भवती गाय 50 फीट कुएं में गिर गई। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से गाय का ढाई घंटे की मशक्कत के बाद सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घट्टिया थाना एसआई शैलेन्द्रसिंह अलावा ने बताया कि ग्राम नजरपुर में दोपहर के समय 50 से 55 फीट गहरे कुएं में एक किसान की गाय के गिरने का मामला सामने आने पर पुलिस पहुंची थी। कुएं में पानी काफी अधिक था। गाय को बाहर निकाले के लिये रेस्क्यू शुरू किया गया। करीब 10 से 12 फीट पानी कुएं से खाली कराया गया और क्रेन की मदद से 2 युवकों को नीचे उतारा गया। दोनों ने गाय को क्रेन के पट्टे में लपेटा और ढाई घंटे की मशक्कत के बाद गाय का बाहर निकाल लिया गया। गाय पांच माह की गर्भवती थी। गाय को निकालने के लिये शुरू किये गये रेस्क्यू के दौरान ग्रामीणों की काफी भीड जमा हो गई थी। बेजुबान को बाहर निकालने के लिये ग्रामीणों की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

### जीजा से विवाद करता देख साले ने मारा चाकू

**उज्जैन।** हीरामिल की चाल में मंगलवार सुबह 2 भाईयों के बीच विवाद हो रहा था। एक भाई के साले ने देखा तो उसने चाकू से जीजा के भाई पर वार कर दिया। देवासगेट थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

देवासगेट थाना प्रधान आरक्षक सुमित सोनाने ने बताया कि चरक अस्पताल से सूचना मिली थी कि चाकू लगने से घायल हीरामिल की चाल में रहने वाले कुंदन पिता मानसिंह अकोदिया को भर्ती किया गया है। सूचना पर घायल के बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंचे। इस दौरान सामने आया कि कुंदन का विवाद अपने बडे भाई सोनू से हो गया था। विवाद देख भाई सोनू का साला देवेन्द्र टाटावत आया और चाकू से वार कर दिया। घायल कुंदन को सात टांके आये है। मामले में धारा 115 (2), 351 (2) का प्रकरण दर्ज कर चाकू मारने वाले की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि घटनाक्रम के बाद मामला एक ही परिवार से जुडा होने पर परिजनों ने दबाने का प्रयास किया, लेकिन घायल को चोंट ज्यादा होने पर परिवार की पुलिस के सामने नहीं चली।

## बड़नगर से आये युवक के पास मिली एमडी ड्रग्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



मादक पदार्थ की पुडिया बेचने बडनगर से आये युवक की खबर मिलने पर सोमवार-मंगलवार रात पुलिस ने उसे घेराबंदी कर पकडा। युवक के पास से 15 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद की गई है।

जिले का नशा मुक्त बनाने के लिये एसपी प्रदीप शर्मा के निर्देशन में लगातार अवैध मादक पदार्थ कारोबार में शामिल आरोपियों की धरपकड का अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीती रात नीलगंगा थाना पुलिस को खबर मिली कि सांवराखेडी पंचमुखी हनुमान मंदिर क्षेत्र में पीले रंग की शर्ट पहना युवक मादक पदार्थ की पुडिया बेचने की फिराक में खडा है। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने एसआई भूपेन्द्रसिंह चौहान, आरक्षक अंकित, विक्रम और प्रशांत को सांवराखेडी रवाना किया। पीले रंग की शर्ट पहने युवक ने पुलिस को देखा तो बचकर निकलने का प्रयास करने लगा। टीम ने उसका पीछा किया और दबोच लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम तनवीर उर्फ तनु पिता ताहिर शेख 21 साल निवासी शाहजलालपुरा बडनगर बताया। एसआई चौहान द्वारा तलाशी लेने पर उसके पास से प्लास्टिक की थैली में रखा मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स बरामद हो गया। एसआई चौहान के अनुसार मामले में एनडीपीएस एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। मंगलवार दोपहर कोर्ट में पेश कर पूछताछ के लिये रिमांड पर लिया गया है। आरोपी ड्रग्स किसे देने आया था और कहां से लाया था, इस संबंध में पूछताछ जारी है।

## चार ट्रेनों सवार यात्रियों के मोबाइल चोरी

**उज्जैन।** ट्रेनों में यात्रियों का सामान चोरी होने की वारदात थम नहीं रही है। एक बार फिर चार ट्रेनों में यात्रियों के कीमती मोबाइल चोरी होने का मामला सामने आया है। जीआरपी ने चारों यात्रियों की शिकायत दर्ज की है।

बताया जा रहा है कि नागदा की ओझा कालोनी का रहने वाला नवीन पिता प्रेमनारायण शर्मा 34 साल इंदौर-गांधीनगर एक्सप्रेस में सोमवार रात को इंदौर से नागदा का सफर कर रहा था। उसी दौरान बदमाशों ने उसका मोबाइल चोरी कर लिया। दूसरी वारदात डेमू ट्रेन में मीता पति अनिल राठौर 50 साल निवासी मंदसौर के साथ हुई। मीता अपने पुत्र के साथ ट्रेन में सवार थी। शिप्रा ब्रिज के पास पता चला कि बेग में रखा मोबाइल गायब है। तीसरी मोबाइल चोरी की वारदात का शिकार दामोदरखेडी विदिशा के दीपेश अहिरवार के साथ हुई। शांति एक्सप्रेस के जनरल कोच में अहमदाबाद से इंदौर आ रहे दीपेश को मोबाइल बदमाश ने चोरी कर लिया। चौथा मामला अहमदाबाद निवासी भूपेन्द्र भाई के साथ उज्जैन स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 4 पर हुआ। भूपेन्द्र अपने दोस्त संतोष यादव के साथ महाकाल दर्शन करने आये थे। वापस लौट समय ट्रेन में चढने के दौरान भीड के बीच बदमाशों ने उनकी जेब से मोबाइल उडा दिया। चारों मामलों में पुलिस ने शिकायत दर्ज कर लोकेशन ट्रेस करना शुरू किया है। ट्रेनो में सबसे अधिक मोबाइल चोरी की वारदात होना सामने आ रहा है। विगत शनिवार को ही जीआरपी ने ट्रेनों में मोबाइल चोरी करने वाले शाजापुर के बदमाश विनोद मेवाडा उर्फ चोंटी को गिरफ्तार किया था। जिसके पास से 1.88 लाख कीमत के 18 मोबाइल बरामद किये गये थे। बावजूद ट्रेनों में वारदात थम नहीं रही है। बदमाश भीड के बीच यात्रियों के मोबाइल चोरी करने के बाद बीच रास्ते में पडने वाले स्टापेज पर उतरकर गायब हो जाते है।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम नियमतबाई पति अकबर ( NIYAMATABAI w/o AKABAR ) था जो अब बदलकर नियमतबाई पति हाजी अकबर पटेल ( NIYAMATABAI w/o HAJI AKBAR PATEL ) हो गया है अत: मुझे भविष्य में इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए ।

**नियमतबाई पति हाजी अकबर पटेल**
**निवासी-106,गांव ब्यावरा, बिओरा,**
**ताजपुर, उज्जैन ( म.प्र. )**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड उज्जैन की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है। कि भूखंड/भवन क्रमांक 12 ब्लॉक सी तिरूपति ड्रीम्स ग्राम दाउदखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है जिसका कुल क्षेत्रफल 65.03 वर्गमीटर अर्थात 700 वर्गफीट है जिसके पूर्व में - सड़क कॉलोनी की, पश्चिम में भूखंड क्रमांक 31, उत्तर में भूखंड क्रमांक 13, दक्षिण में भूखंड क्रमांक 11 की स्थित है उक्त संपत्ति राधेश्याम बरोठिया पिता श्री रामसिंहजी ने बजर्ये ई रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक एमपी432022020ए 1720466 दिनांक 03.11.2020 के माध्यम से इसके पूर्वस्वामी मेसर्स तिरूपति ईस्टेट द्वारा भागीदार महेश परियाणी पिता स्व. श्री नारायणदासजी परियाणी आदी से विधिवत रूप से कफ की थी तथा राधेश्याम बरोठिया का देहांत दिनांक 26.11.2024 को हो जाने के पश्चात उनके वैधवारिसान राधेश्याम बरोठिया की धर्मपत्नि श्रीमती मंजु व पुत्री प्रिया उक्त संपत्ति के स्वामी हुई तथा उक्त संपत्ति पर श्रीमती मंजु व पुत्री प्रिया ने ऋण प्राप्त करने हेतु आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया है तथा मेरे पक्षकार उक्त संपत्ति बंधक कर ऋण प्रदान करने जा रहे है अत: सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था, पेढी, बैंक आदि का कोई हित हिस्सा अधिकार या अन्य किसी भी प्रकार का लेन-देन हो तो सूचना प्रकाशन की दिनांक से 07 दिन के अंदर लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति या दावा आदि मेरे पक्षकार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त संपत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी तथा ऋण स्वीकृत किये जाने की दशा में उक्त संपत्ति पर प्रथम ऋण भार आधार हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी। सूचित हो। इतिदिनांक 05.05.2026

**रविनंदन सिंह हंस, एडवोकेट**
**डीएफ-8, प्रथम मंजिल भरतपुरी कॉम्पलेक्स देवास रोड, उज्जैन**
**मो. नं. 9691514933**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी नरेन्द्र सिंह पिता श्री हरिसिंह निवासी ग्राम कोल्हूखेड़ी तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-55/2 रकबा 0.750 हेक्टयर स्थित ग्राम निपान्याबदर तहसील झारड़ा जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर-08 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

इति दिनांक-05.05.2026

**राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट**
**कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन**
**मो. 9993079516-9425094349**


### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शिवराजपालसिहं पिता अर्जुनसिहंजी जाति राजपुत निवासी ग्राम हासमपुर जिला उज्जैन द्वारा विक्रेता अशोक पिता मुलचन्दजी जाति ब्राहमण निवासी महुडी दोलतपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि सर्वे नम्बर 1055 रकबा 0.86 हे., मेसे रकबा 0.43 हे. भूमि ग्राम नरसिंगा तहसील बड़नगर जिला उज्जैन में स्थित होकर उक्त भूमि वर्तमान में गीताबाई पति मुलचन्दजी जाति ब्राहमण के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज है जिसकी फोती नामांतरण की कार्यवाही लंबित है। उपरोक्त भुमि को बिक्री करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिक्री कि गई भूमि का विक्रय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकिय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधी समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी। सुचित हो।

दिनांक-05/05/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी ( एडव्होकेट ) विकास त्रिवेदी ( से.प्र. )**
**कोर्ट परिसर बडनगर मो.न. 8871902775**

## दुकानदार ने बच्चे को चार सीपों में महंगी गुड़िया दे दी, जानिए क्यों



बच्चे ने पूछा सर, कितनी कीमत है इस गुड़िया की? दुकानदार ने बडे. प्यार से बच्चे से पूछा, बताओ बेटे, आप क्या दे सकते हो? 6 वर्ष का एक लड़का अपनी 4 वर्ष की छोटी बहन के साथ छोटे बाजार से जा रहा था। अचानक उसे लगा कि, उसकी बहन पीछे रह गई है। वह रुका, पीछे मुड़कर देखा, तो उसकी बहन एक खिलौने की दुकान के सामने खडी.कोई चीज निहार रही है। लड़का पीछे आता है और बहन से पूछता है, कुछ चाहिए तुम्हे? लड़की एक गुड़िया की तरफ उंगली उठाकर दिखाती है।बच्चा उसका हाथ पकड़ता है, एक जिम्मेदार बडे.भाई की तरह अपनी बहन को वह गुड़िया देता है। बहन बहुत खुश हो गई है। दुकानदार यह सब देख रहा था, बच्चे का प्रगल्भ व्यवहार देखकर आश्चर्यचकित भी हुआ। अब वह बच्चा बहन के साथ काउंटर पर आया और दुकानदार से पूछता है। ११सर, कितनी कीमत है इस गुड़िया की? दुकानदार ने बडे.प्यार और अपनत्व से बच्चे से पूछा, बताओ बेटे, आप क्या दे सकते हो?

बच्चा अपनी जेब से वो सारी सीपें बाहर निकालकर दुकानदार को देता है, जो उसने थोड़ी देर पहले बहन के साथ समुंदर किनारे से बीनी थी। दुकानदार वो सब लेकर यूं गिनता है, जैसे पैसे गिन रहा हो। सीपें गिनकर वो बच्चे की तरफ देखने लगा, तो बच्चा बोला, सर कुछ कम है क्या...? दुकानदार ने कहा कि नहीं-नहीं, ये तो इस गुड़िया की कीमत से कहीं ज्यादा है और ज्यादा मैं वापिस कर देता हूं। यह कहकर उसने 4 सीपें रख ली और बाकी बच्चे को वापस दे दी। बच्चा बड़ी खुशी से वो सीपें जेब में रखकर बहन को साथ लेकर चला गया। यह सब उस दुकान का नौकर देख रहा था, उसने आश्चर्यसे मालिक से पूछा। मालिक इतनी महंगी गुड़िया आपने केवल 4 सीपों के बदले में दे दी, क्यों? दुकानदार हास्य करते हुए बोला, हमारे लिए ये केवल सीप है, लेकिन उस 6 साल के बच्चे के लिए बेहद मूल्यवान है।

क्योंकि अभी इस उम्र में वो नहीं जानता है कि पैसे क्या होते हैं। पर जब वह बड़ा होगा और उसे याद आएगा कि उसने प्यारी सीपों के बदले बहन को गुड़िया खरीदकर दी थी, तो उसे मेरी याद जरुर आएगी।

वह सोचेगा कि यह विश्व अच्छे मनुष्यों से भरा हुआ है। यही बात उसके अंदर सकारात्मक दृष्टिकोण बनाने में मदद करेगी और वो भी अच्छा इंसान बनने के लिए प्रेरित होगा।

**सम्पादकीय**

# जनादेश का संदेश

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के नतीजे इतने दिलचस्प आए हैं कि कई दिनों तक चर्चा जारी रहेगी। दोराय नहीं, पश्चिम बंगाल का चुनावी रण सबसे खास बन गया था और यहां भाजपा पहली बार अपनी जीत का ध्वज फहराने में कामयाब हुई है। भाजपा का केंद्रीय नेतृत्व बंगाल में जिस तरह पार्टी को मजबूत करने में लगा था, उसके नतीजे आ गए हैं। ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस के हाथ से सत्ता क्यों फिसली? इसके कुछ प्रमुख कारणों पर ध्यान देना चाहिए। अव्वल तो एसआईआर की जरूरत से ज्यादा आलोचना तृणमूल को भारी पड़ी है। संदेश यही गया कि तृणमूल संदिग्ध वोटर को बचाना चाहती है। नतीजा यह कि राज्य में रिकॉर्ड मतदान हुआ, जो भाजपा के पक्ष में गया। दूसरा कारण, सत्ता विरोधी लहर। लोग पंद्रह साल पुरानी सरकार को बदलना चाहते थे। तीसरा कारण, बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ हुई हिंसा ने बंगाल में ध्रुवीकरण को बढ़ाया। धर्म विशेष के प्रति तृणमूल के ज्यादा झुकाव ने भद्रलोक को नाराज किया। कभी भद्रलोक की प्रतिनिधि रही दीदी की चमक धीरे-धीरे उतर गई। ऐसा क्यों हुआ, यह सोचने के लिए उनके पास अब काफी वक्त होगा। दूसरी ओर, अब भाजपा के सामने बंगाल राज्य और बंगाली राजनीति को भद्रलोक के अनुकूल बनाना सबसे बड़ी चुनाती होगी।

ममता बनर्जी की तरह ही तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन भी कुछ अक्खड़ता प्रदर्शित करने लगे थे। दोनों ही नेता केंद्र सरकार, भाजपा और प्रधानमंत्री को कुछ ज्यादा ही कटुता से निशाना बनाते थे। दोनों ही नेताओं ने महिला आरक्षण के ताजा प्रयासों का तीखा विरोध किया था। अब यह अध्ययन का विषय होगा कि क्या महिलाओं की नाराजगी दोनों नेताओं पर भारी पड़ी है? हिंदी, हिंदू और उत्तर भारत के विरोध में भी द्रमुक तमाम सीमाएं लांघ जाती थी। साथ ही, उनके खिलाफ सत्ता विरोधी लहर ने भी काम किया। खैर, इस सूबे की सिनेमाई सियासत ने जो रंग दिखाया है, उसकी लंबे समय तक विवेचना होगी। एक सिनेमाई अभिनेता विजय में लोग अपना नेता तलाश चुके हैं और ऐसा करते हुए उन्होंने द्रमुक और अन्नाद्रमुक को चुनते रहने का क्रम तोड़कर सबको चौंका दिया है। वैसे, पुड्डूचेरी के नतीजों ने किसी को नहीं चौंकाया है।

केरलम में वामपंथियों की सत्ता अब इतिहास में दर्ज हो जाएगी। पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा में एक समय वाम पार्टियां बहुत मजबूत थीं, पर अब उनके दिन लद गए हैं। केरलम में कांग्रेस के नेतृत्व वाले गठबंधन की जीत कांग्रेस के लिए संजीवनी की तरह है। वहां भी सत्ता विरोधी लहर ने खूब काम किया है और दस साल बाद कांग्रेस सत्ता में लौटी है।

**बंगाल में बीजेपी की ऐतिहासिक जीत**

# यह जनता की जीत है, किसी पार्टी की नहीं



डॉ. स्वामीनाथ पाण्डेय (दैनिक अवन्तिका)





बहुप्रतीक्षित पश्चिम बंगाल चुनाव का परिणाम आ चुका है और 15 वर्षों से प्रयासरत भाजपा वहां अपनी स्थिति मजबूत करके सरकार बनाने जा रही है। 04 मई 2026 को सुबह से ही राजनीति की एबीसीडी जानने वालों से लेकर विषय विशेषज्ञ तक यह कहते सुने और देखे जा रहे थे कि बराबर का खेला होगा। कुछ कह रहे थे कि ममता दीदी को हराना मुश्किल ही नहीं असंभव है। कुछ का कहना था कि नहीं, इस बार भाजपा कड़ी टक्कर देगी और 99% उम्मीद है कि सरकार बना भी लेगी। शाम 05.00 बजे तक जब परिणाम स्पष्ट हो गया कि भाजपा भारी बहुमत से पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव जीत चुकी है। तब राजनीति की एबीसीडी जानने वाले और विशेषज्ञों ने एक स्वर से माना कि हां! पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनेगी। असम और पुडुचेरी में भी भाजपा की सरकार बन रही है। तो यहां जो लोग इन सभी जीतों को पार्टी की जीत बता रहे हैं, वहां मेरा ऐसा मानना है कि यह जीत जनता की है न कि किसी पार्टी की। कारण यह है कि जनता का रुझान जिधर होता है, उधर जीत हासिल होती है। धन्यवाद देना चाहिए पश्चिम बंगाल की सरकार को, जिन्होंने अपने सत (?) कार्यों से वहां रहने वाले सनातनियों को बहुत बड़ी सीख दी। वह यह कि **बंटोगे तो कटोगे।** शायद उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगीजी ने जो नारा दिया था, वह पश्चिम बंगाल सरकार की कार्यशैली से ही लिया होगा । पश्चिम बंगाल को जिन्होंने देखा है उनको बिठाकर आप पूछ लीजिए कि वहां की स्थिति क्या है? जो राज्य आजादी के पूर्व बहुत ही समृद्ध था, समुद्र के किनारे होने के कारण व्यापार का बहुत बड़ा केंद्र था, वह राज्य राजनीतिक दलों के स्वार्थ के कारण इतना पीछे चला गया कि आज **वहां देह व्यापार भी व्यापार की श्रेणी में रखा जाने लगा।** इस प्रजातांत्रिक देश में इससे बड़े शर्म की कोई दूसरी बात हो ही नहीं सकती। शर्म आनी चाहिए राजनीतिक दलों को कि जिन्होंने पश्चिम बंगाल की व्यावसायिक पहचान को मिटाकर देह व्यापार से उसकी पहचान बनवा दी। पश्चिम बंगाल में प्राकृतिक संसाधनों और आवागमन के साधनों की कोई कमी नहीं है, परंतु जिन राजनीतिक दलों ने भी वहां राज्य किया, उन्होंने गरीबों का नाम तो लिया, पर निरंतर गरीबी को बढ़ाने में सहयोग भी करते रहे। तांगा गाड़ी में घोड़े की जगह आदमी तांगा खींचता है और उसके तांगे पर हम और आप जैसे 04-06 आदमी बैठते हैं। इससे बड़ी अमानवीयता और क्या हो सकती है? वह पश्चिम बंगाल, जो जूते के लिए, टायर के लिए, कपड़ों के लिए, जूट के लिए, गहनों के लिए, मशीनरीज के लिए कभी जाना जाता था, वह आज देह व्यापार, गरीबी और भुखमरी के लिए जाना जाता है।

2026 का चुनाव ऐतिहासिक हुआ। लगभग 94% मतदान का अर्थ अलग-अलग विश्लेषकों ने अलग-अलग लगाया। मेरा ऐसा मानना है कि पश्चिम बंगाल की आज तक की सरकार ने वहां के सनातनियों को जागृत कर दिया। वह ऐसे कि आखिर कब तक तुम अपने हक की बात नहीं करोगे? वहां का वोटर इतना डर गया था कि वह चाह करके भी कुछ नहीं कह सकता था। वीडियो रिकॉर्डिंग में बताया गया है कि मोहल्ले के मोहल्ले, गांव के गांव वोट देने निकलते ही नहीं थे। कुछ गुंडे आकर कह देते थे वोट देने मत जाना, तुम्हारा वोट हमने डाल दिया है। इसी प्रकार जो भी शासकीय सुविधा आती थी, वह पहले मजबूत लोगों के पास जाती थी, उनकी मर्जी होती थी तो गरीबों को कुछ टुकड़े डाल देते थे, अन्यथा वह भी नहीं। वे गरीब जब सरकार के पास जाते थे, तब सरकार से उनको कोई न्याय नहीं मिलता था। अंतत वे खटमल मच्छर से भी गई-बीती जिंदगी जी रहे थे। 2026 के विधानसभा चुनाव में उन्हें मुखर होने का मौका मिला। केंद्र सरकार और चुनाव आयुक्त के द्वारा उन्हें पूर्ण सुरक्षा की गारंटी दी गई। इतने दिनों से वे जो प्रताड़ना झेल रहे थे, इससे मुक्त होने का वे भी मन बना चुके थे। उन्होंने विचार किया कि यह ऐसा मौका है कि अब नहीं तो कभी नहीं। यही कारण रहा होगा कि बिना जान की परवाह किए सबने घर से निकलकर भरपूर मतदान किया। जहां तक एसआईआर की बात की जाती है तो एसआईआर में उन्हीं वोटर्स के नाम कटे हैं। जो या तो अब इस दुनिया में नहीं हैं। या फिर पश्चिम बंगाल छोड़कर कहीं और चले गए हैं। यदि वहां रहने वाले वोटर्स के नाम काटे गए होते तो कोई तो निकल करके आता कि मैं यही रहता हूं और वोटर लिस्ट में मेरा नाम नहीं है। एक भी प्रकरण सामने नहीं आया। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने भी इस पर संज्ञान लिया था।

अब सवाल यह है कि कौन हारा और कौन जीता? तो मेरा मानना है कि **संयम रखने वाले लोग जीते और अतिवादी लोग हारे।** जब से देश में मतदान शुरू हुआ है तब से सनातनियों की यह स्थिति रही है कि- **ठीक है वोट देने गए न गए क्या फर्क पड़ता है।** उद्योग-धंधे करने वालों की मानसिकता यह रही कि हमें कौन-सा कोई खाने को दे रहा है। हम तो अपना व्यापार करेंगे, कमाएंगे और खाएंगे। अधिकारी वर्ग कहता था कि हमें क्या करना है, हमको तो हर महीने तनख्वाह मिल ही रही है। पेंशनर्स कहता था कि कोई मेरी पेंशन बढ़ थोड़े ही जाएगी, चाहे मतदान करें या न करें। इस चुनाव में सबने अपनी मानसिकता बदली और अंदर से जो खबर छनकर आई, वह यह कि यदि अब भी हम नहीं जागे तो आने वाले समय में पश्चिम बंगाल कहीं बांग्लादेश नंबर दो न हो जाए। अंदर ही अंदर इस मानसिकता ने प्रत्येक सनातनी वोटर को प्रभावित किया। अतः अमीर-गरीब सब घर से निकले और चिलचिलाती धूप में खड़े होकर मतदान किया। विशेष करके महिलाओं ने पुरुषों से एक प्रतिशत ज्यादा मतदान किया। अतः मेरा ऐसा मानना है कि यह जीत या हार पार्टियों की नहीं है, यह जीत जनता की है। वह जनता जो अभी तक सब कुछ सहन कर रही थी और चारा बनी हुई थी। भाई लोग उसको बड़े प्रेम से खा रहे थे। अब उस चारे ने कहा कि हम भी भाई बन रहे हैं और हमें भी चरना आ गया है। पश्चिम बंगाल चुनाव का प्रभाव अब देश के उन सभी राज्यों पर पड़ेगा, जहां-जहां भी चुनाव होंगे। पश्चिम बंगाल की आम जनता को धन्यवाद।

## बदबू के बीच खुशबू की तलाश

चमेली ने अभी पत्तल में दो सूखी रोटियाँ और नमक-मिर्च की चटनी करीने से सजाई ही थी कि गलियारे में जूतों की चरमराहट गूँजी। पेट के भीतर चूहे कत्थक कर रहे थे और बाहर सूरज खोपड़ी पर तांडव मचा रहा था। चमेली! ओ चमेली! जल्दी आ, तीसरी बी में लड़के ने उल्टी कर दी है। सब बजबजा रहा है, चपरासी ने मुँह बिगाड़कर सूचना दी। चमेली के हाथ में निवाला था, आँखों में भूख की नमी। उसने डबडबाई आँखों से दफ़्तर की ओर देखा जहाँ पंखे की हवा में हेडमास्टर साहब अपनी तोंद सहला रहे थे। साहब, बस दो कौर खा लूँ... सुबह से चाय की एक घूँट भी न उतरी हलक से, उसने गिड़गिड़ाते हुए कहा। उसकी आवाज में वही थरथराहट थी जो पतझड़ के आखिरी पत्ते में होती है। साहब ने चश्मा नाक पर टिकाया और बोले, भोजन? यह सरस्वती का मंदिर है चमेली, कोई ढाबा नहीं। घंटी बजने वाली है, क्या बच्चे उस दुर्गंध में क ख ग घ सीखेंगे? पहले सफाई, फिर शिष्टाचार। चमेली के सामने उसकी भूख एक अपराधी की तरह सिर झुकाए खड़ी थी। वह उठी, हाथ धोए नहीं बल्कि पोंछ लिए, क्योंकि साफ पानी तो केवल साहब के सुराही में था।

वह कक्षा की ओर बढ़ी। गलियारे में पसरी हुई वह गंध शिक्षा की गरिमा को चुनौती दे रही थी। बच्चे नाक पर रुमाल दबाए ऐसे देख रहे थे जैसे चमेली ही उस गंदगी की जननी हो। उसने बाल्टी उठाई। फिनाइल की तीखी गंध और उस अर्द्ध-पचित भोजन के ढेर के बीच एक अजीब सा युद्ध छिड़ा था। वह झुककर पोंछा लगाने लगी। हर रगड़ के साथ उसका अपना खाली पेट मरोड़ खा रहा था। जल्दी कर चमेली, देर हो रही है, मास्टर जी ने दूर से ही डंडा फटकारा। चमेली को लगा कि वह जमीन नहीं, अपनी ही अंतड़ियों को साफ कर रही है। साहब का तर्क पत्थर की लकीर था–ज्ञान के मार्ग में दुर्गंध का क्या काम? चाहे वह दुर्गंध किसी भूखे पेट की आह से निकल रही हो या किसी बीमार बच्चे के पेट से।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 06 मई 2026 बुधवार
सूर्योदय - 05:54 सूर्यास्त 18:53
ज्येष्ठ मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - चतुर्थी 07:51 उपरांत पंचमी
नक्षत्र - मूल 15:53 उपरांत पूर्वाषाढा
योग - सिद्ध 25:12 उपरांत साध्य
करण - बालव
चन्द्रमा - दिन पूर्ण धनु में रहेगा।
मुस्लिम मास - जिल्काद मास 18 तारिख

**मेष-** यात्रा लाभदायक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति होगी। कोई बड़ी समस्या का हल सहज ही होगा। समय अनुकूल है।

**वृषभ-** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन-** शेयर मार्केट, म्युचुअल फंड से मनोनुकूल लाभ होगा। बेरोजगारी के प्रयास सफल रहेंगे।

**कर्क-** आर्थिक उन्नति की योजना बनेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है।

**सिंह-** नए उपक्रम प्रारंभ हो सकते हैं। कार्यसिद्धि होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। सम्मान मिलेगा।

**कन्या-** जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। कमजोरी रहेगी। किसी बड़े काम को करने की तीव्र इच्छा जागृत होगी।

**तुला-** प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यापार लाभदायक रहेगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

**वृश्चिक-** भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। सभी तरफ से सफलता प्राप्त होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

**धनु-** ऐश्वर्य के साधनों पर अधिक व्यय होगा। कानूनी अड़चन दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी। शत्रु पस्त होंगे।

**मकर-** मेहनत अधिक होगी। लाभ के अवसर टलेंगे। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा।

**कुंभ-** कोई बड़ी बाधा उठ खड़ी हो सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें, गुम हो सकती है। विवाद के बढ़ावा न दें।

**मीन-** बुरी खबर मिल सकती है, धैर्य रखें। किसी व्यक्ति विशेष से कहासुनी हो सकती है। उत्साहवर्धक सूचना मिलेगी।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

# मानसिक गुलामी : स्वीकार्यता या हार की आदत?



कमलेश शर्मा
दैनिक अवन्तिका

आज का समाज तेजी से बदल रहा है। तकनीक, सुविधाएं और अवसर बढ़े हैं, लेकिन इसके साथ ही एक ऐसी खामोश समस्या भी गहराती जा रही है, जिस पर अक्सर ध्यान नहीं दिया जाता–मानसिक गुलामी। यह कोई बाहरी बंधन नहीं है, बल्कि सोच का वह जाल है, जिसमें फंसकर व्यक्ति अपनी ही स्वतंत्रता खो देता है। मानसिक गुलामी तब शुरू होती है, जब हम गलत को पहचानने के बावजूद उसे स्वीकार करने लगते हैं। शुरूआत में यह मजबूरी लगती है, फिर समझदारी का रूप ले लेती है, और अंततः आदत बन जाती है। यही आदत धीरे-धीरे हमारी सोच को सीमित कर देती है। हम परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढालते-ढालते इस हद तक पहुंच जाते हैं कि सही और गलत के बीच फर्क करना भी बंद कर देते हैं।

आज आम जीवन में इसके कई उदाहरण देखने को मिलते हैं। जब किसी व्यवस्था में खामियां होती हैं और उससे हमें नुकसान होता है, तो हम आवाज उठाने के बजाय चुप रहना बेहतर समझते हैं। हम सोचते हैं कि ॠहम अकेले क्या कर लेंगेॡ या ॠसिस्टम ऐसा ही हैॡ। यह सोच ही मानसिक गुलामी की असली पहचान है। यह हमें यह विश्वास दिला देती है कि बदलाव संभव नहीं है, जबकि इतिहास गवाह है कि हर बड़ा परिवर्तन किसी एक आवाज से ही शुरू हुआ है। मानसिक गुलामी का एक और रूप है–डर और असुरक्षा। कई बार लोग जानते हैं कि उनके साथ अन्याय हो रहा है, लेकिन वे बोलने से डरते हैं। उन्हें लगता है कि विरोध करने से स्थिति और खराब हो सकती है। यह डर धीरे-धीरे उनके आत्मविश्वास को खत्म कर देता है और वे समझौता करना ही अपनी नियति मान लेते हैं।

इस प्रवृत्ति का सबसे गंभीर प्रभाव समाज की आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है। बच्चे और युवा वही सीखते हैं जो वे अपने आसपास देखते हैं। यदि वे यह देखते हैं कि उनके बड़े हर परिस्थिति में चुप रहते हैं और अन्याय को सहन करते हैं, तो वे भी यही व्यवहार अपनाते हैं। इससे समाज में सवाल करने और सुधार की भावना कमजोर हो जाती है। एक ऐसा समाज, जहां लोग सवाल पूछना छोड़ दें, वहां विकास की गति रुक जाती है। यह भी समझना जरूरी है कि हर स्वीकार्यता गलत नहीं होती। कई बार परिस्थितियों को समझकर धैर्य रखना और सही समय का इंतजार करना समझदारी होती है। लेकिन जब यह स्वीकार्यता हमारी आदत बन जाए और हम हर स्थिति में बिना सोचे-समझे समझौता करने लगें, तब यह मानसिक गुलामी बन जाती है।

समाधान की बात करें तो इसकी शुरूआत व्यक्ति से ही होती है। सबसे पहले हमें अपने भीतर यह स्वीकार करना होगा कि समस्या है। इसके बाद हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक होना होगा। छोटी-छोटी बातों में भी सही के लिए खड़ा होना जरूरी है–चाहे वह सामाजिक व्यवहार हो, कार्यस्थल की स्थिति हो या सार्वजनिक व्यवस्था। इसके साथ ही, सामूहिक जागरूकता भी बेहद महत्वपूर्ण है। जब लोग एकजुट होकर अपनी बात रखते हैं, तो उनकी आवाज अधिक प्रभावी होती है। समाज में संवाद, शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से इस सोच को बदला जा सकता है। मीडिया, शिक्षण संस्थान और सामाजिक संगठन इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

अंत में, सबसे बड़ा प्रश्न यही है–क्या हम सच में परिस्थितियों को समझकर स्वीकार कर रहे हैं, या हमने हार मान ली है? यदि यह हार है, तो इसे पहचानना और इससे बाहर निकलना ही पहला कदम है। क्योंकि मानसिक गुलामी की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि इसमें बंधा व्यक्ति खुद को स्वतंत्र समझता है। यदि हमें एक मजबूत, जागरूक और आत्मनिर्भर समाज बनाना है, तो हमें अपनी सोच को स्वतंत्र करना होगा। हमें यह समझना होगा कि बदलाव मुश्किल जरूर है, लेकिन असंभव नहीं। एक छोटी सी जागरूकता, एक छोटी सी आवाज, और एक छोटा सा प्रयास–यही वह बीज हैं, जिनसे एक बेहतर भविष्य की शुरूआत होती है।

# बारात, संस्कार और बदलता समाज



प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

एक समय था जब बारात का आना केवल एक परिवार का दूसरे परिवार तक पहुँचना नहीं, बल्कि पूरे गाँव का उत्सव माना जाता था। घर-आँगन सजते थे, पंगत लगती थी, गीत गाए जाते थे, बुजुर्ग आशीर्वाद देते थे और मेहमानों की आवभगत को सम्मान का प्रश्न समझा जाता था। आज वही बारात कई जगहों पर समय की घड़ी में इतनी सिमट गई है कि पूरा आयोजन फटाफट जाओ, गटागट खाओ, सटासट लिफाफा पकड़ाओ और झटाझट वापस आओॡ की शैली में बदलता दिखता है। यह बदलाव केवल खानपान या आयोजन की शैली का नहीं है; यह सामाजिक संबंधों, सामूहिकता और भारतीय विवाह-संस्कृति की आत्मा में आए परिवर्तन का संकेत है। पहले विवाह एक लंबी सामाजिक प्रक्रिया हुआ करती थी, जिसमें रिश्ते बनते थे, पड़ोस जुड़ता था और संस्कार पीढ़ी-दर-पीढ़ी स्थानांतरित होते थे। अब बहुत-सी शादियाँ एक दिन के कार्यक्रम, होटल या गेस्ट हाउस और सीमित औपचारिकताओं में पूरी हो जाती हैं, जिससे परंपरा का विस्तार सिकुड़कर रस्म-अदायगी में बदलने लगा है।

भारतीय विवाह केवल दो व्यक्तियों का निजी समझौता नहीं रहा है; वह हमेशा से परिवार, समुदाय और संस्कृति का साझा आयोजन रहा है। ग्रामीण समाज में बारात का अर्थ था मेहमानों का खुला स्वागत, सामूहिक भोजन, लोकगीत, हँसी-मजाक और रिश्तों की गरिमा का सार्वजनिक प्रदर्शन। भोजन का पंगत में परोसा जाना, दूल्हे का पारंपरिक वेश, समधी की पगड़ी, घर के आँगन में बनी अस्थायी सजावट और रात भर का ठहराव–ये सब विवाह को संस्कार बनाते थे, साधारण समारोह नहीं।

इसी सामाजिक ढाँचे में मेहमान का मान बढ़ाना, उसे ठहराना, उसकी देखभाल करना और उसके साथ अपनापन बाँटना एक नैतिक कर्तव्य समझा जाता था। बाराती केवल खाने वाले आगंतुक नहीं थे; वे आने वाले नए रिश्ते के प्रतिनिधि थे। इसलिए उनका स्वागत भी उतना ही आत्मीय और विस्तृत होता था जितना स्वयं विवाह का अर्थ। यही कारण है कि पुराने लोग आज की जल्दी-जल्दी निपटने वाली शादियों को देखकर अक्सर कहते हैं–ॠअब शादी रही कहाँ, बस कार्यक्रम रह गयाॡ इस भावना में केवल शिकायत नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक सच भी छिपा है।

समय बदला है, जीवन-शैली बदली है और विवाहों पर भी उसका असर पड़ा है। शहरीकरण, महँगाई, नौकरीपेशा जीवन, सीमित अवकाश, यातायात और आयोजन-व्यवस्था की नई सुविधाओं ने शादियों को छोटा और नियंत्रित बनाया है। आज कई परिवार बड़े आयोजन के बजाय कम समय में सब कुछ निपटाना चाहते हैं, ताकि मेहमानों पर बोझ न पड़े और मेजबान पर आर्थिक दबाव भी कम रहे। यह व्यावहारिक दृष्टि है, लेकिन इसके साथ परंपरागत आत्मीयता का कुछ हिस्सा खो भी जाता है।

गेस्ट हाउस, बैंक्वेट हॉल, कैटरिंग और तयशुदा टाइम-स्लॉट ने विवाह को अधिक व्यवस्थित तो बनाया है, पर अधिक औपचारिक भी। पहले जहाँ बाराती रुकते थे, अब वे भोजन करके लौट जाते हैं। पहले जहाँ रस्मों के साथ गीत और सामूहिक सहभागिता होती थी, अब कई जगह ॠ, फोटो-सत्र और स्टेज-इवेंट मुख्य आकर्षण बन गए हैं। विवाह की जीवंतता बनी रहती है, लेकिन उसकी आत्मीयता कम होने लगती है। आज की शादी पर सबसे बड़ा दबाव खर्च और प्रदर्शन का है। बहुत-से परिवार संस्कारों से अधिक लोग क्या कहेंगे की चिंता में रहते हैं।

**धर्म-आस्था**

# वही वाक्य, वही शब्द – अर्थ अनेक

भाषा केवल शब्दों का समूह नहीं होती, वह मनुष्य के भीतर के भाव, परिस्थिति और मनःस्थिति का सजीव दर्पण होती है। अक्सर हम देखते हैं कि एक ही वाक्य, एक ही शब्द, अलग-अलग परिस्थितियों में बिल्कुल अलग अर्थ व्यक्त करता है। शब्द बदलते नहीं, लेकिन उनका अर्थ बदल जाता है। यही भाषा की सबसे अद्भुत और गूढ़ विशेषता है। हमारे दैनिक जीवन में यह अनुभव बार-बार होता है कि बिना किसी शब्द को बदले, केवल उसके उच्चारण, स्वर या संदर्भ में हल्का सा परिवर्तन कर देने से उसका अर्थ पूरी तरह बदल जाता है। यही कारण है कि भाषा केवल पढ़ने या सुनने की वस्तु नहीं है, बल्कि उसे समझने के लिए संवेदनशीलता और सूक्ष्म दृष्टि की आवश्यकता होती है।

हिंदी भाषा इस दृष्टि से अत्यंत समृद्ध और भावनात्मक है। यहां शब्द स्थिर रहते हैं, लेकिन उनके पीछे छिपे भाव निरंतर परिवर्तित होते रहते हैं। एक ही शब्द कभी सम्मान बन जाता है, कभी पीड़ा का स्वर, तो कभी आश्चर्य का प्रतीक। इस विविधता को समझने के लिए यदि हम एक अत्यंत सरल शब्द राम का उदाहरण लें, तो यह बात और स्पष्ट हो जाती है।

राम-राम कहना केवल एक अभिवादन नहीं है, यह विनम्रता और सम्मान का प्रतीक है। गांवों और पारंपरिक परिवेश में यह शब्द एक सामाजिक संबंध को जोड़ने का माध्यम बन जाता है। यहां राम केवल एक नाम नहीं, बल्कि संस्कारों की अभिव्यक्ति है।

वहीं जब कोई हे राम! कहता है, तो यह शब्द एक प्रार्थना बन जाता है। यह उस क्षण की पीड़ा, आश्चर्य या आंतरिक व्याकुलता को व्यक्त करता है, जब मनुष्य स्वयं को असहाय महसूस करता है। यहां राम ईश्वर का रूप ले लेता है, जो मन को सहारा देता है।

अरे राम! का प्रयोग आश्चर्य या हल्के दुख की अभिव्यक्ति के रूप में होता है। यह एक सहज प्रतिक्रिया है, जो अचानक घटित किसी घटना पर स्वाभाविक रूप से निकलती है। यहां राम किसी धार्मिक संदर्भ में नहीं, बल्कि भावनात्मक प्रतिक्रिया के रूप में उपस्थित होता है।

हाय राम! में एक गहरी करुणा और असहायता झलकती है। यह वह स्थिति है जब शब्द कम पड़ जाते हैं और भावनाएं अधिक प्रबल हो जाती हैं। यहां भाषा मौन के करीब पहुंच जाती है, और राम उस मौन को स्वर देता है।

इसी प्रकार राम-राम-रामॣ का निरंतर उच्चारण कभी भक्ति का प्रतीक होता है, तो कभी अधीरता या खीझ का संकेत बन जाता है। एक संत के मुख से निकला यह शब्द ध्यान और श्रद्धा का रूप लेता है, जबकि एक थके हुए व्यक्ति के मुख से यह बेचैनी और असंतोष को व्यक्त कर सकता है।

यह विशेषता केवल राम शब्द तक सीमित नहीं है। अन्य शब्दों में भी यही जादू देखने को मिलता है। कोई व्यक्ति ठीक है कहता है, तो वह सहमति भी हो सकती है और व्यंग्य भी। अच्छा शब्द कभी स्वीकृति दशार्ता है, तो कभी उपेक्षा का भाव भी व्यक्त कर सकता है। वाह शब्द प्रशंसा भी हो सकता है और कटाक्ष भी।

इससे स्पष्ट होता है कि भाषा का वास्तविक अर्थ केवल शब्दों से उत्पन्न नहीं होता। वह वक्ता की मनःस्थिति, श्रोता की समझ, समय और परिस्थिति के साथ-साथ उन शब्दों के बीच के मौन से भी निर्मित होता है। यही कारण है कि कभी-कभी एक ही वाक्य दो व्यक्तियों के लिए बिल्कुल भिन्न अर्थ रख सकता है।

आज के समय में, जब संवाद का माध्यम तेजी से बदल रहा है और शब्दों का प्रयोग अधिक हो रहा है, तब इस बात को समझना और भी आवश्यक हो गया है कि भाषा का अर्थ केवल उसके शब्दों में नहीं, बल्कि उसके भाव में निहित होता है। यदि हम केवल शब्दों को सुनेंगे और भाव को नहीं समझेंगे, तो संवाद अधूरा रह जाएगा। भाषा गणित की तरह नहीं है, जहां हर प्रश्न का केवल एक ही उत्तर होता है। भाषा एक प्रवाह है, जो समय के साथ बदलता रहता है। उसमें अर्थ स्थिर नहीं होते, बल्कि परिस्थिति के अनुसार रूप बदलते रहते हैं। यही उसकी जीवंतता है और यही उसकी सुंदरता भी।

इसलिए जब कोई कुछ कहे, तो केवल शब्दों को न सुनें, बल्कि उनके पीछे छिपे भाव को समझने का प्रयास करें। क्योंकि कभी राम भक्ति का प्रतीक होता है, कभी आश्चर्य का, और कभी एक थके हुए मन की पुकार बन जाता है। यही भाषा की सच्ची शक्ति है–एक ही शब्द में अनगिनत अर्थ समाहित करने की क्षमता।

## इन्दौर मंडी भाव

इंदौर मंडी भाव चना कांटा 5550 से 5625 विशाल 5400 से 5450 महाराष्ट्र विशाल 5500 से 5525 मसूर 5900 से 5950 महाराष्ट्र सफेद 7400 से 7600 महाराष्ट्र लाल 7700 से 7800 कर्नाटक 8000 से 8200 निमाड़ी नई तुअर 7000 से 7500 मूंग बेस्ट गर्मी 7700 से 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8200 से 8400 एवरेज 6500 से 6700 मोगर 5500 से 6500 उड़द बोल्ड 8500 से 9000 एवरेज 7000 से 8000 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7400 से 8500 काबुली रशियन 5300 से 5600 बिटकी 5000 से 5300 सरसों (मीडियम) 6600 से 6800 निमाड़ी 5700 से 6000 रायडा नया 5800 से 6000 पुराना -6200 से 6400 सोयाबीन 5500 से 5700 अलसी 6800 से 7000 तिल्ली 7000 से 8000 गेहूं मिल क्वालिटी 2350 से 2400 लोकवन 2600 से 2800 पूर्णा 2500 से 2550 मालवराज 2400 से 2450 मक्का 1800 से 1850 चना दाल 7100 से 7200 मीडियम 7300 से 7400 बेस्ट 7600 से 7800 तुअर दाल 7700 से 7900 मीडियम 8900 से 9100 बेस्ट 10100 से 10300 एक्स्ट्रा बेस्ट 11100 से 11200 ब्रांडेड 12300 मूंग दाल 9400 से 9500 बेस्ट 9900 से 10100 मूंग मोगर 9850 से 10050 बेस्ट 10150 से 10250 उड़द दाल 10100 से 10300 बेस्ट 10600 से 10800 उड़द मोगर 11100 से 11300 बेस्ट 11400 से 11700 मसूर दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 से 7950 रुपए प्रति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1000 से 1200 ज्योति पुराना 900 से 1200 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 500 से 700 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1400 से 1500 पुराना 1000 से 1200 एवरेज 600 से 700 गोल्टा 600 से 700 गोल्टी 400 से 500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एवरेज 7000 से 8000 सुपर 8000 से 9000 एक्स्ट्रा सुपर 9000 से 10200 रुपए क्विंटल रही। नई देशी लहसुन एवरेज 4000 से 4500 सुपर 4500 से 5500 एक्स्ट्रा सुपर 5500 से 6500 रुपए क्विंटल।

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1200-3113 चना काबली- 3970-8975, चना बड़ा- 5001-5650, रायड़ा- 5730-6285, बटला- 3300-3650, सोयाबीन- 1622-6230, धनिया- 11301-13100 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,52,300 रवा- 1,52,100 चांदी- टंच- 2,40,500 पाट- 2,40,000।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130, तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

# अचानक बदला मौसम, गांवों में ओले गिरे शहर में तेज हवा के साथ झमाझम बारिश

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



क्षेत्र में गत दिनों शाम को अचानक मौसम ने करवट बदल ली, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। नगरीय क्षेत्र में तेज हवा के साथ बारिश हुई। जिसके कारण बाजारों और सड़कों पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज आंधी से कई जगहों पर अस्थायी व्यवस्थाएं भी प्रभावित हुईं।

वहीं ग्रामीण अंचलों में मौसम का असर और अधिक गंभीर रहा जहां तेज बारिश के साथ ओलावृष्टि दर्ज की गई। गणेशपुरा, श्यामपुरा, बोरखेड़ी कावल सहित कई गांवों में ओले गिरने की खबरें सामने आई हैं। इस समय क्षेत्र में शादियों का सीजन भी चल रहा है। ऐसे में अचानक बदले मौसम ने समारोहों की तैयारियों पर भी असर डाला है। कई जगह टेंट, सजावट और अन्य व्यवस्थाएं आंधी और बारिश के कारण अस्त-व्यस्त हो गईं। जिससे आयोजकों को अतिरिक्त परेशानी झेलनी पड़ी। हालांकि मौसम के इस बदलाव से भीषण गर्मी से कुछ राहत जरूर मिली है। लेकिन किसानों और शादी समारोहों से जुड़े लोगों के लिए यह राहत चिंता के साथ आई है। प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

### नायब तहसीलदार ने मंडी का किया निरीक्षण

मौसम में आए बदलाव को देखते हुए नायब तहसीलदार अरुण चंद्रवंशी ने कृषि उपज मंडी पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान ओपन खरीदी केंद्रों पर गेहूं खुले में पड़ा मिला जिस पर उन्होंने तत्काल तिरपाल बिछाने के निर्देश दिए। उन्होंने मंडी में मौजूद व्यापारियों से चर्चा कर आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश भी दिए, ताकि बारिश और ओलावृष्टि से अनाज को नुकसान न हो। नायब तहसीलदार ने कहा कि मौसम को देखते हुए सभी व्यापारी और संबंधित कर्मचारी सतर्क रहें और व्यवस्थाएं दुरुस्त रखें।

## 9 मई को आयोजित नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर अधिवक्ताओं के साथ बैठक आयोजित




**सुसनेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निदेर्शानुसार आगामी 9 मई 2026 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियां जिले में व्यापक स्तर पर की जा रही हैं। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से अधिक से अधिक प्रकरणों के त्वरित एवं आपसी सहमति से निराकरण सुनिश्चित करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को तहसील न्यायालय सुसनेर स्थित अधिवक्ता संघ कक्ष में प्री-सिटिंग बैठक का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डी.एस. चौहान की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश चौहान ने अधिवक्ताओं से आगामी नेशनल लोक अदालत में अधिकाधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु सक्रिय सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों का आपसी सहमति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निराकरण होने से पक्षकारों को त्वरित न्याय प्राप्त होता है तथा समय एवं धन दोनों की बचत होती है। बैठक में पारिवारिक विवाद, घरेलू हिंसा, भरण-पोषण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण सहित अन्य सुलह योग्य मामलों में आपसी सहमति से राजीनामा कराने में अधिवक्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर चर्चा की गई। साथ ही विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में शासन द्वारा दी जा रही छूट एवं लाभों की जानकारी भी अधिवक्ताओं को दी गई, ताकि अधिक से अधिक पक्षकार लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अरुण सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अश्विनी सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सुसनेर अरूंधति परस्ते, सुश्री वंशिता गुप्ता, तहसील अधिवक्ता संघ सुसनेर के अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौहान सहित वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## अखिल भारतीय गुजराती बलाई युवा संघ द्वारा वार्षिक महासभा सम्पन्न

**महिदपुर।** अखिल भारतीय गुजराती बलाई युवा संघ द्वारा आयोजित होने वाली आगामी समाज की वार्षिक महासभा एवं मोबाइल एप्लीकेशन एप विमोचन को लेकर उज्जैन इन्दौर देवास धार झाबुआ रतलाम मंदसौर आदि जिलों में उत्साह का माहौल है। समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य गांव-गांव घर-घर जाकर समाजजनों को आमंत्रण पत्र वितरित कर रहे हैं कि अधिक से अधिक समाजजन इस आयोजन में शामिल हो सके । निमंत्रण वितरण के दौरान संगठन के सदस्यों ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए समाज के लोगों से अधिकाधिक सहभागिता की अपील कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि यहां राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम 10 मई 2026 रविवार को उज्जैन स्थित गुजराती बलाई समाज धर्मशाला बिलोटीपुरा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अखिल भारतीय गुजराती बलाई समाज की वार्षिक महासभा एवं मोबाइल एप्लीकेशन विमोचन एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा साथ ही समाज के डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ भी किया जाएगा जिससे समाज जनों को विभिन्न सुविधाएं एक ही मंच पर उपलब्ध हो सकेगी । समाजजनों में इस आयोजन को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है और बड़ी संख्या में समाजजन के शामिल होने की संभावना है । उक्त जानकारी प्रदेश मीडिया प्रभारी मोहनलाल मकवाना एवं जिला मीडिया प्रभारी विक्रमसिंह सोलंकी द्वारा दी गई।

## नवनिर्मित अस्पताल का निरीक्षण किया, जल्द होगा आम जनता को समर्पित



**भौंरासा।** नगर में पिछले वर्ष क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर द्वारा नगर ओर उससे लगे 40 से अधिक लगे गांवों की आमजनों को बेहतर चिकित्सा उपचार सुविधा देने की मंत्वपूर्ण आकांक्षा लिए 1 करोड़ 69 लाख की लागत से बनने वाले सर्व सुविधा युक्त प्राथमिक चिकित्सा अस्पताल के लिए भूमि पूजन किया था जो कि आज लगभग बनकर तैयार हे जल्द की फीता काटकर उदघाटन कर आमजनों की सेवा हेतु सुपुर्द किया जाएगा । विधायक डॉ राजेश सोनकर का नगर में नवनिर्मित बने सर्व सुविधा युक्त प्राथमिक अस्पताल का औचक निरीक्षण कर संपूर्ण अस्पताल दौरा किया और वहां उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों से अस्पताल संबंधित चर्चा कर शेष रही कमियों को जल्द पूर्ण करने आदेश दिए जिससे कि बेहतर चिकित्सा उपचार आम जनता को जल्द से जल्द मिल सके नवनिर्मित प्राथमिक स्वास्थ्य अस्पताल के बारे में डॉ सोनकर ने बताया कि प्रधानमंत्री एवं हमारे मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप हर एक देश प्रदेश वासियों को बेहतर उपचार मिल सके एक जगह ही सभी सुविधा उपलब्ध हो सके मरीजों को भटकना न पड़े बेहतर इलाज मिल सके इसके चलते आज नगर भौंरासा में नवनिर्मित अस्पताल का निरीक्षण किया गया हे और संबंधित अधिकारियों से चर्चा की गई हे अगर कोई भी शेष कमी रहे गई हो तो उसे जल्द पूरा कर आमजनों की सेवा हेतु प्रारंभ किया जाए भाजपा सरकार का लक्ष्य हे कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी बिना भेदभाव के बेहतर उपचार मिल सके ओर जो भी कमी होगी उसे मेरे द्वारा पूर्ण की जाएगी।

**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी बदलना है**

बेरछा, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

सम्पर्क करें

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**

### भाजपाइयों की वर्षों पुरानी मांग को संज्ञान में लेकर पूरा किया

## सोनकर नगर को 51 लाख की सौगात दी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भौरासा



नगर के एवं भाजपा के पितृ पुरुष व जनसंघ के संस्थापक के सदस्य रहे स्व. जेठमल पालीवाल की स्टेच्यू मूर्ति ओर उनके नाम पर उद्यान निर्माण को लेकर भाजपा कार्यकर्ता वर्षों से मांग कर रहे थे परंतु इस बीच कई नेता विधायक, सांसद आए परन्तु घोषणा कर अपना सर नतमस्तक कर चले गए। विधायक डॉ सोनकर ने 51 लाख के विकास कार्यों की नगर को दी सौगात जल्द विकास कार्य प्रारंभ होंगे।

क्षेत्रीय विधायक डॉ. राजेश सोनकर नगर आगमन पर उक्त मांग को लेकर बैठक सम्पन्न हुई जिसमें मंडल मीडिया प्रभारी प्रेमचंद अग्रवाल ने बताया कि 2008 से स्व जेठमल पालीवाल की स्मृति में उद्यान ओर उनकी प्रतिमा स्थापना की मांग की जा रही थी परन्तु घोषणाओं के चलते आज तक उक्त कार्य संभव नहीं हुआ परन्तु आज हमारे लोकप्रिय विधायक डॉ राजेश सोनकर जी को उक्त कार्य करवाने के सम्बन्ध में पूर्व में रखी गई बात को सुनकर उक्त कार्य में लग गए थे

साथ ही उद्यान, प्रतिमा, सार्वजनिक शौचालय का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया था जिसके फल स्वरूप आज उनके द्वारा निस्वार्थ भाव से उद्यान,प्रतिमा ,ओर सार्वजनिक शौचालय शासन से मंजूर करवाकर नगर की दी आज हमे खुश खबरी देने नगर में पधारे जिनका हम सभी स्वागत करते है।

कार्यक्रम का संचालन गुड्डू मेहता द्वारा किया गया। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा,पूर्व मंडल अध्यक्ष आरामसिंह ठाकुर,अध्यक्ष संजय जोशी,पूर्व विधायक प्रतिनिधि प्रमोद पालीवाल, एल्डरमैन प्रदीप मंत्री, गोरधन बोडाना, मुकेश कुमावत, पार्षद प्रतिनिधि विनोद डोडिया, नीरज ठाकुर, ओमप्रकाश जायसवाल, बद्रीलाल लोधी, हीरालाल चावड़ा, मांगीलाल पटेल, सुरेश लोधी, मौसम माली, विनायक माली,आयुष माली,हर्ष पालीवाल, आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंत्येष्टि राशि में लापरवाही पर सचिव निलंबित

**ब्यावरा।** कलेक्टर की अध?यक्षता में आयोजित जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक में लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिए कि हितग्राहियों को समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में ई-केवाईसी कार्यों की समीक्षा के दौरान प्रगति असंतोषजनक पाए जाने पर नगर परिषद खिलचीपुर, माचलपुर, तलेन एवं जीरापुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही ई-केवाईसी में अपेक्षित प्रगति नहीं करने वाले संबंधित अधिकारियों की वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने आधार निर्माण एवं ई-केवाईसी कार्य में तेजी लाने के लिए विशेष शिविर आयोजित कर प्राथमिकता से कार्य करने के निर्देश दिए। सार्थक अटेंडेंस की समीक्षा करते हुए उन?होंने निर्देश दिए कि अटेंडेंस कहां से दर्ज हो रही, इसकी विस्तृत जांच की जाए। साथ ही सार्थक ऐप में कमजोर प्रदर्शन पर जिला योजना अधिकारी एवं आबकारी विभाग को नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पीओ डूडा को नियमित रूप से अटेंडेंस दर्ज करने तथा आवश्यकता पड़ने पर भोपाल स्तर से जानकारी प्राप्त करने के निर्देश दिए। सार्थक अटेंडेंस में खराब प्रदर्शन पर बीएमओ नरसिंहगढ़ को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं बीएमओ ब्यावरा के प्रति भी असंतोष व्यक्त किया, जहां बड़ी संख्या में कर्मचारियों के अवकाश पर रहने पर नाराजगी जताई।

### यूसीमास मक्सी के बच्चों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

## 13 रनरअप अवॉर्ड और मेरिट में 53 बच्चों ने बटोरीं सफलताएँ

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी




21वीं राज्य स्तरीय यूसीमास अबेकस एंड मेंटल अरिथमेटिक प्रतियोगिता में मक्सी के 81 विद्यार्थियों ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए नगर का नाम गौरवान्वित किया। 2 मई को इंदौर में आयोजित इस प्रतियोगिता में 5000 से अधिक प्रतिभागियों के बीच मुकाबला हुआ, जिसमें प्रतिभागियों को 8 मिनट में 200 गणनाएँ हल करनी थीं। इन गणनाओं में जोड़, घटाव, गुणा एवं भाग के प्रश्न शामिल थे। मक्सी के बच्चों ने इस कठिन चुनौती को आत्मविश्वास और तेज दिमाग के साथ पार किया।

3 मई को रविंद्र नाट्यगृह, इंदौर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मक्सी के बच्चों ने कई पुरस्कार अपने नाम किए। इस अवसर पर यूसीमास के फाउंडर एवं चेयरमैन प्रोफेसर डॉ. डीनो वोंग (मलेशिया) विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रतियोगिता कि परिणाम में अंशुल जलोदिया, काव्या माहेश्वरी, तन्वी मंडलोई फर्स्ट रनरअप, हिमांशी कलमोदिया, लक्ष्य पटेल, मयंक प्रजापति, वैदिका मंडलोई थर्ड रनरअप, जयश्री मंडलोई, खुशी चौधरी, रुद्र रंगवाल, सुजीत मंडलोई, उर्वशी देवड़ा, यशिका पटेल फिफ्थ रनरअप रहे। साथ ही आदित्री पटेल, आदित्यराज सिंह, आरोही भारतीय, आराध्या भारतीय, आर्यन कटारिया, आर्यन मंडलोई, आयुष पटेल, आशिता जलोदिया, अक्षिता पटेल, अनमोल प्रजापति, अनुष्का चौधरी, एकाग्र पाटीदार, उज्जवल बामनिया, कार्तिक गुर्जर, कर्तव्य सिंह राजपूत, कृष्णा जलोदिया, ख्याति द्विवेदी, गणेश मालवीय, गौरव प्रजापति, जयंत जलोदिया, जयांश सूर्यवंशी, तन्मय शर्मा, दिव्या रावलिया, दिव्यांशु पाटीदार, निहारिका देवड़ा, निहारिका पटेल, पलक पटेल, प्राची सोनी, प्रीत गुप्ता, पृथ्वीराज जलोदिया, प्रियांश पटेल, प्रियांशी बामनिया, फातिमा मेव, मनांशु पटेल, मोहित गुर्जर, रेणुका गुर्जर, रिद्धि मंडलोई, रूही पटेल, सागर पटेल, सावन सोलंकी, सिद्धि मंडलोई, सिमरन पटेल, सुचित्रा मंडलोई, स्वर्णा सोनी, हर्ष जांगिड़, हिमांशु मंडलोई, हृदया शर्मा, श्याम लोधी, वंशिका कलमोदिया, विहान लोधी, याची कलमोदिया, यश चौधरी एवं युवराज लोधी ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त प्राप्त किया। इसी के साथ अक्ष पटेल, अंश कलमोदिया, हर्ष शर्मा, माधव पटेल, मोहित पटेल, मुक्षित पटेल, नितेश गुर्जर, परिधि चौधरी, प्रखर जैन, प्रियांशी वर्मा, पुलकित वर्मा, ऋषभ मंडलोई, सांवरिया ठाकुर, सृष्टि सोनी, स्वाति चौहान ने कॉन्सोलेशन सूची में स्थान प्राप्त किया।

श्री अबेकस एकेडमी, मक्सी के डायरेक्टर राहुल वर्मा ने इस अद्भुत सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, हमारे बच्चों ने फिर सिद्ध कर दिया कि लगन, अभ्यास और सही मार्गदर्शन से किसी भी बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। साथ ही बच्चों कि उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए, अभिभावकों का आभार माना।

कोर्स इंस्ट्रक्टर अतुल लोधी एवं शीतल नायक ने बताया कि यह एक संपूर्ण बौद्धिक विकास प्रोग्राम है जिसकी सहायता से बच्चों के मस्तिष्क का संपूर्ण विकास किया जाता है। साथ ही कोर्स इंस्ट्रक्टर महक जैन एवं फिजा मेव ने बताया की प्रतियोगिता से पहले तीन महीनों तक बच्चों ने रोजाना कठिन अभ्यास किया। तेज गति से गणना करने की कला, एकाग्रता बढ़ाने की तकनीक और मानसिक मजबूती ने इस सफलता की नींव रखी।

यूसीमास मक्सी सेंटर ने पिछले 11 वर्षों से राज्य, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी श्रेष्ठता साबित की है। इस वर्ष के परिणामों ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि छोटे शहरों से निकलकर भी बच्चे अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुँचने का माद्दा रखते हैं।

## किसानों की समस्याओं को लेकर विधानसभा स्तरीय बैठक आयोजित




**महिदपुर।** आगामी 7 मई को किसान भाइयों की ज्वलंत समस्याओं, किसानों की उपज खरीदी को लेकर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में होने वाले नेशनल हाईवे जाम आंदोलन की रूपरेखा के संदर्भ में स्थानीय संयुक्ता रिसोर्ट नारायणा रोड़ पर विधानसभा स्तरीय कांग्रेस पार्टी की बैठक आयोजित हुई। बैठक जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष व विधायक महेश परमार, विधायक दिनेश जैन बोस के नेतृत्व में आयोजित बैठक में जिला ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी श्री चंदरसिंह सौंधीया, विधानसभा प्रभारी सुनील वर्मा, सेवादल जिला अध्यक्ष चेनसिंह चौधरी, किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक जाट सहित विधानसभा के वरिष्ठ नेतागण,जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। मीटिंग में किसान और आमजन के हितों के लिए किए जा रहे इस आंदोलन को प्रभावी व सफल बनाने के लिए विधानसभा प्रभारी, जिला प्रभारी एवं जिला अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक बोस ने सभी साथियों से अधिक से अधिक संख्या में आंदोलन में पहुंच कर उसे सफल बनाने की अपील की। सभी अतिथियों का साफा पहनाकर पुष्पमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला पंचायत प्रतिनिधि जितेन्द्र मंडोरा ने किया। आभार महेन्द्रसिंह चौहान ने माना। बैठक में विधानसभा क्षेत्र के बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## क्षिप्रा नदी के जलशुद्धिकरण हेतु नगर पालिका महिदपुर की पहल

**फव्वारे एवं नवीन फिल्टर मीडिया स्थापित, निरंतर प्रयास जारी**



**महिदपुर।** नगर पालिका परिषद महिदपुर द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत क्षिप्रा नदी के जल की गुणवत्ता बढ़ाने हेतु महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राजा यादव ने बताया कि क्षिप्रा नदी के जल सुधार हेतु नगर पालिका द्वारा नदी में एरिएशन के लिए फव्वारे एवं फ्लोटिंग फाउंटेन स्थापित किए गए हैं। इससे जल में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ेगी एवं गुणवत्ता में सुधार होगा। साथ ही नगर की जल शुद्धिकरण इकाई में फिल्टरेशन हेतु नवीन फिल्टर मीडिया स्थापित किया गया है, जिससे नागरिकों को उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता और बेहतर होगी। उक्त कार्यों का निरीक्षण आज अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) महिदपुर द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम महोदय द्वारा नगर पालिका के प्रयासों की सराहना की गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री राजा यादव ने चर्चा में बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका महिदपुर नागरिकों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रयासरत है। क्षिप्रा नदी हमारी आस्था एवं जीवन का आधार है, इसके संरक्षण हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। नागरिकों से भी जल संरक्षण में सहयोग की अपील है।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार शिवराजपालसिहं पिता अर्जुनसिहंजी जाति राजपुत निवासी ग्राम हासमपुर जिला उज्जैन द्वारा विक्रेता अशोक पिता मुलचन्दजी जाति ब्राह्मण निवासी महुडी दौलतपुर तहसील बडनगर जिला उज्जैन की भूमि सर्वे नम्बर 1055 रकबा 0.86 हे., मेसे रकबा 0.43 हे. भूमि ग्राम नरसिंगा तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे स्थित होकर उक्त भूमि वर्तमान मे गीताबाई पति मुलचन्दजी जाति ब्राहमण के नाम से राजस्व रिकार्ड मे दर्ज है जिसकी फोती नामांतरण की कार्यवाही लंबित है। उपरोक्त भूमि को बिकी करने का सौदा किया गया है तथा बयाने की राशि विक्रेता ने मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली है तथा उपरोक्त बिकी कि गई भूमि का विकय पत्र संपादन किया जाना है यदि उपरोक्त वर्णित भूमि संबधित किसी भी व्यक्ति, संस्था बैंक तथा शासकिय अर्द्धशासकिय संस्था का ऋण भार बकाया हो या किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो तो वह इस जाहीर सुचना के प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय मे आपत्ति प्रस्तुत करे। अन्यथा अवधि समाप्त होने के बाद उक्त भूमि का विक्रय पत्र संपादित करा दिया जावेगा। बाद मियाद किसी भी प्रकार की आपत्ति स्वीकार नही कि जावेगी । सूचित हो। दिनांक-05/05/2026

**पन्नालाल त्रिवेदी (एडव्होकेट)**
**विकास त्रिवेदी (से.प्र.) कोर्ट परिसर बडनगर।**
**मो.न. 8871902775**

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड पता- 26 बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भवन म्यु. क्रमांक 02 स्थित वार्ड न. 36 यंत्र महल मार्ग न. 01 हनुमान नाका पर नई बस्ती (षिवाजी नगर) तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षैत्रफल 100.37 वर्गमीटर। जिसकी चतुर्सीमा पूर्व मे- जल निकास के बाद खुला भूखण्ड, पश्चिम मे-रोड़, उत्तर मे- सतीष का भवन, दक्षिण मे- संगीता का भवन स्थित है। उक्त सम्पत्ति धर्मेन्द्र तोमर पिता श्री तुफान सिंह तोमर को पैतृक संपत्ति के रूप में प्राप्त हुई थी। तथा धर्मेन्द्र तोमर ने अपने नाम का नामातंरण उज्जैन नगर पालिक निगम में प्रकरण क्रमांक 3530/24/7PT को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा धर्मेन्द्र सिंह तोमर ने उक्त सपत्ति रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक MP17IGR18842025A100074780 दिनांक 05/02/2025 को दीपक चैहान पिता श्री अषोक चैहान को विक्रय कि। एवं दीपक चैहान ने उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड में आवेदन किया हैं तथा मेंरे पक्षकार का उक्त सम्पत्ति पर बंधक ऋण प्रस्तावित है, अतः सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति कही पर बंधक हो या उक्त संपत्ति के संबंध में कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाषन के दिनांक से 07 दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत रूप से मेंरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋण स्वीकृत किया जाने की दषा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋण भार आर.बी.एल.बैंक लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो ।

**तेजपाल परिहार एडवोकेट**
**ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स**
**विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन**
**मोबाइल न. 9301860352**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, हमारे पक्षकार ने श्री राजेन्द्र सिंह पिता श्री भगवान सिंह, निवासी-ग्राम-खजुरिया, तहसील-तराना, जिला उज्जैन (म.प्र.) एवं श्री ईश्वर सिंह पिता श्री दिलीप सिंह, निवासी-ब्लॉक नम्बर 11, बृज विहार, बी.एन.पी. थाना, देवास (म.प्र.) से उनके संयुक्त भूमिस्वामी स्वत्व एवं आधिपत्य की ग्राम पंचायत क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित ग्राम-खजुरिया, तहसील-तराना, जिला उज्जैन के सर्वे क्रमांक 451/2/1 की रकबा 0.460 हेक्टेयर एवं सर्वे क्रमांक 451/2/2/2 की रकबा 0.170 हेक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा 0.630 हेक्टेयर कृषि भूमि को तल भूमि के सम्पूर्ण मालिकाना हक एवं अधिकारों सहित, क्रय करना निश्चित कर, बयाने पेटे आंशिक राशि का भुगतान भी कर दिया है। यदि उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति बाबद हमारे पक्षकार द्वारा किये गये इस विक्रय व्यवहार बाबद यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था या वित्तीय निकाय को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति या विवाद हो या उक्त सम्पत्ति पर अन्य किसी का, किसी भी प्रकार से कोई भार या बोझा हो तो, इस विज्ञप्ति प्रकाशन से 08 (आठ) दिन की समयावधि में मेरे समक्ष मय प्रमाण के लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अवधि पश्चात सदर सम्पत्ति के विक्रय का विधिवत पंजीयन करवा लिया जावेगा एवं किसी की भी कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो विदित होवे। दिनांकः 05 मई, 2026.

**मुर्तजा आरिफ, एडव्होकेट**
**कार्यालय-ए-09, न्यु सियागंज, माल गोडाउन रोड़,**
**वी.आई.पी. रुट नम्बर -1, इन्दौर (म.प्र.)**
**मोबा. : 98270-28152, 98264-28152**

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राहुल चौधरी (जाट) पिता श्री रामेश्वर चौधरी उम्र 40 वर्ष व्यवसाय व्यापार निवासी 190, लाला लाजपत राय मार्ग, गली नं 1 नगर कोट उज्जैन म.प्र. मोबाईल नं 96300-03100 द्वारा श्री गौरव मेहता से भूखण्ड क्रमांक पूराना 77, नया क्रमांक 75 TIRUPATI SOLITAIR BLOCK 'ए' UJJAIN M.P. क्षेत्रफल 576 वर्गफीट कय अनुबंधीत किया हुआ हैं एवं सम्पूर्ण भुगतान भी अदा कर दिया गया हैं। उक्त भूखंड TIRUPATI REALITIES 3/2 MAHAKAL VANIGIYA KENDRA UJJAIN M.P. द्वारा श्री गौरव मेहता के नाम से आवंटित किया गया था उपरोक्त आवंटित भूखंड की मूल रसीद दिनांक 20-08-2022 की थी जिसे मेरे पक्षकार द्वारा श्री गौरव मेहता से फूल पेमेंट कर क्रय कर लिया था, जिसकी मूल रसीद जो गौरव मेहता के नाम से ही है मेरे पक्षकार से गुम हो गई है। उक्त रसीद की गुम होने की सूचना TIRUPATI REALITIES 3/2 MAHAKAL VANIGIYA KENDRA UJJAIN M.P. कार्यालय में भी दी गई है। यदि उक्त रसीद किसी अन्य व्यक्ति के पास उपलब्ध हो ओर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का क्रय / अंतरण व्यवहार करता हैं तो उसकी संपूर्ण दायित्व संबंधित क्रय कर्ता का होकर अवैध और प्रभावहीन रहेगा जो मेरे पक्षकार पर किसी भी तरह से बंधन कारक नहीं होगा यह सूचित हो। मेरे पक्षकार से मूल रसीद गुम हो चुकी हैं कहीं रहन बय अथवा दान नहीं की है। गुम हुई रसीद की सूचना प्रकाशन के पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा कालोनाईजर से नई रसीद बनवा ली जावेगी एवं यथा शीघ्र विक्रय पत्र भी सम्पादित करवा लिया जावेगा। जिसके बाबत यह जाहीर सूचना प्रकाशीत की जाती हैं। जो सर्व साधारण को सूचीत हों। इति दिनांक 04-05-2026 उज्जैन

**आशीष भदौरिया एडव्होकेट**
**कार्यालय 2, द्रविड मार्ग, कुशलपुरा, उज्जैन 99812-60727**

## कृषि मंडी में बेरोजगार नये हम्मालों को रोजगार अवसर

**नीमच।** शहर व क्षेत्र की कृषि उपज मंडी समिति, नीमच में लगभग 100 नये हम्मालों कीपंजीयन व भरती की सुचना मंडी सचिव द्वारा जारी की गई है । एक प्रेस नोट के माध्यम से जारी सूचना अनुसार बेरोजगार एवं मेहनती हम्माल जिनको रोजगार की आवश्यकता हो वे मंडी कार्यालय नीमच की लायसेंस शाखा में आकर अथवा समीर दास, मंडी निरीक्षक एवं श्री आकाश मित्तल सहा. वर्ग-३ से संपर्क कर आवेदन की प्रक्रिया कर सकते है। जिसमें चरित्र सत्यापन आवश्यक है। उक्त का परिक्षण कर मंडी समिति, नीमच द्वारा पात्र आवेदकों की अनुज्ञप्ति (लायसेंस) स्वीकृत की आगामी कार्यवाही की जावेगी। सब सामान्य पाए जाने पर मंडी समिति में लाइसेंस जारी का मालिक की अनुमति प्रदान करेगी मंडी परिसर में मलिक रोजगार प्राप्त करने की इच्छुक युवक उक्त प्रक्रिया में भाग लेकर आवेदन कर सकते हैं।

## देवस्थान की शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

**नीमच।** जिले के मनासा नगर में शासन संधारित देवस्थान की शासकीय भूमि से अवैध अतिक मण हटाने की बडी कार्यवाही प्रशासन द्वारा की गई। कार्यवाही का विवरणरू कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा एवं अपर कलेक्टर के निदेर्शानुसार सोमवार को मनासा क्षेत्र में स्थित मंदिर श्री बद्रीनारायण की शासकीय भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उपखण्ड मनासा सुश्री किरण आंजना एवं तहसीलदार मनासा श्री मुकेश निगम द्वारा की गई है। भूमि का मूल्यरू तह. गनासा श्री मुकेश निगम ने बताया कि उक्त भूमि का कुल रकबा 0.770 हेक्टेयर है।जिसका बाजार मूल्य लगभग 82 करोड रुपये एवं गाइड लाइन अनुसार लगभग 22 करोड़ रुपये आंका गया।

## 7 अत्याधुनिक डायलिसिस मशीनों का आज होगा लोकार्पण

**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा रोटरी ग्लोबल ग्रांट के माध्यम से भगवान श्री महावीर स्वास्थ्य केंद्र, दलौदा में 7 नवीन डायलिसिस मशीनों की स्थापना की गई है। जिसका लोकार्पण आज, 6 मई को गुरु भगवन्तों के सानिध्य में होगा। इस केंद्र पर अब कुल 12 डायलिसिस मशीनें उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम में उपाध्याय प्रवर श्री गौतममुनिजी म.सा., प्रवर्तक श्री विजयमुनिजी म.सा. व अन्य संतों के मंगल प्रवचन होंगे। महावीर स्वास्थ्य केंद्र के महामंत्री राजेश संचेती और रोटरी अध्यक्ष भूपेन्द्र सोनी, सचिव कपिल भंडारी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा होंगे,

## जनसुनवाई में सुनी 58 आवेदकों की समस्याएं

**मन्दसौर।** साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर अदिती गर्ग और अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 58 आवेदकों की शिकायतों और समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि विशेष मामलों का उसी दिन निराकरण सुनिश्चित करें ताकि ग्रामीणों को बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। जनसुनवाई में ग्राम रणायरा के बालाराम ने भूमि कब्जे, बोलिया के विष्णु ने शिकायत निवारण और पानपूर के गणेशराम ने आयुष्मान व बीपीएल कार्ड बनवाने हेतु आवेदन दिए। इसके अलावा विद्युत कनेक्शन, उज्ज्वला योजना, संबल योजना और आम रास्तों से जुड़े प्रकरणों पर भी संबंधित तहसीलदारों और जनपद को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

## श्रीमती रेखा परमार बनीं महिला सेन समाज की अध्यक्ष

**पिपलिया मंडी।** मंदसौर जिले के



मल्हारगढ़ तहसील में सेन समाज के महिला संगठन को मजबूती देते हुए एक महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। सेन समाज के वरिष्ठ जिला अध्यक्ष श्री बलरामजी राठौड़ की अनुशंसा पर जिला महिला सेन समाज की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता सुरेश कुमार सोलंकी (पिपलिया मंडी) ने संगठन के विस्तार के उद्देश्य से श्रीमती रेखा लाला परमार को मल्हारगढ़ तहसील की महिला सेन समाज संगठन का अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### डबल मर्डर के बाद एक्शन मोड में एसपी अमित कुमार

# देर रात खुद फोर्स के साथ सड़कों पर उतरे व चेकिंग अभियान चलाया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



शहर में एक रात पूर्व हुए डबल मर्डर की घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आए। सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात एसपी स्वयं पुलिस बल के साथ सड़कों पर उतरे और शहर में सघन चेकिंग अभियान चलाया।

इस दौरान एसपी अमित कुमार के साथ एएसपी विवेक कुमार, सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया, डीएसपी किशोर पाटनवाला, अजय सारवान, संबंधित थाना प्रभारी एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। पुलिस टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों और गलियों में बिना कारण खड़े रहने वाले युवाओं के समूहों की जांच की और उन्हें घर जाने के निर्देश दिए।

चेकिंग अभियान के दौरान संदिग्ध रूप से घूम रहे युवाओं की तलाशी भी ली गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार इस कार्रवाई में पुलिस को कुछ सफलता भी हाथ लगी है और मादक पदार्थ जब्त होने की सूचना सामने आ रही है, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है।

एसपी अमित कुमार के अनुसार पिछले दिनों शहर में हुए विवादों का विश्लेषण करने पर यह सामने आया है कि देर रात बेवजह घूमने या एकत्रित होने वाले युवाओं के बीच ही अधिकांश विवाद और आपराधिक घटनाएं हो रही हैं। इसी को देखते हुए एसपी अमित कुमार ने खुद मोर्चा संभालते हुए सख्त कदम उठाए हैं।

एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि शहर में दुकानें समय पर बंद हों, संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच की जाए और बेवजह घूमने वाले युवाओं पर सख्ती बरती जाए। साथ ही गुंडा तत्वों, बदमाशों और हथियार लेकर घूमने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## राजमहल के संरक्षण हेतु प्रशासन कार्यवाही करे

### राजमहल की गंभीर जर्जरावस्था से जिलाधीश को अवगत कराया

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ रतलाम



राजमहल के संबंध में शीघ्र ही कोई पहल की जाने की आवश्यकता है। दिन प्रतिदिन इस ऐतिहासिक पुरातत्व महत्व का राज प्रसाद क्षतिग्रस्त होते जा रहा है। लावारिस अवस्था में पहुंचती जा रही इंडोयुरोपियन वास्तु शिल्प की अद्भुत इमारत पर शासन प्रशासन को शीघ्र ही पहल कर इसके संरक्षण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

यह बात जिलाधीश श्रीमती मिश्रा सिंह से मिलकर के रतलाम के इंटेक सब चैप्टर के कन्वीयर अनिल झालानी, इंटेक सदस्य संरक्षण विशेषज्ञ विजय सोनी, सामाजिक कार्यकर्ता श्री नरेंद्र श्रेष्ठ व सजग मीडिया कर्मी श्री शाहिद मीर ने आदि ने गत दिवस भेट करके उनके समक्ष रखी। प्रतिनीधी मण्डल ने जिलाधीश मौके को महल के एक हिस्से के जर्जर अवस्था के महत्वपूर्ण फोटो दिखाए। जो इस विशाल इमारत कि नीव के नीचे खोखलेपन को दिखा रहे है। जिस पर यदि तवरित संज्ञान लेकर के उसकी मरम्मत कि और ध्यान नही दिया गया तो शहर की शान बनकर खड़ी यह 100 फिट ऊँची इमारत के किसी भी दिन ढहने से कोई भी नही रोक सकेगा। अतः समय रहते इसकी संरक्षण मरम्मत व संधारणा पर कोई कार्य योजना बनाई जानी चाहिए।

प्रतिनिधि मंडल की बात को जिलाधीश महोदय ने बड़ी गंभीरता व ध्यान से सुनकर आश्वासन दिया कि वह शीघ्र ही राज प्रसाद का निरीक्षण कर समुचित कार्रवाई करेंगी। प्रतिनिधि मंडल ने उम्मीद जाहिर करी है कि जिला प्रशासन रतलाम के आमजन की पीड़ा दर्द और भावना को समझते हुए इस समस्या का संज्ञान लेकर कार्रवाई करेगी तथा जिलाधीश के आश्वस्त किया कि महल वाड़े के रखरखाव के किसी भी अभियान मे शहर की जनता प्रशासन को सहयोग प्रदान करेगी।

## मंदसौर ने रचा इतिहास, महिला के अंडाशय से निकाला 3.5 किलो का ट्यूमर

**मन्दसौर।** चिकित्सा के क्षेत्र में मंदसौर शहर ने एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है, जहाँ एक



50 वर्षीय महिला की अत्यंत जटिल सर्जरी कर उसके दाहिने अंडाशय से लगभग 3.5 किलोग्राम वजनी विशाल काय ट्यूमर को सफलता पूर्वक निकाल दिया गया। यह ऑपरेशन न केवल तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण था, बल्कि इसके लिए उच्च स्तरीय सर्जिकल कौशल और अनुभव की आवश्यकता थी। इस सफल ऑपरेशन का नेतृत्व प्रसिद्ध सर्जन डॉ. ईशांत चौरसिया द्वारा किया गया, जिनकी विशेषज्ञता के चलते महिला को एक नया और स्वस्थ जीवन प्राप्त हुआ है। मरीज के लिए राहत की सबसे बड़ी बात यह रही कि यह पूरा उपचार आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत पूरी तरह निःशुल्क संपन्न हुआ। मंदसौर में ही इस स्तर की उन्नत स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध होने के कारण मरीज को किसी बड़े महानगर में जाने की आवश्यकता नहीं पड़ी, जिससे उसके परिजनों के लाखों रुपये की बचत हुई। वर्तमान में महिला की स्थिति पूरी तरह स्थिर है और वह तेजी से स्वास्थ्य लाभ ले रही है। गौरतलब है कि डॉ. ईशांत चौरसिया इससे पूर्व भी मंदसौर में इसी तरह के 5 अन्य जटिल और सफल मामलों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुके हैं।



## शिवना शुद्धिकरण अभियान में नदी से निकाला 3 ट्राली कचरा

**मंदसौर।** शिवना नदी को स्वच्छ और निर्मल बनाने को लेकर जारी अभियान के 106वें दिन बड़ी संख्या में नागरिकों ने संगठनों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीणों ने मिलकर नदी से 3 ट्रॉली गाजर घास, गाद और प्लास्टिक कचरा बाहर निकाला। इस अवसर पर विधायक विपिन जैन ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से शिवना का स्वरूप बदल रहा है, जहाँ एक साल पहले नदी जलकुंभी से ढकी थी, आज वह साफ नजर आ रही है। उन्होंने अब कचरा फेंकने वालों को रोकने और टोकने पर भी जोर दिया।इस कार्य में सकल जैन समाज अध्यक्ष लोकेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष जय कुमार बड़जात्या, अनिल जैन, कमलेश कटारिया, संदीप जैन, दिलीप जैन, उमेश भड़का, संजय पोरवाल, राकेश छाजेड़, अजीत जैन, शेखर कासमा, नरेंद्र मेहता, मनोज जैन, जांगिड़ सुथार समाज से योगेश गाजवा, श्यामसुंदर शर्मा, दीपक शर्मा, सुधीर शर्मा, सनत शर्मा, ललित शर्मा, किरण शर्मा सहित समाज सेवी हेमराज खाबिया, रमेश सोनी, घनश्याम भावसार, मनीष भावसार, राकेश जैन पिंटू, बालकृष्ण दवे, बाबूलाल नागर, कोमलचंद्र वाणवार, तरूण खिंची, राजनारायण लाड़, विवेक नागर, मुकेश नागर, सुधांशु भावसार, रफत पयामी, इष्टा भाचावत, सोनाली जैन, प्रमिला पंवार, योगिता बैरागी, वर्षा धोसरिया सहित अनेक ने सहभागिता की।

## ट्रैफिक बदलाव के विरोध में चल रहा धरना दूसरे दिन एसपी के आश्वासन के बाद स्थगित

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ मंदसौर



शहर के सबसे व्यस्ततम सरदार वल्लभभाई पटेल चौराहे पर प्रशासन द्वारा यातायात का दबाव कम करने के तर्क के साथ चौराहे के सर्कल को हटाकर वन-वे व्यवस्था लागू करने और बैरिकेड्स लगाने के फैसले के खिलाफ जिला पंचायत सदस्य दीपकसिंह गुर्जर के नेतृत्व में कांग्रेसजन एवं स्थानीय नागरिक पिछले दो दिनों से सड़क पर उतर आए हैं। इस नई व्यवस्था के कारण अफीम गोदाम रोड, नई आबादी और संजीत नाका की ओर जाने वाले राहगीरों को अब लंबे चक्कर काटकर गुजरना पड़ रहा है, जिससे न केवल समय की बबार्दी हो रही है बल्कि अन्य रास्तों पर भी जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

दूसरे दिन भी प्रदर्शनकारी ने इस भीषण गर्मी में भी अपना विरोध जारी रखा। इस दौरान जन प्रतिनिधियों की उदासीनता पर भी सवाल उठाए गए और जनता की सुविधा को सर्वोपरि रखने की बात कही गई। दीपकसिंह गुर्जर ने धरना स्थल से कहा कि वे बुधवार को 11.30 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपने साथियों के साथ आत्मदाह करेंगे। इसके बाद मामला गर्मा गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। श्री गुर्जर ने बताया कि शाम को एसपी के संदेश के बाद प्रदर्शन कारियों का एक प्रतिनिधिमंडल चर्चा करने पहुँचा। इस सकारात्मक चर्चा में यह स्पष्ट किया गया कि वर्तमान व्यवस्था स्थायी नहीं है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि एक माह के भीतर चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगाने के लिए टेंडर जारी कर दिए गए हैं। जैसे ही ट्रैफिक सिग्नल की व्यवस्था सुचारू हो जाएगी, आवागमन को फिर से सीधा और सुगम कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शन कारियों ने अपना धरना स्थगित कर दिया।

## प्रदेश अध्यक्ष रणजीत सिंह ने कांग्रेस द्वारा आयोजित मीटिंग को किया संबोधित

**पिपलिया मंडी।** भोपाल शहर कांग्रेस द्वारा किसानों के हितों और अधिकारों की रक्षा के लिए 5 अप्रैल को आयोजित चक्का जाम में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस मध्य प्रदेश अध्यक्ष एवं ग्राम पंचायत मुंदेडी सरपंच प्रतिनिधि कुंवर रणजीत सिंह शक्तावत ठिकाना मुंदेडी नेउपस्थित होकर संबोधित किया। कुंवर शक्तावत ने कहा कि भारतीय



जनता पार्टी की सरकार में किसानों को उनके हक अधिकार नहीं मिल रहे हैं एवं किसानों की अनाज का तोले समय पर नहीं हो रहा है था किसानों को दर-दर की ठोकरें खाना पड़ रही है और किसान अपने उपज को लेकर कब तक लाइन में लगा रहेगा, इस का किसीको कोई पता नहीं ऐसी परिस्थितियों में किसानों के हक और अधिकारों की रक्षा हेतु प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी जी के द्वारा आयोजित मध्य प्रदेश की सीमाओं से गुजरने वाले मुंबई आगरा हाईवे मार्ग पर चक्का जाम को लेकर आवाह्न किया गया है जिसको संगठन प्रभारी डॉ संजय कांबले,पूर्व सांसद प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव,पूर्व महापौर दीपचंद यादव,जेपी धनोपिया, भोपाल शहर अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना आदि वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी ने संबोधित किया इस अवसर पर असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस भोपाल जिला अध्यक्ष महेश नंद मेहर तथा असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के सैकड़ो कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# कलेक्टर ने जनसुनवाई में 95 आवेदकों की सुनी समस्याएं

'दैनिक अवन्तिका' ▶▶ नीमच



कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष नीमच में आयोजित जनसुनवाई में 95 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और उनका त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए द्य

चौथखेड़ा के धर्मसिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि एसडीएम के आदेश के बावजूद अबतक जमीन का कब्जा नहीं मिला है। इस पर कलेक्टर ने तहसीलदार नीमच नगर को निर्देश दिए कि आज ही टीम भेजकर एसडीएम के आदेश का पालन सुनिश्चित करें और धर्मसिंह को मौके पर जमीन का तत्काल कब्जा दिलवाएं।

ग्राम डांगडी के दिव्यांग पंकज चौहान ने स्वरोजगार के लिए सहायता का अनुरोध किया। कलेक्टर ने उपसंचालक सामाजिक न्याय नीमच को निर्देश दिए कि दिव्यांग पंकज को दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रदान कर स्वरोजगार योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

जनसुनवाई में बोरखेड़ी तालाब की लक्ष्मण, दारू के मुकेश गायरी, नयागांव के गोरधनसिंह, रतनलाल, बिहार गंज वार्ड 15 नीमच की उर्मिला जोहरी, फोफलिया की संगीता सालवी, जूना भदाना के मांगू बंजारा, नीमच के देवेन्द्र सिंह, इंदिरा नगर नीमच के फारूक, मांगरोल के रामनिवास, बिसलवास खुर्द के सूरजमल, कानाखेड़ा के घनश्याम, इंदिरा नगर की निर्मला मकवाना ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।

इसी तरह नेवड के केशुराम, टीचर कॉलोनी नीमच के सुनील वर्मा, सेमली चंद्रावत के गणपतसिंह, जितेन्द्रसिंह, चौथखेड़ा के बाबूलाल गुर्जर, बावड़ा के कैलाश विश्वकर्मा, भाटखेड़ा के कारूलाल, कंजार्डा के हीरालाल, हाड़ी पिपलिया की सरिता मालवीय, कुकडेश्वर के अमरसिंह, सरवानिया महाराज की हेमकुंवर, नीमच सिटी की लीला यादव, बामनवर्डी की रामकन्याबाई, उगरान के देवीलाल, मोरवन के अब्दुल गनी, जावी के जगदीश प्रजापति आदि ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जिस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करने के संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।

## न्यूज कालम



### विश्व कार्टून दिवस पर कार्टूनिस्ट ललित पेंटर का किया सम्मान

**पिपलीयामंडी।**विश्व कार्टून दिवस के अवसर पर स्थानीय स्तर पर एक विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रतिभाशाली कार्टूनिस्ट ललित सोलंकी को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में कला और व्यंग्य के माध्यम से समाज को जागरूक करने वाले कलाकारों की सराहना की गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित गणमान्य नागरिक पूर्व कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अनिल शर्मा ने कार्टून कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कार्टून सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक सच्चाइयों को उजागर करने का एक सशक्त हथियार है। इस मौके पर कार्टूनिस्ट ललित को पारंपरिक तरीके से शॉल ओढ़ाकर और फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया।सम्मानित कार्टूनिस्ट ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्टून बनाना उनके लिए केवल कला नहीं, बल्कि समाज की आवाज उठाने का माध्यम है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दौर में व्यंग्य के जरिए सच्चाई को सरल और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करना बेहद जरूरी है।इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रमेश तेलकार ,दिनेश गुप्ता काचरिया,बाबू मंसूरी,अनिल मुलासिया, भेरुपप्पू गुर्जर आदि उपस्थित थे।

### बरगी बांध क्रूज दुर्घटना में दिवंगतों को युवक कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि



**पिपलिया मंडी।** जबलपुर के बरगी बांध में हुई दर्दनाक क्रूज दुर्घटना में मृतकों को लेकर शोक की लहर है। इसी क्रम में सोमवार शाम 7 बजे युवक कांग्रेस कार्यकताओं ने कैंडल जलाकर दिवंगतों को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा दो मिनट का मौन रखकर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि ऐसी दुर्घटनाएं होने के बाद ही शासन-प्रशासन जागता है, जो चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में चंबल नदी में भी पूर्व में कई हादसे हो चुके हैं, बावजूद इसके सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। इस अवसर पर विधानसभा युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल अहीर, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष रामचन्द्र करुण, अजित कुमठ, बाबू खा मेवाती, ब्लॉक कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अनिल शर्मा, किशोर टेलर, नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुभाष पाटीदार, किसान कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष बलवंत पाटीदार, जितेंद्र कापड़िया, कमलेश यादव, रमेश यादव, सुनील भगत, लाला यादव, शिवलाल यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कलेक्टर ने हरी झंडी दिखाकर रात्रि चौपाल हेतु अधिकारियों का दल भेजा




**नीमच।** ग्रामीण क्षेत्रों में जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण एवं शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित रात्रि चौपाल हेतु मंगलवार को कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने कलेक्ट्रेट परिसर नीमच से अधिकारियों के वाहन को हरी झंडी दिखाकर ग्राम टामोटी के लिए रवाना किया। कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा स्वयं जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश एवं वन मंडल अधिकारी श्री एस.के. ऑटोदे के साथ इसी यात्री वाहन से जिलाधिकारियों के दल के साथ रात्रि चौपाल के लिए रवाना हुए। ग्राम टामोटी में आयोजित रात्रि चौपाल में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनेंगे तथा मौके पर ही निराकरण की कार्रवाई करेंगे। साथ ही शासन की लोक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा।कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि रात्रि चौपाल में प्राप्त आवेदनों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता रखी जाए।

### जबलपुर क्रूज हादसे के विरोध में युवा कांग्रेस ने फूंका पर्यटन मंत्री का पुतला




**मन्दसौर।** जबलपुर के बरगी डैम में हुए दुखद क्रूज हादसे और सरकार की कथित अनदेखी के विरोध में मंदसौर जिला युवा कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गेश सिंह पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र लोधी का पुतला दहन किया। श्री पटेल ने आरोप लगाया कि पर्यटन विभाग की लापरवाही के कारण निदोर्षों की जान गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई और सुरक्षा मानक तय नहीं किए गए, तो आंदोलन और तेज होगा।प्रदर्शन में जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्ष जगदीश फौजी, विजेश मालेचा, सत्यनारायण पाटीदार, मुकेश धाकड़, महेश पाटीदार, राजेंद्र सेठिया, दिलीप देवड़ा, वाहिद जैदी, नेहा कनकमल जैन, जीवन चौहान, बल्लू गुर्जर, राकेश पाटीदार, सम्यक जैन चौधरी, महावीर भाटी, राहुल यादव, मुकेश धनगर, आदर्श जोशी और कुमकुम सिसोदिया सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।



## शर्मा परिवार द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का हुआ समापन

**महिदपुर रोड।** ग्राम कोलूखेडी में आयोजित सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का समापन रविवार को अंतिम दिवस की कथा के उपरांत पूर्णाहुति तथा महा आरती भंडारे के साथ संपन्न हुआ । कथा आयोजन के यजमान गांव के ब्राह्मण समाज के पंडित दिनेश शर्मा उनकी धर्मपत्नी अनिता शर्मा पुत्र अंकित शर्मा तथा पुत्रवधू स्मिता शर्मा व शर्मा परिवार रहे। 27 अप्रैल से प्रारंभ हुई श्रीमद् भागवत कथा के कथा वाचक शिवपुर निवासी पंडित ओम प्रकाश शर्मा रहे श्रीमद् भागवत कथा के दौरान गांव के श्रद्धालुओं सहित आसपास के गांव के श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में कथा श्रवण करने पहुंचे अंतिम दिवस कथावाचक पंडित ओम प्रकाश तथा भागवत पौथी की शोभायात्रा गांव में निकाली गई। आयोजन में शिक्षा विभाग में सेवाएं देते हुए, चार धाम धार्मिक यात्रा पूरी 30 अप्रैल को सेवा निवृत हुए परिवार के मुखिया दिनेश शर्मा का विभागीय कर्मचारियों विभिन्न कर्मचारी संघो के प्रमुखों तथा शिक्षा विभाग, राजस्व विभाग आदि विभागों में कार्यरत साथियों के अलावा ब्राह्मण समाज राजपूत समाज सहित अन्य समाज जनों ने शाल श्रीफल से सम्मान किया।

## सुसनेर में जनगणना के तहत मकान गणना कार्य जारी



**सुसनेर।** नगर में जनगणना अभियान के अंतर्गत मकानों की गणना का कार्य लगातार जारी है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 12 के गणना ब्लॉक 21 में टीम द्वारा घर-घर जाकर जानकारी एकत्रित की जा रही है इस कार्य में सुपरवाइजर गिरिराज पाटीदार एवं गणना प्रबंधक वल्लभ बंसिया सक्रिय रूप से अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। वे मकान मालिकों से आवश्यक जानकारी लेकर उसे व्यवस्थित रूप से दर्ज कर रहे हैं, ताकि जनगणना का कार्य सही और सटीक रूप से पूरा किया जा सके। प्रशासन द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे जनगणना टीम का सहयोग करें और सही जानकारी उपलब्ध कराएं, जिससे क्षेत्र के विकास हेतु सटीक आंकड़े तैयार किए जा सकें।

## प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया उप जेल सुसनेर का औचक निरीक्षण



**सुसनेर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित प्रीजन लीगल एड क्लिनिक योजना के अंतर्गत जिला जेल आगर मालवा एवं उप जेल सुसनेर में स्थापित प्रीजन लीगल एड क्लिनिक सहित जिला जेल आगर मालवा एवं उप जेल सुसनेर का औचक निरीक्षण किया गया। जिला जेल आगर मालवा में निरीक्षण के दौरान बंदियों के द्वारा बनाई जा रही सब्जी, रोटी आदि की गुणवत्ता देखी तथा जेल प्रशासन को आवश्यक सुधार करने हेतु निर्देशित किया गया इसके अतिरिक्त खाधान्न स्टॉक, आटा चक्की, पेयजल व्यवस्था, मनोरंजन के साधन आदि का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के पश्चात जेल बंदियों की समस्याएं सुनी जाकर विधिक सलाह प्रदान की । उप जेल सुसनेर में आयोजित विधिक जागरूकता शिविर में आगामी नेशनल लोक अदालत के माध्यम से राजीनामा योग्य अपराधों में राजीनामा करने एवं प्ली बारगेनिंग प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी साथ ही जेल बंदियों की समस्याएं सुनी जाकर यथोचित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर श्री अरुण सिंह मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगर मालवा, अश्विनी सिंह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आगर मालवा, फारूक अहमद सिद्दीकी जिला विधिक सहायता अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुरिश्वर जी ठाणा से नगर में पधारने की मंगलकारी विनती की



**महिदपुर रोड।** विहार के दौरान नेमी जयंत राज विहार धाम भाटपचलाना में विराजित जैन समाज के संत प पू गच्छाधिपति नित्य सेन सुरिश्वर जी म सा आदि ठाणा से नगर के जैन श्री संघ द्वारा नगर में पधारने की विनती की पूज्य गुरुदेव ने विनती को ध्यान में करते हुए सकल जैन श्री संघ से कहा कि वर्तमान जोग महिदपुर रोड पुण्य स म्राट हृदय स्थल में बसा हुआ था यह मेरा अपना श्री संघ है जब भी समय काल भाव होगा महिदपुर रोड नगर में आने की मंगल भावना रखता हूं। इस अवसर पर गुरुदेव से विनती करनेवाले जैन श्री संघ अध्य क्ष अजय चौरडिया, रमेश चंद्र बोथ रा, अनिल कोचर, सचिन भंडारी, अरविंद बरडिया, रितेश भंडारी, परेश चतर, निलेश कोचर , राज को चर, हिमांशु कोचर, संकेश चौरडि या, नमन चौरडिया ने उपस्थित हो कर नगर में पधारने की विनती की, जानकारी जैन समाज के मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

### पश्चिम बंगाल की जीत पर झालमुड़ी का वितरण व आतिशबाजी कर जीत का मनाया

# बंगाल में भाजपा की ऐतिहासिक जीत, ममता कुशासन हारा



बड़नगर ने रैली निकालकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।



शुजालपुर में जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता।



मक्सी में मिठाई बाँटकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बड़नगर द्वारा पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय पर सोमवार को शिवाजी चौराहा पर झालमुड़ी का वितरण किया और आतिशबाजी कर मिठाई बांटी। कार्यकर्ता ने ढोल की थाप पर थिरकते हुए भाजपा की विजय के जयघोष लगाकर बंगाल विजय पर हर्ष व्यक्त किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री श्याम शर्मा, मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड़, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष ऊषा सोनी, नपा उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, मंडल महामंत्री अंकित त्रिवेदी, उपाध्यक्ष अमित जोशी, दिलीप जैन, मंत्री लता शर्मा, कलावती ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित पाटोदी, सिराज भाई, मांगीलाल हारोड, विनय बादशाह, आशुतोष शर्मा, जितेंद्र यादव, विशाल जैन, राजकुमारी निंबोला, मनोज यादव, आदित्य राणावत, हर्ष शक्तावत, रोहित चौहान, अमर खूंटवाल , महेश सेन व प्रमुख कार्यकर्तागण उपस्थित थे। संचालन मंडल महामंत्री अंकित त्रिवेदी ने किया

### शुजालपुर

देश के पांच राज्यों के चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित किए गए, पश्चिम बंगाल में भाजपा की एतिहासिक जीत और असम में मिली अच्छी सफलता पर भाजपा ने शहर में जीत का जश्न मनाया। नगर भाजपा मंडल के नेतृत्व में टेम्पों चौराहे पर सोमवार की शाम को कार्यकताओं ने उत्साह जताते हुए जमकर आतिशबाजी की और मिठाई वितरित की गई। साथ ही भाजपा जिन्दाबाद के नारे लगाए गए। इस अवसर पर नगर मंडल अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि बेनीप्रसाद परमार, सुनिल देथल, अभिनंदन जैन, सीमित जैन, अमित गोयन्का, राकेश परमार, अमृत गोस्वामी सहित बडी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### मक्सी

4 मई 2026 सोमवार को पश्चिम बंगाल पांडूचेरी असम में प्रचंड बहुमत से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है इस उपलक्ष्य में प्रचंड विजय की खुशी में मक्सीमंडल भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष गोलू जी पटेल महामंत्री मोड सिंह लोधी महामंत्री नानू जी पंड्या मीडिया प्रभारी राजेश गुप्ता हंसराज जैन मनोज पटेल विष्णु पाटीदार पार्षद मनोज पटेल दिलीप आरोल नरेंद्र भावसार राकेश चौहान ओम चौधरी पार्षद भगवान सिंह पार्षद अमित सोनी मनोहर लश्कन सुजन मंडलोई आशीष दुबे दिलिप लोधी पार्षद मोहसीन खान पार्षद आदि ने बड़े उत्साह के साथ विजय उत्सव मनाया गया आतिशबाजी की

### सुसनेर

पश्चिम बंगाल में भाजपा की बंपर जीत पर नगर के स्टेट बैंक चौराहे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने एकत्रित होकर जमकर नारेबाजी कर फटाके फोड़े एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बंगाल, असम ओर पांडिचेरी पर भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉक्टर सौरभ जैन ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की यह एक ऐतिहासिक जीत है। ममता कुशासन हार गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर धीरेंद्र पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर गजेंद्रसिंह चंद्रावत, नगर परिषद अध्यक्ष प्रदीप सोनी, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जैन, सांसद प्रतिनिधि मुकेश हरदेनिया, भाजपा मंडल महामंत्री लखन सेन कालुसिंह चौहान, पार्षद प्रतिनिधि पवन शर्मा, राहुल सिसोदिया, युगल किशोर परमार, गिरजाशंकर राठौर, विष्णु भावसार, लक्ष्मण सिंह कावल, कमल गर्ग, जनपद उपाध्यक्ष बाबूलाल यादव आदि उपस्थित रहे।

इसी प्रकार मोडी में भारतीय जनता पार्टी मंडल मोड़ी में पश्चिम बंगाल, असम एवं पुडुचेरी में भाजपा-एनडीए गठबंधन की जीत की खुशी में कार्यकताओं द्वारा विजय उत्सव मनाया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने मिठाई बांटकर एक-दूसरे को बधाई दी और खुशी जाहिर की।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बजरंग पाटीदार, मंडल महामंत्री राधेश्याम यादव, मंडल उपाध्यक्ष डॉ. बद्रीलाल मीणा, गिरीराज पाटीदार, पवन जैन, मंडल मंत्री नारायण सिंह कायरा, राजाराम प्रजापत, किशन पाटीदार, गिरिराज बंसिया, अशोक पाटीदार, गोकुल सिंह, मेहंदी, बल्लभ प्रसाद पाटीदार, अशोक गोटी, मुकेश गोटी, डॉ. रामगोपाल शर्मा, भेरूलाल अहिरवार, पवन पाटीदार, गोवर्धन पाटीदार, हेमराज बंसिया, जफर खान सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि यह जीत पार्टी की नीतियों, संगठन की मेहनत और नेतृत्व के प्रति जनता के विश्वास का परिणाम है।

### नेशनल हाइवे पर लूट का वीडियो वायरल, कोई शिकायत नहीं आई-पुलिस

# चलते ट्रक से फिल्मी अंदाज में लूट

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



आष्टा शुजालपुर नेशनल हाईवे एनएच 752 सी पर सोमवार दोपहर एक सनसनीखेज लूट की घटना सामने आई है। बाइक पर सवार बदमाशों ने फि ल्मी स्टाइल में चलती ट्रक को निशाना बनाते हुए कुछ ही मिनटों में वारदात को अंजाम दे दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी बाइक से ट्रक का पीछा कर उस पर चढ़ते दिखाई दे रहे है और लूट को अंजाम दिया।

जानकारी के अनुसार यह वारदात दोपहर करीब 12.30 बजे तिलावद और मैना के बीच हुई। दो बिना नंबर की बाइकों पर सवार चार नकाबपोश बदमाश तेज रफ्तार ट्रक के पीछे लगे। इसी दौरान एक बदमाश चलती बाइक से ट्रक के पिछले हिस्से पर चढ़ गया और रस्सी काटकर तिरपाल हटा दी। महज दो मिनट के भीतर आरोपियों ने ट्रक में रखे दो बड़े बॉक्स नीचे फेंक दिए और खुद भी कूदकर फ रार हो गए। इस वारदात को ट्रक के पीछे चल रही एक कार में सवार व्यक्ति ने अपने मोबाईल में कैद किया। जिन बदमाशों ने यह वारदात की उन्होने ट्रक के पीछे चल रहे वाहन व अन्य राहगिरों को हथियार लहराकर डराते हुए दूर रहने का इशारा किया। वीडियो बनाने वाले शुजालपुर निवासी छोटू सोलंकी के मुताबिक बदमाश हथियारों से लैस थे और लूट के बाद सामान लेकर भाग निकले। ट्रक चालक को जब तक घटना का अहसास हुआ और उसने वाहन रोका तब तक आरोपी मौके से फ रार हो चुके थे। इस संबंध में तिलावद पुलिस चौकी प्रभारी घनश्याम बैरागी से चर्चा की तो उन्होने इस तरह की कोई वारदात होने की जानकारी से इंकार किया और बताया कि तिलावद पुलिस चौकी अथवा मैना चौकी पर इस तरह की कोई सूचना एवं शिकायत नहीं मिली है। हालांकि सोशल मीडिया पर वीडियों आने की जानकारी जरूर है।

## क्षेत्र में धडल्ले से अवैध मुरम उत्खनन, सप्ताहांत में तेज होता खेल

**सारंगपुर।** क्षेत्र में इन दिनों अवैध मुरम उत्खनन का कारोबार बेखौफ तरीके से फल-फूल रहा है। स्थिति यह है कि प्रशासन की नाक के नीचे खुलेआम खनन गतिविधियां संचालित हो रही हैं, और खासकर शनिवार व रविवार को इनकी रफ्तार और तेज हो जाती है। इससे साफ संकेत मिलता है कि खनन से जुड; लोग जानबूझकर ऐसे दिन चुनते हैं जब निगरानी अपेक्षाकृत कमजोर रहती है। हैरानी की बात यह है कि सूत्र के अनुसार सारंगपुर क्षेत्र में किसी भी प्रकार की वैध खदान लीज स्वीकृत नहीं है, इसके बावजूद बडे पैमाने पर अवैध उत्खनन जारी है।

## फायर सेफ्टी वीक पर सिविल अस्पताल में जागरूकता कार्यक्रम

**स्टाफ ने ली सुरक्षा की शपथ**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर

फ ायर सेफ्टी वीक के तहत सोमवार को सिविल अस्पताल शुजालपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी शाजापुर के निदेशानुसार आयोजित हुआ, जिसमें अस्पताल स्टाफ को अग्नि सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने और नियमों का पालन करने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शारदा रामसरिया, डॉ. रामस्नेही मिश्रा, डॉ. रविंद्र गुप्ता, डॉ. सुनील कराड़ा सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने एवं आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल परिसर में उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों के उपयोग, आग लगने की स्थिति में बचाव कार्य और आपदा प्रबंधन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां दी गईं। स्टाफ को आपातकालीन हालात में सतर्कता एवं तत्परता से कार्य करने के लिए प्रेरित किया गया।

## धाकड समाज का सामूहिक सम्मेलन सम्मेलन सम्पन्न

**सारंगपुर।** सुल्तानिया में आदर्श धाकड समाज का तीसरा सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें 68 जोडो ने एक दूसरे का अग्नि को साक्षी मानकर हाथ थामा। आयोजन समिति ने दूल्हों के विराट मस्तक प एकुमकुम का तिलक लगाकर आमुनी सामूनि की रस्म की। सम्मेलन में समाज के सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री मोहन नागर, विधायक राज्यमंत्री गौतम टेटवाल, मोहन नागर, नंदलाल नागर, उमराव सिंह नागर सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# खाकी की मुस्तैदी से पकड़ाए गौवंश वध के तीन आरोपित, दो फरार

**खेतों और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग रहे आरोपितों को पुलिस ने दबोचा**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर



सारंगपुर थाना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय गौवंश वध करने वाले गिरोह के खिलाफ पुलिस ने कड़ा प्रहार किया है। पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन एवं एसडीओपी अरविंद सिंह के मार्गदर्शन में सारंगपुर पुलिस थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी और उनकी टीम ने शहर के अकोदिया नाका क्षेत्र के पास एक सुनसान खेत में दबिश देकर तीन आरोपितों को धर दबोचकर बड़े गिरोह का राजफास किया। पुलिस की इस तत्परता और जांबाजी की पूरे शहर में प्रशंसा हो रही है। शहर में कानून व्यवस्था को सुदृढ करने और गौवंश संरक्षण की दिशा में पुलिस की इस प्रभावी कार्रवाई को एक बडी सफलता माना जा रहा है।

गत रात्रि में हुई कार्रवाई के बाद प्रेसवार्ता करते हुए सारंगपुर एसडीओपी अरविंद सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक अमित तोलानीजी के स्पष्ट निर्देश हैं कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को पनपने नहीं दिया जाएगा। इसी क्रम में सूक्ष्म पर्यवेक्षण में एक विशेष टीम गठित की गई थी। पिछले 10 दिनों से सारंगपुर क्षेत्र में गौवंश वध की छिटपुट सूचनाएं मिल रही थीं, जिसे गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी सारंगपुर राहुल रघुवंशी, थाना लीमाचौहान और साइबर टीम को सक्रिय किया गया था और सफलता अर्जित की गई।

एसडीओपी सिंह ने बताया कि बीती रात पुलिस को सटीक मुखबिर सूचना मिली कि अकोदिया नाका के पास पटेल वाडी के पीछे सुनसान जंगल में कुछ असामाजिक तत्व गौवंश वध जैसी जघन्य घटना को अंजाम दे रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने बिना समय गवाए घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को करीब आता देख आरोपित अंधेरे का लाभ उठाकर भागने लगे। लेकिन जांबाज पुलिसकर्मियों ने करीब 1 किलोमीटर तक झाडियों और खेतों में आरोपितों का पीछा किया और एक आरोपित जाकिर पिता मोहम्मद हुसैन (उम्र 40 वर्ष) निवासी बाहरीवाडा मुकेरवाड़ी सारंगपुर को मौके पर ही पकड लिया। पूछताछ में आरोपित ने अपने साथियों के रूप में आमीन पिता यूनुस निवासी पटेवाड़ी सारंगपुर एवं जाकिर पिता अजीज खां निवासी कंजर मोहल्ला देवास के नाम बताए, जो मौके से फरार हो गए। इसके पश्चात गिरफ्तार आरोपित के मेमोरेंडम और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अन्य आरोपितों मेहबूब उर्फ लंगडा और जफर उर्फ भय्यु पिता मुंशी खां निवासी वार्ड क्रमांक 15 बड़ा कसाई वाड़ा सारंगपुर को भी प्रकरण में आरोपित बनाकर विधिवत गिरफ्तार कर लिया।

**बोले जिम्मेदार**

शहर के अकोदिया नाका क्षेत्र के पास एक सुनसान खेत में दबिश देकर तीन आरोपितों को धर दबोचकर बड़े गिरोह का राजफास किया। हमारे जांबाज पुलिसकर्मियों ने करीब 1 किलोमीटर तक झाडियों और खेतों में आरोपितों का पीछा किया और एक आरोपित जाकिर को मौके पर ही पकड लिया। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ के आधार पर दो अन्य आरोपितों मेहबूब उर्फ लंगडा और जफर उर्फ भय्यु बड़ा कसाई वाड़ा सारंगपुर सहित तीन को न्यायालय में पेश किया गया है एवं फरार आरोपितों आमीन एवं जाकिर की तलाश जारी है। शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए हमारे द्वारा शहर में सारंगपुर सहित अन्य थाने के बल को तैनात किया गया है।

**अरविंद सिंह, एसडीओपी, सारंगपुर।**

**जनगणना कार्य में आई तेजी**



## शहर में मकान सूचीकरण डेटा को एप पर अपलोड कार्य जारी

**सारंगपुर।** नगर पालिका परिषद सारंगपुर में जनगणना के प्रारंभिक चरणों को लेकर सक्रियता बढ़ गई है। नगर में मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण होने के बाद अब डेटा प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्य नगरपालिका अधिकारी दीपक रानवे ने सभी संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि सूचीकरण के उपरांत प्राप्त डेटा को निर्धारित मोबाइल ऐप पर तत्काल अपलोड किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि फील्ड से एकत्रित की गई जानकारी को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर सावधानीपूर्वक दर्ज किया जाए ताकि आगे की प्रक्रिया में कोई त्रुटि न रहे। इस अवसर पर नगरपालिका सारंगपुर जनगणना प्रभारी श्याम चौरसिया, पर्यवेक्षक रमेश तमोली, प्रगणक राय सिंह बरेठा, तकनीकी सहायक आशीष पांडेय रहे।

## पश्चिम बंगाल में भाजपा की जीत पर अभिभाषक संघ में मनाया जश्न



**सारंगपुर।** पश्चिम बंगाल में भाजपा की विशाल जीत पर अभिभाषक संघ सारंगपुर में भी जश्न मनाया गया। अभिभाषक संघ सारंगपुर के अध्यक्ष पीएस मंडलोई ने सभी वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ता गणों को मिठाई खिलाकर कर बधाई प्रेषित की और 15 वर्ष बाद जनता ने जो जनादेश दिया उसके लिए बंगाल की जनता को धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अभिभाषकगण उपस्थित थे।


## झुटावद बरूखेडी व ग्रामीण अंचलों में भी जन गणना का कार्य जारी



**महिदपुर रोड।** जनगणना का कार्य ग्रामीण अंचलों में भी रोजाना सुबह शाम प्रगणक घर घर जाकर कर रहे हैं ग्राम झुटावद में सुपरवाइजर - जगदीश परमार के मार्ग दर्शन में पांच प्रगणक घर-घर जाकर परिजनों से जानका री एकत्रित कर रहे हैं। यहां प्रगणक के रूप में राहुल पोरवाल, लक्ष्मीनारायण शर्मा, गणपत लाल शर्मा, राजेश शर्मा तथा शिक्षिका आशी ष गिरवाल जनगणना अभियान के तहत जानकारी एकत्री करण का कार्य कर रहे हैं? ग्राम बरुखेड़ी में शिक्षिका हेमल ता उपाध्याय संगीता राठौर जनगणना का कार्य घर के मुखिया से संपर्क कर जानकारी एकत्रित कर पूरा कर रही हैं

# चेहरे पर ब्लीच लगाने से पहले फॉलो करें ये टिप्स

## अगर ब्लीचिंग क्रीम लगाने की आदि हैं तो आपको इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ख्याल रखना होगा.





आपको पार्टी में जाना है और चेहरे पर दाग ही दाग नजर आ रहे हैं, तो चेहरे को बेदाग और गोरा करने के लिये ब्लीचिंग एक सस्ता और जल्दी उपाय है. मगर आपको समझना होगा कि ब्लीचिंग क्रीम में काफी सारे कैमिकल्स होते हैं, जो चेहरे को नुकसान पहुंचाते हैं.

अगर ब्लीचिंग क्रीम लगाने की आदि हैं तो आपको इसे लगाने से पहले कुछ बातों का ख्याल रखना होगा. साथ ही इसे लगाने के बाद त्वचा की किस तरह से देखभाल करनी चाहिये, ये भी पता होना जरुरी है. आइये जानते हैं कुछ ऐसी ही बातें-

1. बार बार चेहरे पर ब्लीच करने से बचना चाहिये. महीने में एक बार ब्लीच करना सही होता है.

2. ब्लीचिंग क्रीम को ठंडी और सूखी जगह पर रखना चाहिये.

3. ब्लीच लगाने से पहले, उस जगह को हल्के साबुन और पानी से धो कर पोछ लें

4. ब्लीच लगाने के बाद हल्की खुजली होती है लेकिन यह कभी दर्द भरा काम नहीं होता.

5. त्वचा पर तेज और जलन हो, तो इसका मतलब है कि यह आपके चहरे पर अच्छी तरह से काम कर रही है.

6. कभी भी गरम पानी से नहाने के बाद ब्लीच ना करें क्योंकि उस दौरान त्वचा संवेदनशील रहती है.

ब्लीचिंग के बाद त्वचा को सांस लेने के लिये 6-8 घंटो के लिये वैसे ही छोड़ दें और उस पर कुछ ना लगाएं.

रात में ब्लीचिंग करें तो ज्यादा अच्छा है. ब्लीचिंग के बाद सूरज की किरणों से 24 घंटों के लिये दूर रहें.

हमेशा जरुरत अनुसार ब्लीचिंग क्रीम ही मिलाएं और उसमें कुछ भी ज्यादा या कम ना मिलाएं. ब्लीच करने से तुरंत पहले ही ब्लीचिंग क्रीम बनाएं.

पैकेट पर दिये गए समय से ज्यादा ब्लीचिंग क्रीम को चेहरे पर ना रखें. 15 मिनट काफी रहते हैं.

ब्लीच को आंखों के पास, आईब्रो पर, नाक के अंदर ना लगाएं. कटी, छिली या जली जगह पर इसे ना लगाएं. शेविंग या आईब्रो बनवाने के बाद कुछ दिनों तक ब्लीचिंग ना करें.



## स्किन केयर रूटीन में शामिल करें गुलाब जल और पाएं खूबसूरत त्वचा

# जिन लोगों की त्वचा अति संवेदनशील है, उनके लिए गुलाब जल बेहतर है

मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल करना बहुत ही फायदेमंद होता है. यह त्वचा को साफ करने के साथ ही अपने एंटी-बैक्टीरियल गुण से संक्रमण भी दूर करता है. ये त्वचा पर मौजूद धूल और दूसरी अशुद्धियों को साफ करने का काम करता है. इसके अलावा, अगर आप नियमित रूप से गुलाब जल का इस्तेमाल करते हैं तो इससे त्वचा में कसावट आती है.

यह त्वचा के प्राकृतिक पीएच स्तर को बनाए रखने में मददगार होता है और मुंहासों के बनने के लिए उत्तरदायी बैक्टीरिया को पनपने से रोकता है. हालांकि यह बेहद धीमी गति से अपना असर दिखाता है, इसलिए अगर आप मुंहासों की समस्या के लिए गुलाब जल का इस्तेमाल कर रहें हैं तो आपको पर्याप्त धैर्य रखने की जरूरत होगी. जिन लोगों की त्वचा अति संवेदनशील है, उनके लिए गुलाब जल के इस्तेमाल से बेहतर कुछ भी नहीं.

गुलाब जल को आप रुई में भिगोकर भी चेहरे पर लगा सकते हैं लेकिन आप चाहें तो गुलाब जल को इन तरीकों से भी इस्तेमाल में ला सकते हैं



### चंदन पाउडर के साथ गुलाब जल मिलाकर लगाना भी है फायदेमंद

चंदन पाउडर के साथ गुलाब जल मिलाकर लगाने से एक ओर जहां चेहरे पर निखार आता है वहीं मुंहासों की समस्या भी दूर हो जाती है. चंदन पाउडर में एंटी-बैक्टीरियल गुण होता है जिससे बैक्टीरिया पनपने नहीं पाते हैं.

रूप निखारने के लिए मुलतानी मिट्टी का इस्तेमाल सदियों से किया जाता रहा है. इसे गुलाब जल के साथ मिलाकर लगाने से एक ओर जहां त्वचा में निखार आता है वहीं त्वचा से जुड़ी कई समस्याएं भी दूर हो जाती हैं.

अदरक में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाया जाता है. यह मुंहासों की समस्या के लिए बेहद कारगर उपाय है. मुंहासों की समस्या को दूर करने के लिए और भविष्य में उन्हें पनपने से रोकने के लिए इस मिश्रण का इस्तेमाल करना बेहद फायदेमंद होता है.

### नींबू के साथ गुलाब जल मिलाकर

नींबू में अम्लीय गुण होता है जबकि गुलाब जल में ठंडक देने का. जब इन दोनों को साथ में मिलाया जाता है तो यह एक बेहतरीन उत्पाद बन जाता है. मुंहासों को बढ़ने से रोकने और उनकी रोकथाम के लिए यह एक बेहतरीन उत्पाद है. नींबू के रस की जितनी भी मात्रा आप लें, गुलाब जल की मात्रा उसकी दोगुनी होनी चाहिए. इस मिश्रण को चेहरे पर पंद्रह मिनट तक लगाकर छोड़ दें और फिर साफ पानी से चेहरा साफ कर लें.

### संतरे के छिलके के पाउडर को गुलाब जल में मिलाकर लगाएं

संतरे के छिलके को धूप में सुखाकर उसे पीस लें. यह पाउडर त्वचा में निखार लाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है. इसमें पर्याप्त मात्रा में विटामिन सी पाया जाता है जो मुंहासों की समस्या को दूर करने में मददगार होता है. इस पाउडर में थोड़ी सी मात्रा में गुलाब जल मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लें. इस पेस्ट को प्रभावित जगह पर लगाकर कुछ देर के लिए छोड़ दें. उसके बाद गुनगुने पानी से चेहरा साफ कर लें.

# Sport

### लखनऊ सुपरजायंट्स के 228 रनों के लक्ष्य को हासिल किया

# मुंबई ने किया अपना सबसे बड़ा रन चेज



एजेंसी ▸▸ मुंबई

मुंबई इंडियंस ने सोमवार को आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया। टीम ने लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट की जीत दर्ज की। मुंबई ने सत्र में लगातार तीन हार के बाद जीत का स्वाद चखा है।

वानखेड़े स्टेडियम में टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे लखनऊ ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 228 रन बनाए। मुंबई ने 229 रन का लक्ष्य 18.4 ओवर में चार विकेट खोकर पा लिया। मुंबई 10 मैच में तीसरी बार जीती जबकि लखनऊ की नौ मैच में सातवीं हार है। रोहित शर्मा और रियान रिकल्टन की जोड़ी ने 65 गेंदों पर 143 रन की तूफानी साझेदारी कर जीत की नींव रख दी। रोहित और रियान ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 84 और 83 रन बनाए। इससे पहले निकोलस पूरन के तूफानी अर्धशतक से लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में सोमवार को यहां मुंबई इंडियंस के खिलाफ पांच विकेट पर 228 रन बनाए। पूरन ने 21 गेंद में 63 रन जड़े। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत (15) फिर नाकाम रहे।

### मौजूदा कप्तान हार्दिक बाहर

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या सोमवार को पीठ में जकड़न के कारण लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच में नहीं उतरे। उनकी जगह सूर्यकुमार यादव मुंबई के कप्तान के तौर पर उतरे।

### पूर्व कप्तान रोहित अंदर

मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी रोहित शर्मा ने 12 अप्रैल के बाद पहली बार टीम में वापसी की। उनकी मांसपेशियों में खिंचाव आ गया था इस कारण वह टीम में नहीं खेल रहे थे।

## दिल्ली कैपिटल्स को जीत की तलाश

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन हार झेलने के बाद जीत की तलाश में है। यहां मंगलवार को आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ होने वाले मैच में खेल के तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। दिल्ली और चेन्नई दोनों टीम के नौ मैचों में आठ-आठ अंक हैं। उनके पांच मैच बचे हुए हैं। दिल्ली ने शुक्रवार को जयपुर में महत्वपूर्ण जीत हासिल की।

# रियाल मैड्रिड की विजय से बार्सिलोना का इंतजार बढ़ा

एजेंसी ▸▸ मैड्रिड

रियाल मैड्रिड ने रविवार देर रात एस्पेनयोल को 2-0 से हराकर बार्सिलोना का लगातार दूसरी बार स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा का खिताब जीतने का इंतजार बढ़ा दिया। विनीसियस जूनियर (55वें और 66वें मिनट) ने दूसरे हाफ में दो गोल दागकर रियाल को जीत दिलाई।

बार्सिलोना ने शनिवार को ओसासुना को 2-1 से हराकर रियाल मैड्रिड पर 14 अंकों की बढ़त बना ली थी। रियाल मैड्रिड अगर एस्पेनयोल से नहीं जीत पाता तो बार्सिलोना 29वां लीग खिताब अपने नाम कर देता।

बार्सिलोना और रियाल मैड्रिड के बीच अब 11 अंक का अंतर रह गया है। अब जबकि इस प्रतियोगिता में चार दौर के मैच खेले जाने बाकी हैं तब बार्सिलोना 34 मैच में 88 अंक के साथ शीर्ष पर बना हुआ है जबकि रियाल मैड्रिड के इतने ही मैच में 77 अंक हैं। इन दोनों टीमों के बीच अब इस सप्ताह के आखिर में मैच खेला जाएगा जिसमें जीत दर्ज करने पर बार्सिलोना चैंपियन बन जाएगा। मैड्रिड के कोच अल्वारो अबेलीआ ने कहा, हमारा मुकाबला एक मजबूत प्रतिद्वंदी से है और वे अच्छा खेल रहे हैं।

**इंटर मिलान क्लब ने इटालियन लीग जीती-** मिलान। इंटर मिलान ने परमा को 2-0 से हरा तीन दौर के मैच शेष रहते ही इटालियन लीग फुटबॉल टूर्नामेंट सीरी ए का खिताब अपने नाम कर लिया। मिलान को ट्रॉफी के लिए केवल एक ड्रॉ की जरूरत थी। यह इंटर मिलान का 21वां सीरी ए खिताब है।

## भारत के लिए करो या मरो वाला मैच

एजेंसी ▸▸ सुझोऊ (चीन)

एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप 2026 में भारतीय टीम मंगलवार को ग्रुप बी मुकाबले में जापान की मजबूत चुनौती का सामना करेगी। ऑस्ट्रेलिया से 0-2 की हार के बाद भारत के लिए यह मैच ह्यकरो या मरोह्न जैसा बन गया है। जापान इस टूर्नामेंट की सबसे सफल टीमों में गिनी जाती है, जिसने नौ में से सात बार फाइनल खेला और चार खिताब जीते हैं। 2014 का फीफा अंडर-17 विश्व कप खिताब भी उसकी ताकत का प्रमाण है। भारतीय कोच पामेला कोंटी ने कहा कि टीम सकारात्मक सोच के साथ उतरेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि केवल रक्षात्मक खेल से काम नहीं चलेगा, बल्कि जापान पर दबाव बनाना जरूरी होगा। तीन महीने की कड़ी तैयारी और विदेशी दौरों से मिले अनुभव के दम पर भारत बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहा है। टीम प्रबंधन को भरोसा है कि खिलाड़ी बड़े मंच के दबाव को संभालते हुए अपनी रणनीति पर अमल करेंगी।

**Vividh FIN Solutions**
अनुभवी अकाउण्टेंट की आवश्यकता है
जिसे TDS, PF, GST, Balance Sheet Finalization का अनुभव हो, फुल टाइम, वेतन योग्यतानुसार।
Vivek Sharma
Mob.: 9406650396, 9826669932
Viveksharma142000@yahoo.co.in
248, 2nd Floor, Giriraj Heritage, Madhav Club Road, Ujjain

**मकान बेचना है**
गणेशपुरा मक्सी रोड मेन चौराहा, गली नंबर 1 में 20x40 में निर्मित सर्वसुविधा युक्त मकान बेचना है।
संपर्क 8717818385

**विज्ञप्ति**
क्षीरसागर कॉलोनी स्थित भूखण्ड क्रमांक 3 नजर अली मार्ग, पथ क्रमांक 3, उत्तरमुखी खुला भूखण्ड 46 फीट बॉय 66 फीट विक्रय किया जाना है। वास्तविक इच्छुक व्यक्ति ही स्वयं सम्पर्क करें, मध्यस्थता स्वीकार्य नहीं है।
चन्द्रकान्त शुक्ला
मो. 9406801039

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें 9575555715, 9425094114

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पताः श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन) पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें 9300405252

**आवश्यकता है**
कर्मचारियों की आवश्यकता रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु रोटी वाली बाई एवं दो वेटर की आवश्यकता है
संपर्क मोबा. 9827 820 470

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**अवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक और युवती की।
कोट पेन्ट बनाने वाले कारीगर की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
प्रोमिस टेलर मेट्रो टॉकीज के सामने (उज्जैन)
संपर्क करें 7974817308, 9516848052

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बस स्टैंड से युवक का अपहरण, सवारी बैठाने के विवाद के बाद कार में ले गए



**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में सवारी बैठाने को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने युवक का अपहरण कर लिया। बाद में युवक के शोर मचाने पर उससे मारपीट कर 5 किलोमीटर दूर छोड़कर भाग गए। मामला 4 मई का है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामले का सीसीटीवी भी सामने आया है। आकाश पुत्र राजेन्द्र सिलावट निवासी लूनियापुरा ने पुलिस को बताया कि वह एक एजेंट है। बसों में सवारी बैठाने का काम करता है। 4 मई की दोपहर वह सरवटे बस स्टैंड क्षेत्र में सवारी बैठा रहा था। इसी दौरान आरोपी विनय पुत्र कल्लू सोनकर निवासी भोलाराम उस्ताद मार्ग और उसके दो साथियों से सवारी को लेकर विवाद हो गया। ये भी एजेंट हैं। आरोपी कुछ देर बाद कार से पहुंचे और चाकू दिखाकर आकाश को जबरन कार में बैठाया और अपहरण कर अपने साथ लेकर चले गए। पीड़ित के मुताबिक वह लगातार चिल्लाता रहा। इसके बाद आरोपी उसे भंवरकुआं के पास उतारकर भाग गए। आकाश के अपहरण के दौरान उसके साथ छोटा भाई भी खड़ा था। वह भागते हुए छोटी ग्वालटोली थाने पहुंचा। उसने जब पुलिस को घटना बताई तो पुलिस बस स्टैंड पर पहुंची। यहां लोगों से पूछताछ की तो उन्होंने आकाश के कार में ले जाने की बात बताई। बाद में परिजनों को आकाश का कॉल आया और उसने बताया कि आरोपी उसे भंवरकुआं में छोड़कर भाग गए हैं।

### नेशनल लोक अदालत 9 मई को, संपत्ति और जलकर के सरचार्ज में 100% की मिलेगी छूट

**इंदौर।** इंदौर के सभी जोनल ऑफिस, रजिस्ट्रार ऑफिस और निगम मुख्यालय में 9 मई को नेशनल लोक अदालत आयोजित की जाएगी। जिसमें संपत्ति और जलकर के सरचार्ज में 100 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि लोक अदालत का आयोजन निगम के सभी जोनल ऑफिस, निगम मुख्यालय में शनिवार को किया जाएगा।

**संपत्तिकर के सरचार्ज में मिलेगी छूट-** टैक्स और सरचार्ज की राशि 50 हजार तक बकाया होने पर सरचार्ज में 100% की छूट दी जाएगी। टैक्स और सरचार्ज की राशि 50 हजार से ज्यादा और 1 लाख रुपए तक बकाया होने पर सरचार्ज में 50% की छूट दी जाएगी। टैक्स और सरचार्ज की राशि 1 लाख से ज्यादा बकाया होने पर सरचार्ज में 25% की छूट दी जाएगी। निगम मुख्यालय सहित सभी झोनल ऑफिसों पर आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत। निगम मुख्यालय सहित सभी झोनल ऑफिसों पर आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत।

**जलकर में भी मिलेगी छूट-** टैक्स और सरचार्ज की राशि 10 हजार तक बकाया होने पर 100% की छूट दी जाएगी। टैक्स और सरचार्ज की राशि 10 हजार से ज्यादा और 50 हजार तक बकाया होने पर मात्र सरचार्ज में 75% की छूट दी जाएगी। टैक्स और सरचार्ज की राशि 50 हजार से ज्यादा बकाया होने पर मात्र सरचार्ज में 50% की छूट दी जाएगी। महापौर और निगम कमिश्नर ने संपत्तिकरदाताओं और जलकरदाताओं से अपील की है कि इस नेशनल लोक अदालत में आकर संपत्तिकर और जलकर जमा कराएं और सरचार्ज में छूट का लाभ लेकर शहर के विकास में सहयोग दें।

### बुजुर्ग व्यापारी को बातों में उलझाकर ठगी सोने की चेन और अंगूठी ले गया शातिर

**इंदौर।** महू में मंगलवार सुबह भायाजी रोड स्थित चौपाटी के पास एक बुजुर्ग सिगरेट विक्रेता से ठगी की वारदात हुई। एक शातिर बदमाश ने सम्मोहन जैसी चाल चलकर उनसे करीब एक तोले की सोने की चेन ले ली और फरार हो गया। यह घटना सुबह करीब 11:30 बजे हुई। पीड़ित बसंत लाल सूर्या अपनी सिगरेट की दुकान लगाते हैं। बदमाश उनके पास आया और पहले पान मसाला मांगा। इसके बाद उसने बसंत लाल से कहा कि उसे 3 हजार रुपए गौशाला में दान करने हैं और इन पैसों पर सोने की कोई चीज रख दें। बुजुर्ग बसंत लाल बदमाश के झांसे में आ गए और उन्होंने पहले अपनी हाथ की अंगूठी पैसों पर रखी। बदमाश ने उनसे और भारी चीज रखने को कहा। इस पर बसंत लाल ने अपने गले से सोने की चेन निकालकर पैसों पर रख दी। इसी बीच, बदमाश 3 हजार रुपए वहीं छोड़कर सोने की चेन लेकर चुपचाप फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। महू कोतवाली थाना प्रभारी राहुल शर्मा ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

### एयरपोर्ट रोड पर अंडरग्राउंड का काम तेज खजराना पर अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं



**इंदौर।** मेट्रो के अंडरग्राउंड ट्रैक का काम एयरपोर्ट की ओर से तेजी से आगे बढ़ रहा है। मध्य शहर स्थित रेलवे स्टेशन-रीगल के समीप बन रहे अंडरग्राउंड स्टेशन का मामला रुका हुआ है। पेड़ काटने की अनुमति का मामला अभी विचाराधीन है। कॉन्ट्रैक्टर कंपनी ने बैरिकेडिंग करके काम शुरू करने की तैयारियां कर ली हैं। टेस्टिंग जैसे काम ही किए जा सके हैं। बता दें, इस स्टेशन की चपेट में शहर का सबसे खूबसूरत परिंदों का घरौंदा नष्ट हो रहा है। इसकी जद में 235 से ज्यादा पेड़ काटे जाने का प्रस्ताव है, जिसका जनता विरोध कर रही है। 31 किमी के मेट्रो रिंग रूट में खजराना तक करीब 22 किमी के एलिवेटेड रूट का काम जारी है। उधर, कॉर्पोरेशन ने एयरपोर्ट की ओर से अंडरग्राउंड ट्रैक का काम शुरू कर दिया है। इस ओर से बड़ा गणपति तक काम तेजी से चल रहा है। इधर, खजराना चौराहा के आगे की स्थिति अभी क्लीयर नहीं है, वहां सर्वे के टेंडर की तैयारी चल रही है। रीगल तिराहे पर रेलवे स्टेशन के साथ इंटीग्रेट करके स्टेशन बनेगा। इसके लिए पुराने पुलिस कमिश्नर कार्यालय और ऐतिहासिक रानी सराय की जगह का चयन किया गया था। शुरू से ही इसका विरोध हो रहा है। इसलिए साइट क्लीयर होने के बाद भी काम में तेजी नहीं आ रही है। कॉन्ट्रैक्टर ने वहां बैरिकेडिंग करके खुदाई का काम शुरू ही किया था, नागरिकों ने पेड़ काटने को लेकर विरोध शुरू कर दिया। इस स्टेशन की जद में रीगल तिराहे व इससे लगे करीब 235 छोटे-बड़े पेड़ कट रहे हैं। यह पेड़ वर्षों से पक्षियों का घरौंदा है। हाई कोर्ट ने पेड़ों की कटाई और विस्थापन पर स्टे दिया है। इस पर जल्द सुनवाई होगी। पुरातत्वविदों के विरोध पर रानी सराय बचाया इस स्टेशन की प्लानिंग को लेकर शुरू से ही विवाद रहा। पहले इसके लिए ऐतिहासिक रानी सराय तोड़ने का निर्णय लिया गया। पुरातत्वविद के विरोध व जगह बताने पर सराय को बचाते हुए नई प्लानिंग की गई। अब इसमें इसके आसपास के हरे-भरे पेड़ काटे जाएंगे। इसी बीच यहां पर खुदाई में एक पुराना बावड़ीनुमा स्ट्रक्चर भी मिला है। इस स्टेशन को रेलवे स्टेशन के साथ एकीकृत करके बना रहे हैं। एक सिरा रीगल टॉकिज के पास रहेगा। दूसरा रेलवे स्टेशन के समीप बनाएंगे। इसके साथ ही प्लेटफॉर्म से भूमिगत कनेक्टिविटी भी दी जाएगी।

### सोशल मीडिया पर 22 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं; जैन समाज में एकता की पुकार

# नवकारसी आयोजन का विवाद राष्ट्रीय स्तर पर पहुंचा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर नवकारसी आयोजन में हुई एक घटना से शुरू हुआ विवाद अब स्थानीय दायरे से निकलकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया है। श्वेतांबर जैन समाज के भीतर उठा यह मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इसे लेकर 22 हजार से अधिक प्रतिक्रियाएं सामने आ चुकी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने संवाद और समन्वय के जरिए शीघ्र समाधान की मांग की है।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म से देशभर में पहुंचा मुद्दा-** यह विवाद अब केवल इंदौर या मध्यप्रदेश तक सीमित नहीं रहा। श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस से जुड़े सदस्यों ने इसे सोशल मीडिया, मैसेजिंग समूहों और धार्मिक मंचों के माध्यम से देशभर में प्रसारित किया है। इसके चलते यह विषय राष्ट्रीय जैन समाज के व्यापक विमर्श का हिस्सा बन गया है।





**प्रतिष्ठा का नहीं, समाधान का विषय-** पिछले कुछ दिनों में लगातार आ रही प्रतिक्रियाओं में समाजजनों ने स्पष्ट कहा है कि धार्मिक आयोजनों से जुड़े विवादों को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाने के बजाय संवाद के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। अधिकांश लोगों ने सामाजिक समरसता बनाए रखने पर जोर दिया है।

**80 से अधिक परंपराओं तक पहुंचा मामला-** विवाद की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा रहा है कि यह मुद्दा अब 80 से अधिक आचार्य-गच्छाधिपति परंपराओं और विभिन्न संप्रदायों तक पहुंच चुका है। समाज के भीतर यह सवाल उठ रहा है कि समन्वय और अहिंसा की परंपरा वाले समाज में यह विवाद इतना लंबा क्यों खिंच रहा है। साथ ही नेतृत्व, संवाद क्षमता और संगठनात्मक समन्वय पर भी सवाल उठने लगे हैं।

#### यह है पूरा मामला

महावीर जन्म कल्याणक के दिन नवकारसी आयोजन के दौरान एक ट्रैक्टर खड़ा होने से विवाद की स्थिति बनी। बताया गया कि यह घटना वाहन चालक की गलती से हुई थी। इवेंट कंपनी के संचालक ने लिखित रूप से अपनी गलती स्वीकार करते हुए श्री नाकोड़ा जैन कॉन्फ्रेंस से माफी भी मांगी थी। इसके बावजूद करीब 29 दिन बाद आरोपों का उल्लेख करते हुए पत्र जारी किया गया, जिसे कॉन्फ्रेंस की ओर से दुर्भावनापूर्ण और पूर्वनियोजित बताया गया है। इस पर कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अक्षय जैन ने श्वेतांबर जैन महासंघ को 50 लाख रुपए का मानहानि नोटिस भेजा है।

#### समाज की गरिमा हो रही प्रभावित

अक्षय जैन का कहना है कि इस विवाद से समाज की गरिमा आहत हो रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि महासंघ ने समन्वय के बजाय हठधर्मिता अपनाई और बातचीत के रास्ते बंद कर दिए, जिसके चलते उन्हें कानूनी रास्ता अपनाना पड़ा।

### सीएम हेल्पलाइन पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं, एक कर्मचारी पर 2 हजार का फाइन

## 5 केसों में अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को समय-सीमा (टीएल) प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के लंबित प्रकरणों, शिकायतों और आवेदनों की प्रगति का विस्तृत आकलन किया गया। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायतों की विशेष समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन के 5 प्रकरणों की रेंडम समीक्षा की। लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इनमें सीएमएचओ, सहायक आयुक्त, जनजातीय विकास और पटेल कॉलेज के प्राचार्य को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। वहीं एक अन्य मामले में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के कर्मचारी पर 2 हजार रुपए का अर्थदंड लगाने के निर्देश भी दिए गए।



**पेंशन प्रकरण समय पर निपटाने के निर्देश-** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण समय से पहले तैयार हों, ताकि रिटायरमेंट के तुरंत बाद पेंशन शुरू हो सके। लंबित भुगतानों में भी किसी प्रकार की लापरवाही न हो। उन्होंने कहा कि जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस अभियान को प्राथमिकता से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए।

#### गेहूं खरीदी और किसानों की सुविधा पर फोकस

कलेक्टर ने समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को अधिकतम सुविधा देने के लिए स्लॉट बुकिंग प्रक्रिया को सरल बनाया जा रहा है। साथ ही खरीदी और भुगतान समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

#### लू से बचाव और जनसुविधाओं के निर्देश

वर्तमान गर्मी को देखते हुए आम नागरिकों से लू से बचाव के उपाय अपनाने की अपील की गई। कलेक्टर ने सभी शासकीय कार्यालयों में आगंतुकों के लिए बैठने और पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

#### पीएनजी कनेक्शन में तेजी लाने के निर्देश

बैठक में घर-घर पीएनजी कनेक्शन देने के कार्य में तेजी लाने पर जोर दिया गया। इसके लिए आईटीआई के प्रशिक्षित युवाओं की मदद लेने के निर्देश भी दिए गए।

### इंदौर फायर सर्विस हाईटेक

## अब रोबोट लड़ेगा आग से



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

फायर सर्विस को और ज्यादा सक्षम और आधुनिक बनाने के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। शहर में गंभीर अग्नि दुर्घटनाओं से निपटने के लिए अब फायर फाइटिंग रोबोट का इस्तेमाल शुरू कर दिया गया है। इसके साथ ही फायर स्टेशनों पर स्टाफ की कमी दूर करने के लिए नए हेल्पर और चालकों की भर्ती कर उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

नगर निगम ने उन्नत तकनीक से लैस फायर फाइटिंग रोबोट खरीदा है, जिसका उपयोग वर्तमान में किया जा रहा है। यह रोबोट उन जगहों पर भी काम कर सकेगा, जहां आग बुझाना बेहद जोखिम भरा होता है। इससे फायर फाइटर्स की सुरक्षा बढ़ेगी और रेस्क्यू ऑपरेशन ज्यादा तेज और प्रभावी हो सकेगा। अपर आयुक्त एवं प्रमुख अधीक्षक फायर आशीष कुमार पाठक के मुताबिक, फायर स्टेशनों पर बल की कमी को देखते हुए 33 फायर हेल्पर और चालकों की नियुक्ति आउटसोर्स माध्यम से की गई है। इससे शहर की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में मदद मिलेगी।

### भोजशाला केस

## सर्वे अधिकारियों के क्रॉस एग्जामिनेशन की मांग खारिज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भोजशाला प्रकरण में सोमवार को सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट सर्वे अधिकारियों के क्रॉस एग्जामिनेशन की मांग को खारिज कर दिया। यह निर्णय हिंदू पक्ष के सीनियर एडवोकेट विष्णुशंकर जैन की आपत्ति के बाद लिया गया।

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की याचिका में प्रतिवादी 8 (मौलाना कमालमौला वेलफेयर सोसायटी) की ओर से सर्वे अधिकारियों के क्रॉस एग्जामिनेशन की अनुमति मांगी गई थी। इस पर हिंदू पक्ष के एडवोकेट जैन ने आपत्ति जताते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 1 अप्रैल 2026 के आदेश और पूर्व में 21 अप्रैल 2026 के आदेश में ऐसी अनुमति नहीं दी गई है। तर्कों से सहमत होते हुए कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष का आवेदन निरस्त कर दिया।

**वीडियोग्राफी एक्सेस को लेकर उठे सवाल-** सुनवाई के दौरान प्रतिवादी पक्ष के एडवोकेट तौसीफ वारसी ने कहा कि कोर्ट के आदेश के बावजूद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा सर्वे की वीडियोग्राफी उपलब्ध नहीं कराई गई है। इस पर अरकने कोर्ट को बताया कि पूरी वीडियोग्राफी गूगल ड्राइव के माध्यम से उपलब्ध करा दी गई है।

स्कूल किराये पर देना है
नर्सरी से आठवी मान्यता प्राप्त (एमपी बोर्ड)
स्कूल किराये पर देना है।
लोकेशन- घोंसला के पास, महिदपुर रोड पर
टोटल एरिया 28500 स्क्वेयर फीट
प्लेज ग्राउंड एवं संपूर्ण फर्नीचर के साथ
6000 स्क्वेयर फीट पर बिल्डिंग बना हुआ।
मो. 8770738811

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियाँ व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

उज्जैन में पहली बार मालवा का
नया स्वाद नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

पारिवारिक यात्रा स्पेशल स्लीपर बस द्वारा
केदारनाथ/अमरनाथ यात्रा 2026
गंगोत्री, यमनोत्री, केदारनाथ, बद्रीनाथ, हरिद्वार ऋषिकेश, मथुरा, गोकुल, वृन्दावन एवं अन्य तीर्थ स्थलों के दर्शन
स्लीपर बस किराया, चाय, नाश्ता, भोजन तथा ठहरने की उत्तम व्यवस्था के साथ
यात्रा अवधि- 15 से 17 दिन रहेगी।
अमरनाथ यात्रा की बुकिंग चालू है
- संपर्क -
गिरीश श्रीवास्तव मो. 8817438104
विपीन श्रीवास्तव मो. 9826063354
अन्नपूर्णा बस सर्विस
कोयला फाटक चौराहा, उज्जैन (म.प्र.)

झारडा
मकान बेचना है
Size 12.5x30
मैन रोड नाग मंदिर चौक, शांतिलाल दसेड़ा के पास, झारडा
नागदा
मकान बेचना है
Size 20x40
श्रीराम कॉलोनी सरस्वती स्कूल के पास, नागदा
संपर्क : गोपाल सोनी- मो. 9806179344

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com